तापमान

अधिकतम 34.8 डिग्री

न्यूनतम 24.5 डिग्री

हरिभूमि

रायपुर भूमि

रायपुर, बुधवार 7 अक्टूबर 2026

13 लाखेनगर से रायपुरा ब्रिज तक जर्जर खंबे बदलने...



14 दुर्गा पूजा नजदीक, कोलकाता फ्लाइट की...



औद्योगिक सुरक्षा एवं फायरमैन अग्निशमन प्रशिक्षण के द्वारा नौकरी सुनिश्चित करें : फायर सेफ्टी

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंधन पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं



विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यार्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जावेगा। प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए-**

पता: फायर सेफ्टी एवं डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)

संपर्क करें: मो. 7697212782

Advt.

खबर संक्षेप

दुर्गा प्रतिमा स्थापना स्थल पर विवाद

रायपुर। भाठागांव के श्रीराम दरबार के पास दुर्गा प्रतिमा स्थापना स्थल के विवाद पर मंगलवार की रात हंगामा हो गया। स्थानीय तथा दुर्गोत्सव समिति की महिलाओं ने जमीन को अपना बताने वाले का घेराव कर दिया। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि माता की प्रतिमा की स्थापना के लिए प्रस्तावित स्थल सरकारी जमीन है, जिस पर भूमाफिया अपना कब्जा बता रहे हैं। आरोप यह भी है कि उनके द्वारा विरोध करने आई महिलाओं के साथ झूमाझटकी की गई। मामले को लेकर देर रात तक वहां विवाद की स्थिति बनी रही।

ग्रामीण पुलिस विभाग के 27 कर्मियों के बदले थाने

रायपुर। रायपुर ग्रामीण पुलिस विभाग में 27 पुलिसकर्मियों के तबादले का आदेश जारी हुआ है। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा ने यह आदेश जारी किया है। इसके तहत 5 सहायक उपनिरीक्षक, 11 प्रधान आरक्षक और 11 आरक्षक शामिल हैं। इन सभी को एक थाने से हटाकर दूसरे थाने भेजा गया है। तबादला आदेश के बाद संबंधित पुलिसकर्मियों को नई पदस्थापना स्थल पर कार्यभार संभालने के निर्देश दिए गए हैं। एसपी ने यह तबादला आदेश पुलिस विभाग में प्रशासनिक जरूरत और पुलिस व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए किया है।

उद्योगपतियों ने की मांग समस्याओं का हो समाधान

रायपुर। उरला इंडस्ट्रीज एसोसिएशन ने प्रदेश के उद्योगों से जुड़ी समस्याओं के निराकरण और औद्योगिक विकास को गति देने के लिए राज्य सरकार के समक्ष विभिन्न मांगें और सुझाव रखे हैं। एसोसिएशन ने जारी पत्र में औद्योगिक क्षेत्रों में व्याप्त समस्याओं के समाधान के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है। उरला एसोसिएशन के अध्यक्ष अश्विन गर्ग के पत्र में औद्योगिक क्षेत्रों से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर सरकार का ध्यान आकर्षित करते हुए मांग की है कि अधोसंरचना और मूलभूत सुविधाओं के विकास के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं।

युवती से छेड़छाड़ 3 के खिलाफ केस दर्ज

रायपुर। युवती से छेड़छाड़ के मामले में गोलबाजार थाना पुलिस ने केस दर्ज किया है। घटना 5 अक्टूबर की शाम साढ़े चार बजे गोलबाजार की है, जहां एक एक फैंसी स्टोर्स में अपने दोस्त के साथ सामान खरीदने पहुंची युवती के साथ सतीश साहू एवं उसके अन्य दो साथियों ने छेड़खानी करते हुए उसे बेइज्जत करने के लिए जबरन उसका हाथ पकड़ लिया। पुलिस ने इस मामले की शिकायत पर आरोपियों के विरुद्ध बीएनएसः 296, 351-2, 115-2, 74, 3-5 के तहत अपराध दर्ज किया है।

दुकान में घुसकर पटाखा संचालक से मारपीट

रायपुर। गोलबाजार थाना पुलिस ने दुकानदार के साथ मारपीट करने के मामले में अपराध दर्ज किया है। प्रार्थी केशव चतुर्वेदी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 5 अक्टूबर को शाम करीब 5 बजे पूजा फैंसी स्टोर्स के सामने पटाखा दुकान में आरोपी अटलवंश मेमन ने अपने अन्य दो साथियों के साथ जबरन दुकान में प्रवेश किया और उसके साथ गाली-गलौज तथा मारपीट की। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध बीएनएसः 296, 351-2, 115-2, 333, 3-5 के तहत केस दर्ज किया है।

फाफाडीह अंडरब्रिज, 15 मिनट में 4 एंबुलेंस जाम में फंसी



रायपुर। फाफाडीह रेलवे अंडरब्रिज में रोज जाम के हालात ने मुसीबत खड़ी दी है। मंगलवार को तो यहां जाम के बीच महज 15 मिनट के अंतराल में चार एंबुलेंस फंस गईं, जिस वजह से मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाने को लेकर चिंता की स्थिति बनी रही। अंडरब्रिज में वाहनों का दबाव बढ़ने के कारण यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है। जाम में एंबुलेंस के फंसने से यह मामला और गंभीर नजर आया। स्थानीय लोगों का कहना है कि फाफाडीह अंडरब्रिज में आए दिन ऐसा ही नजारा रहता है। लोगों का कहना है कि अंडरब्रिज में यातायात व्यवस्था को बेहतर करने के साथ पीक आवर्स में ट्रैफिक पुलिस की तैनाती जरूरी है, ताकि जाम की स्थिति में एंबुलेंस और अन्य आपातकालीन वाहनों को तत्काल रास्ता मिल सके।



सड़क पर मवेशियों का झुंड, निगम का धरपकड़ अभियान फेल, पूरा शहर त्रस्त

डीडीनगर में बौराए सांड ने दर्जनभर को पटका, नगर निगम की टीम ने ट्रैंक्यूलाइजर से बेहोश कर पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- सूचना के बाद पहुंची काऊकैचर टीम, सांड को पकड़ नहीं पाई, वन विभाग ने राइफल के माध्यम से बेहोशी का इंजेक्शन देकर पाया काबू
- डीडीनगर वार्ड में अनियंत्रित काले सांड से लोग दिनभर परेशान
- पूर्व महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष कल्पना पटेल भी घायल, उपचार के लिए बालाजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया

शहर में एक तरफ जहां आवारा मवेशियों के झुंड और जगह-जगह सांड के उत्पात से लोग परेशान हैं, वहीं खुलेआम सड़क, गली और बाजार सहित चौक-चौराहों में घूम रहे मवेशियों को पकड़ने नगर निगम का अभियान केवल खानापूर्ति होकर रह गया है। दस जोन में 10 काऊकैचर और उसके साथ 4-4 सहायक होने के बाद भी मवेशियों की धरपकड़ के मामले में निगम प्रशासन फिसड्डी साबित हो रहा है। इससे जहां शहरवासी अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं, वहीं शहरी सरकार और निगम प्रशासन अब तक इन मवेशियों को पकड़ने ठोस योजना नहीं बना पाई। यही वजह है कि आए दिन आवारा मवेशियों के चलते लोग चोटिल होने लगे ⏭शेष पेज 13 पर



हरिभूमि सरोकार





कांजी हाउस, गोठान पैक, आउटर में छोड़ रहे मवेशी

शहर की आबादी और सड़कों पर घूम रहे मवेशियों की संख्या की तुलना में कांजी हाउस और नगर निगम के गोठानों की क्षमता काफी सीमित है। मवेशी पकड़ो दस्ता एक दिन में जितने पशु पकड़ता है, उससे कहीं अधिक मवेशी रोज सड़कों पर आ जाते हैं। कई बार तो राजनीतिक या स्थानीय दबाव के कारण या मामूली फाइन भरकर पशुपालक अपने मवेशियों को छुड़ा लेते हैं और कुछ ही घंटों में वे फिर से सड़कों पर घूमते नजर आते हैं।



दस जोन में दस काऊकैचर फिर भी सड़क पर मवेशी

रायपुर शहर के रहवासी इलाकों, बाजार क्षेत्रों और सार्वजनिक स्थानों पर मवेशियों का झुंड दिखना आम बात हो गई है। रिंगरोड सर्विस रोड के अलावा वीआईपी इलाके और आउटर के वार्ड भी इससे अछूते नहीं हैं। आवारा मवेशियों से होने वाली दुर्घटनाओं को लेकर कोर्ट की फटकार के बाद भी निगम प्रशासन नहीं चेत रहा है। निगम के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, नगर निगम के दस जोन में आवारा मवेशियों की धरपकड़ करने दस काऊकैचर ⏭शेष पेज 13 पर

व्याख्याता पदोन्नति के लिए ऑनलाइन ओपन काउंसिलिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

लोक शिक्षण संचालनालय छत्तीसगढ़ द्वारा व्याख्याता एवं व्याख्याता एलबी (टी-संवर्ग) के पद पर पदोन्नति उपरांत पदस्थापना के लिए मंगलवार को ऑनलाइन ओपन काउंसिलिंग शासकीय शिक्षक शिखा महाविद्यालय शंकर नगर में आयोजित की गई। प्रातः 10 बजे से शाम 5.30 बजे तक आयोजित काउंसिलिंग में कुल 209 अभ्यर्थियों में से 193 अभ्यर्थियों ने सहभागिता की। काउंसिलिंग में अभ्यर्थियों की उपस्थिति 92.34 प्रतिशत रही। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा संभागीय संयुक्त संचालक शिक्षा एवं जिला शिक्षा अधिकारियों के माध्यम से प्राप्त जानकारी के आधार पर विषयवार पदोन्नत व्याख्याताओं की काउंसिलिंग के लिए सूची दावा-आपत्तियों के निराकरण के बाद विभागीय पोर्टल eduportal.cg.nic.in पर 25 सितंबर 2026 को अपलोड की गई थी। निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार मंगलवार को ओपन काउंसिलिंग रखी गई।

- 209 में से 193 अभ्यर्थी हुए शामिल, उपस्थिति रही 92.34 प्रतिशत

सर्वाधिक पद हिंदी विषय के

ऑनलाइन ओपन काउंसिलिंग में उपस्थित अभ्यर्थियों को प्रक्रिया शुरू होने से पहले आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसके बाद निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार काउंसिलिंग कराई गई। हिंदी विषय में कुल 74 अभ्यर्थियों में से 68 उपस्थित रहे और सभी 68 ने सहमति दी। अंग्रेजी विषय में 35 में से 29 अभ्यर्थी उपस्थित हुए, जिनमें 24 ने सहमति दी, 3 असहमत रहे और 2 ने पदोन्नति ⏭शेष पेज 13 पर

नए साल में ई-बसों में सफर की हसरत होगी पूरी, हीरापुर-जरवाय में पांच एकड़ क्षेत्र में बन रहा डिपो



- 100 पीएम ई-बस की मिलेगी सुविधा, सुगम परिवहन में होगी आसानी
- बाउंड्रीवाल बनकर तैयार, सिविल वर्क का 40 फीसदी काम पूरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मेट्रो सिटी की तर्ज पर नए साल में राजधानीवासियों को सुगम परिवहन के लिए इको फ्रेंडली ई बस की सुविधा मिलने लगेगी। रायपुर नगर निगम लोगों की सहूलियत के लिए पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम को मजबूत करने केंद्र सरकार की पीएम ई-बस स्कीम के तहत 100 ई-बसों की सुविधा देने की योजना पर काम कर रहा है। इसके लिए राजधानी के हीरापुर-जरवाय क्षेत्र में 5 एकड़ सरकारी जमीन पर आधुनिक सुविधायुक्त बस डिपो का निर्माण अनुबंधित एजेंसी द्वारा किया जा रहा है। वर्तमान में बस डिपो वाले क्षेत्र की चारदीवारी बनाने का कार्य अनुबंधित एजेंसी ने पूरा कर लिया है। अपर आयुक्त विनोद पांडे के मुताबिक, जरवाय स्थित निर्माण स्थल पर अनुबंधित एजेंसी ने सिविल वर्क का 40 फीसदी कार्य भी पूरा कर लिया है। बिजली कंपनी बस डिपो में पॉवर सप्लाई के लिए सब स्टेशन बनाने का काम जल्द शुरू करेगी। ⏭शेष पेज 13 पर

2 हेक्टेयर भूमि पर बन रहा ई-बस डिपो

जरवाय में 2 हेक्टयेर शासकीय भूमि पर 100 ई-बसों के रखने के लिए आधुनिक ई-बस डिपो का निर्माण कराया जा रहा है। निगम आयुक्त संबित मिश्रा और विभागीय अधिकारियों की टीम ने हाल ही में ई-बस डिपो स्थल का निरीक्षण किया। इस मौके पर अनुबंधित फर्म श्रद्धा कंस्ट्रक्शन बिलासपुर के प्रतिनिधि को 3 दिन के भीतर निर्माण कार्य की गति ⏭शेष पेज 13 पर

साल 2018-19 से बकाया राशि जमा नहीं करने पर दुकानों में लगाया ताला

संपत्ति कर बकाया, दो बड़े बकायादारों की दुकानें सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगर निगम जोन-5 के राजस्व विभाग की टीम ने ठाकुर प्यारेलाल वार्ड क्षेत्र के मारुति बिजनेस पार्क स्थित दो बड़े व्यावसायिक बकायेदारों द्वारा बकाया संपत्ति कर के भुगतान में कोताही बरतने पर उनकी दुकानों को सील करने की कार्रवाई की। निगम आयुक्त श्री संबित मिश्रा के आदेश और उपायुक्त राजस्व डॉ. अंजलि शर्मा के निर्देश पर इन दिनों नगर निगम के दस जोन में बकाया राजस्व वसूली अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को जोन-5 राजस्व कमिश्नर खीरसागर ⏭शेष पेज 13 पर



राजस्व विभाग की टीम ने ठाकुर प्यारेलाल सिंह वार्ड अंतर्गत मारुति बिजनेस पार्क में स्थित दो बकायादारों अनिता दयाल एवं साईंप्रकाश डेवलपमेंट दुकान द्वारा वर्ष 2018-19 से बकाया राशि राजस्व विभाग को नहीं किए जाने पर संबंधित संस्थान को सीलबंद किया। इन पर क्रमशः 1,31,628 रुपए और 1,80,607 रुपए की बकाया राशि देय थी, जिसे उन्होंने राजस्व विभाग को भुगतान नहीं किया था। जोन-5 जोन कमिश्नर

कार की टक्कर से दो महिलाएं घायल, चालक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर के माना इलाके में टेमरी चौक पर सोमवार की रात एक तेज रफ्तार कार ने सड़क किनारे खड़ी दूसरी कार को जबरदस्त टक्कर मार दी, जिसके कारण इस कार के बगल में खड़ी दो महिलाएं उसकी चपेट में आ गईं। दोनों महिलाओं के घुटने एवं पैर में चोटें आई हैं।घायल महिलाओं को प्राथमिक उपचार के बाद आंबेडकर अस्पताल रेफर किया गया है। इधर पुलिस ने कार जब्त कर उसके चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

माना थाना प्रभारी के अनुसार, गुढ़ियारी रायपुर निवासी उत्तरा साहू एवं जानकीबाई यादव दोनों श्रमिक हैं। वे दोनों अन्य महिलाओं के साथ माना हर दिन काम करने जाती हैं। काम खत्म करने के बाद रात करीब 10.30 बजे दोनों महिलाएं टेमरी चौक के पास एक कार के बगल में खड़ी होकर अन्य साथी महिलाओं का इंतजार कर रही थीं। इसी दौरान एक तेज रफ्तार ने चौक पर खड़ी कार को टक्कर मार दी। टक्कर ⏭शेष पेज 13 पर

- खड़ी कार को तेज रफ्तार कार ने मारी टक्कर

11 से 20 अक्टूबर तक सुबह से रात तक मिलेगी ट्रेनों की सुविधा

डोंगरगढ़ जाने वालों को राहत, 10 एक्सप्रेस ट्रेनों का अस्थायी ठहराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नवरात्रि पर्व के लिए रेलवे ने अतिरिक्त ट्रेनें और ठहराव की सुविधा दी है। 11 से 20 अक्टूबर तक डोंगरगढ़ में 10 दूरगामी एक्सप्रेस ट्रेनों का अस्थायी ठहराव रहेगा। इसके अलावा तीन मेमू की सेवाओं में विस्तार किया गया है, जिसमें एक डोंगरगढ़-दुर्ग के बीच स्पेशल मेमू भी शामिल है। इससे रायपुर और आसपास के शहरों से आने-जाने वाले श्रद्धालुओं को पूरे दिन अलग-अलग समय पर ट्रेन की सुविधा मिल सकेगी। रेलवे के अनुसार, गोंदिया-दुर्ग-गोंदिया मेमू को रायपुर तक विस्तारित ⏭शेष पेज 13 पर



दो मिनट का ठहराव समय देखकर बनाएं दर्शन की योजना

रेलवे ने सभी 10 एक्सप्रेस ट्रेनों के डोंगरगढ़ स्टेशन पर दो-दो मिनट के अस्थायी ठहराव का समय निर्धारित किया है, इसलिए यात्रियों को स्टेशन पर ट्रेन के निर्धारित समय से पहले पहुंचने की तैयारी करनी होगी।

सुबह 5.40 से रात 9.56 बजे तक इन एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव

डोंगरगढ़ में अस्थायी रूप से रुकने वाली एक्सप्रेस ट्रेनों में बिलासपुर-भगत की कोठी, भगत की कोठी-बिलासपुर, बिलासपुर-बीकानेर, बीकानेर-बिलासपुर, बिलासपुर-चेन्नई, चेन्नई-बिलासपुर, बिलासपुर-पुणे, पुणे-बिलासपुर और सिकंदराबाद-रायपुर व रायपुर-सिकंदराबाद एक्सप्रेस शामिल हैं। इनमें सुबह 5.40 बजे भगत की कोठी-बिलासपुर एक्सप्रेस और बीकानेर-बिलासपुर एक्सप्रेस डोंगरगढ़ पहुंचकर दो मिनट रुकेंगी। इसके बाद दिन में 10.18, 10.46, 11.58, 12.16 और 14.36 बजे आने वाली ट्रेनों से भी श्रद्धालुओं को सुविधा मिलेगी।

रायपुर से जाने और लौटने वालों के लिए बढ़ेंगे विकल्प

रायपुर से डोंगरगढ़ जाने वाले यात्रियों के लिए विस्तारित मेमू और एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव से अतिरिक्त विकल्प उपलब्ध होंगे। वहीं डोंगरगढ़ में दर्शन के बाद रायपुर लौटने वाले यात्रियों को भी अलग-अलग समय पर ट्रेनें मिल सकेंगी। यह व्यवस्था खासतौर पर 11 से 20 अक्टूबर के बीच नवरात्रि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ को ध्यान में रखते हुए की गई है।

सिंगापुर यात्रा से छत्तीसगढ़ को 43600 करोड़ के निवेश प्रस्ताव, कौशल विकास पर भी समझौता

वेलेंसी इंटरनेशनल छत्तीसगढ़ में बनाएगी एग्रो एवं फूड प्रोसेसिंग और एक्सपोर्ट हब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सिंगापुर यात्रा के अंतिम दिन छत्तीसगढ़ को कौशल विकास और निवेश के क्षेत्र में अहम उपलब्धियां मिलीं। राज्य सरकार ने आईटीई एजुकेशन सर्विसेज, सिंगापुर के साथ तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा के लिए समझौता किया।

वहीं एग्रो एवं फूड प्रोसेसिंग क्षेत्र में 350 करोड़ के निवेश प्रस्ताव के साथ यात्रा के दौरान मिले एफडीआई प्रस्तावों का कुल आंकड़ा 43600 करोड़ पहुंच गया। मुख्यमंत्री श्री साय ने सिंगापुर के विदेश मंत्री डॉ. विवियन बालाकृष्णन से मुलाकात कर निवेश, कौशल विकास, शहरी नियोजन और तकनीक के क्षेत्र में सहयोग पर चर्चा की। उन्होंने 15 से अधिक वैश्विक कंपनियों के प्रतिनिधियों से भी निवेश की संभावनाओं पर संवाद किया।

इसके अलावा सीईओ राउंडटेबल में टीसीएस, एसएमबीसी, टोलाराम ग्रुप, एग्रोकार्प, इंडियन ओशन ग्रुप और ब्लू एक्वा समेत कंपनियों से तकनीक, बैंकिंग, एग्रीबिजनेस, एक्वाकल्चर और फूड सेक्टर में निवेश पर चर्चा हुई। जीएफटीएन के साथ एआई और डिजिटल फाइनेंस में युवाओं के प्रशिक्षण, स्टार्टअप्स को वैश्विक निवेशकों से जोड़ने और टेक लैब स्थापित करने की संभावनाओं पर भी विचार-विमर्श हुआ। प्रतिनिधिमंडल 7 अक्टूबर को रायपुर लौटेगा।



उद्योगों की जरूरत के मुताबिक होगी ट्रेनिंग

आईटीई के साथ हुए समझौते के तहत छत्तीसगढ़ में उद्योगों की जरूरत के अनुरूप पाठ्यक्रम और प्रशिक्षण मॉडल विकसित करने पर जोर रहेगा। मुख्यमंत्री ने आईटीई कॉलेज का दौरा कर उद्योग आधारित प्रशिक्षण व्यवस्था की जानकारी ली। सरकार का उद्देश्य युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार के लिए आवश्यक आधुनिक कौशल उपलब्ध कराना है।

एग्रो-फूड प्रोसेसिंग में 350 करोड़ का प्रस्ताव

मुख्यमंत्री ने वेलेंसी इंटरनेशनल को छत्तीसगढ़ में 350 करोड़ के निवेश के लिए आमंत्रित किया। प्रस्तावित इंटीग्रेटेड एग्रो एवं फूड प्रोसेसिंग और एक्सपोर्ट हब में काजू, तिल, दलहन और मूंगफली की प्रोसेसिंग होगी। इससे कृषि उपज का स्थानीय स्तर पर मूल्य संवर्धन और रोजगार के अवसर बढ़ाने का लक्ष्य है।

आज रायपुर लौटेंगे सीएम

रायपुर। चार दिवसीय सिंगापुर यात्रा से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बुधवार को रायपुर लौटेंगे। मुख्यमंत्री सिंगापुर से मंगलवार को रात्रि 8 बजे रवाना होकर रात्रि 10 बजे हैदराबाद पहुंचे। हैदराबाद में ही रात्रि विश्राम करने के बाद सुबह 6.50 बजे रवाना होकर सुबह 8.50 बजे रायपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे।

खबर संक्षेप



सफाई कर्मचारियों को किया सम्मानित

रायपुर। नीलकंठ धाम बस स्टैंड के सामने लायंस क्लब रायपुर डायमंड द्वारा आयोजित गांधी सेवा सप्ताह के अंतर्गत वार्ड के सफाई कर्मचारी एवं प्रतिदिन प्रांगण में योग अभ्यास कर रहे हैं। इन सभी का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में लायंस क्लब डायमंड की संस्थापक पूर्व प्राचार्य माला पाल, क्लब के अध्यक्ष हेमन निर्मलकर, कोषाध्यक्ष श्यामलाल साहू, ऋषिका झा, सचिव एवं क्लब के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

कल निर्वाचन आयोग घेराव करेगी आप

रायपुर। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे एवं उनकी गिरफ्तारी की मांग को लेकर आम आदमी पार्टी छत्तीसगढ़ द्वारा 8 अक्टूबर को रायपुर के नलघर चौक में प्रदेश स्तरीय विशाल धरना प्रदर्शन कर राज्य निर्वाचन आयोग का घेराव किया जाएगा। प्रदर्शन में छत्तीसगढ़ के सभी 90 विधानसभा से सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता राजधानी में प्रदर्शन में शामिल होंगे। पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी मिहिर कुर्मी ने कहा कि देश में ज्ञानेश कुमार लोकतंत्र की हत्या कर रहे हैं। हमारी पार्टी लगातार ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे और गिरफ्तारी की मांग कर रही है, लेकिन आयोग तानाशाह बना हुआ है।

संडे स्कूल रिट्रीट-रैली, विजयी प्रतिभागियों का किया सम्मान



रायपुर। सेंट पॉल्स कैथेड्रल, सीएनआई डायोसिस ऑफ छत्तीसगढ़ की संडे स्कूल रिट्रीट एवं रैली में सैकड़ों बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत मिशन कंपाउंड से निकाली गई एक आकर्षक रैली के साथ हुई। हाथों में रंगबिरंगे संदेशात्मक बैनर थामे बच्चों ने प्रभु यीशु की महिमा में जयकारे लगाए। इस अवसर पर डायोसिस ऑफ छत्तीसगढ़ की बिशप डॉ. सुषमा कुमार ने बच्चों को बाइबिल की पावन शिक्षाओं पर चलने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में डायोसिस के सचिव नितिन लारेंस, कोषाध्यक्ष जयदीप राबिन्सन, पादरी सुशील मसीह सहित गिरजाघरों के प्रमुख, संडे स्कूल शिक्षक व बच्चे शामिल हुए। संडे स्कूल द्वारा आयोजित इस रिट्रीट में विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों ने अपने ईश्वर प्रदत्त हुनर का प्रदर्शन किया। विजयी प्रतिभागियों को मेडल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संडे स्कूल डायसिसन की सुपरिटेंडेंट प्रीति यादव, उपाध्यक्ष जयकिरण प्रकाश, सचिव जेवियर जे. विक्टर तथा कोषाध्यक्ष जोसफिन बाघे का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का मंच संचालन शैरी मसीह ने किया। इस अवसर पर खुशमनी दास, अनीता पॉल, रोमालिया जॉन, जागृति जॉन, करुणा मैरी पीटर, प्रीति दास, जैकलीन डगलस, मधुरिमा पीटर, सुधा भागीरथी एवं स्वाति सालोमन विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

भिलाई से बिरगांव तक सियासी बिसात तैयार, चारों निगमों में कांग्रेस का कब्जा बरकरार रखने की चुनौती

चार नगर निगमों में मेयर के लिए थोक में दावेदार, भाजपा-कांग्रेस में मंथन तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

छत्तीसगढ़ में दिसंबर में प्रस्तावित नगरीय निकाय चुनाव को लेकर चार नगर निगमों में सियासी गतिविधियां तेज हो गई हैं। भिलाई, भिलाई-चरोदा, रिसाली और बिरगांव नगर निगम में महापौर पद के लिए भाजपा और कांग्रेस के भीतर संभावित चेहरों को लेकर मंथन शुरू हो गया है। राज्य निर्वाचन आयोग ने चारों निगमों के महापौर समेत 417 नगरीय पदों के लिए मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम भी जारी कर दिया है।

चारों नगर निगमों में फिलहाल कांग्रेस का कब्जा है। भिलाई में नीरज पाल, रिसाली में शशि सिन्हा, भिलाई-चरोदा में निर्मल कोसरे और बिरगांव में नंदलाल देवांगन महापौर हैं। ऐसे में कांग्रेस के सामने जहां अपनी शहर सरकार बचाने की चुनौती है, वहीं भाजपा इन निगमों में सत्ता हासिल करने की कोशिश में जुटी है। कांग्रेस ने चारों नगर निगम में पर्यवेक्षक नियुक्त किए हैं, वहीं भाजपा ने भी संगठन स्तर पर प्रभारी-सहप्रभारियों की नियुक्ति कर दी है।



भिलाई में सबसे ज्यादा दावेदार

70 वार्ड वाले भिलाई नगर निगम में महापौर पद ओबीसी के लिए आरक्षित है, इसे लेकर दोनों दलों में सबसे ज्यादा हलचल है। भाजपा की ओर से वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, निगम नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष महेश वर्मा, विजय साहू, तुलसी साहू, पूर्व महापौर निर्मला यादव और लता ऋषि चंद्राकर के नाम चर्चा में बताए जा रहे हैं। कांग्रेस में विधायक देवेंद्र यादव, उनकी पत्नी श्रुतिका ताम्रकार यादव, वर्तमान महापौर नीरज पाल, जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, पूर्व महापौर नीता लोधी और अतुल साहू के नाम सामने आए हैं। वहीं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता लक्ष्मीपति राजू, साकेत चंद्राकर, भूपेंद्र यादव, एकांक्ष बंछोर, लालचंद वर्मा और वर्तमान सभापति बंटी साहू के नामों का भी उल्लेख किया गया है।

रिसाली में आरक्षण ने बदला समीकरण

रिसाली नगर निगम में महापौर पद अनुसूचित जाति महिला के लिए आरक्षित होने के बाद दोनों दलों की रणनीति बदल गई है। अब पुराने दावेदारों के बजाय एससी वर्ग की महिला नेताओं पर नजर है। वार्ड आरक्षण के बाद कई मौजूदा पार्षदों के राजनीतिक समीकरण भी प्रभावित हुए हैं। कांग्रेस की शशि सिन्हा वर्तमान महापौर हैं, जबकि डॉ. सीमा साहू पहले कांग्रेस से पार्षद रही हैं और अब भाजपा में हैं। सीमा साहू 2022 में भी महापौर पद की संभावित दावेदार थीं।

बिरगांव में स्थानीय चेहरों पर नजर

बिरगांव में भी महापौर पद के लिए स्थानीय नेताओं के नामों को लेकर चर्चा शुरू है। पिछले चुनाव में कांग्रेस के भीतर भारती नंदू चंद्राकर और संतोष कुमार साहू जैसे नाम महापौर पद की दावेदारी में सामने आए थे। इस बार आरक्षण और संगठन की नई रणनीति के बाद नए चेहरों को भी मौका मिल सकता है। बिरगांव में महापौर पद महिला के लिए आरक्षित है। 40 वार्डों में 14 वार्ड महिलाओं के लिए आरक्षित किए गए हैं। आरक्षण के बाद पुराने नेताओं के समीकरण भी बदले हैं।

भिलाई-चरोदा में भी शुरू हुआ जोड़-तोड़

भिलाई-चरोदा में महापौर पद ओबीसी के लिए आरक्षित है। वर्तमान महापौर निर्मल कोसरे कांग्रेस के प्रमुख दावेदार हैं। 40 वार्ड वाले भिलाई-चरोदा निगम में भी दोनों दल संभावित प्रत्याशियों की राजनीतिक पकड़, जातीय समीकरण और वार्ड स्तर की स्थिति का आकलन कर रहे हैं।

पहल

'कोसली' के संरक्षण की रूपरेखा बनाएगा कामधेनु विश्वविद्यालय



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के अपने विशिष्ट देशी गोवंश 'कोसली' के संरक्षण, संवर्धन और उसकी नस्ल की पहचान को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे। इसके लिए कामधेनु विवि द्वारा जरूरी पहल की जाएगी।

मंगलवार को राज्यपाल रमेन डेका संग कामधेनु विवि के कार्यपरिषद सदस्यों की बैठक में कोसली गोवंश के संरक्षण और संवर्धन पर चर्चा हुई। सदस्यों ने राज्यपाल को विश्वविद्यालय की गतिविधियों तथा गोवंश संरक्षण के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा, देश के विभिन्न राज्यों में वहां के स्थानीय एवं देशी गोवंश के संरक्षण और संवर्धन के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ में भी प्रभावी पहल किए जाने की आवश्यकता है।

नस्ल संरक्षण जैवविविधता के लिए जरूरी

कार्यपरिषद के सदस्यों द्वारा रखे गए सुझावों को महत्वपूर्ण बताते हुए राज्यपाल ने कोसली गोवंश के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्थानीय गोवंश की नस्लों का संरक्षण हमारी जैव विविधता, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और पशुपालन परंपरा से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय है। इस अवसर पर कार्य परिषद के सदस्य सुबोध राठी, डॉ.किरण बघेल, डॉ.भूभारती साहू और डॉ.रिपू सुदन राठौर उपस्थित थे। पशुपालन के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों और शोध के विषय में भी विवि द्वारा बताया गया। पाठ्यक्रम में शामिल जैव विविधता और ग्रामीण अर्थव्यवस्था से जुड़े विषयों पर भी सदस्यों ने विवि की योजनाएं साझा की।

सीईसी ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग

8 और 10 अक्टूबर को सड़क पर उतरेगा इंडिया गठबंधन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में इंडिया गठबंधन के घटक दलों की संयुक्त बैठक रायपुर में हुई। इस दौरान चुनाव प्रक्रिया, मतदाता सूची और निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली से जुड़े मुद्दों को लेकर 8 और 10 अक्टूबर को चरणबद्ध संयुक्त आंदोलन चलाने का निर्णय लिया गया। बैठक में शामिल नेताओं ने आरोप लगाया कि पिछले 12 वर्षों में निर्वाचन आयोग की भूमिका निष्पक्ष संस्था के बजाय भाजपा के पक्ष में काम करने वाली संस्था के रूप में सामने आई है।

नेताओं ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे, बर्खास्तगी की मांग करते हुए कहा, चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता और मतदाताओं के अधिकारों से जुड़े मुद्दों को लेकर इंडिया गठबंधन संयुक्त रूप से आंदोलन करेगा। घटक दलों ने सुप्रीम कोर्ट से भी मामले में स्वतः संज्ञान लेकर हस्तक्षेप करने, ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने, एसआईआर रद्द करने तथा चुनाव प्रणाली में निष्पक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग की। साथ ही ईवीएम के स्थान पर बैलेट पेपर के माध्यम से चुनाव कराने की मांग पर भी सहमति बनी।

ये रहे मौजूद

बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन, जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे, सीपीआईएम से धर्मराज महापात्र, केके साहू एवं अजय कन्नौजे, आम आदमी पार्टी से सूरज कुमार उपाध्याय, समाजवादी पार्टी से कैफ मंजू, सिविल सोसाइटी से डॉ. राकेश गुप्ता, भारत जोड़ो अभियान से गौतम चट्टोपाध्याय, उमाप्रकाश ओझा एवं नरोत्तम शर्मा तथा सीपीआईएमएल से सुखदास बंजारे सहित विभिन्न घटक दलों के नेता और प्रतिनिधि मौजूद रहे।

हटाए गए नाम दोबारा जोड़ने की मांग

इंडिया गठबंधन के नेताओं ने यह मांग भी रखी कि ज्ञानेश कुमार की नियुक्ति के बाद जिन राज्यों में चुनाव हुए हैं, वहां पुनः चुनाव कराए जाएं। एसआईआर/एसएसआर प्रक्रिया के दौरान मतदाता सूची से हटाए गए पात्र मतदाताओं के नाम दोबारा जोड़े जाएं। इसके लिए नए सिरे से घर-घर सर्वे कराकर मतदाता सूची तैयार करने की मांग की गई, ताकि कोई पात्र मतदाता अपने मताधिकार से वंचित न हो।

यहां होगा धरना-प्रदर्शन

बैठक में आंदोलन का कार्यक्रम भी तय किया गया। 8 अक्टूबर को आंबेडकर चौक पर इंडिया गठबंधन के घटक दल संयुक्त प्रदर्शन करेंगे। 10 अक्टूबर को राजीव गांधी चौक पर संयुक्त धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। इसमें मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे सहित अन्य मांगों को लेकर आवाज उठाई जाएगी।

निवेश से खुलेगा विकास और रोजगार का रास्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के मुख्य प्रदेश प्रवक्ता एवं सांसद संतोष पांडेय ने प्रदेश में प्रस्तावित औद्योगिक निवेश को छत्तीसगढ़ के लिए बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहा, इससे विकास को गति मिलेगी और स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। उन्होंने राज्य सरकार की संवेदनशीलता की सराहना करते हुए विपक्ष के आरोपों पर पलटवार किया।



संवाददाताओं से चर्चा करते हुए सांसद संतोष पांडेय ने प्रदेश में आ रहे औद्योगिक निवेश, विकास योजनाओं और बाढ़ आपदा प्रबंधन को लेकर सरकार का पक्ष रखा। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ के लिए बड़े निवेश प्रस्तावों का पारित होना पूरे प्रदेश के लिए हर्ष और गौरव का विषय है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रयासों से पहले भी और वर्तमान में भी प्रदेश में बड़े पैमाने पर निवेश लाने की दिशा में काम किया जा रहा है। इन निवेशों से प्रदेश का चहुंमुखी विकास होगा तथा स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

बस्तर में बाढ़ पीड़ितों से मिलकर उनके नुकसान का जायजा लेंगे

प्रदेश कांग्रेस प्रभारी भगत पहुंचे आज से तीन दिवसीय बस्तर दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सुखदेव भगत अपने चार दिवसीय प्रवास पर रायपुर पहुंचे। माना एयरपोर्ट पर प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम सहित अन्य कांग्रेस नेताओं ने उनका स्वागत किया।



विमानतल पर संवाददाताओं से चर्चा में श्री भगत ने कहा, बस्तर में बाढ़ पीड़ितों से मिलकर उनके नुकसान का जायजा लेंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय पर निशाना साधते हुए कहा, वे बाढ़ग्रस्त इलाकों में टूरिस्ट की भांति गए थे। उनकी संवेदनशीलता नहीं दिखती। उन्होंने कहा, जल, जंगल, जमीन हमारी पार्टी का नारा नहीं है, बल्कि हमारी उनके प्रति कमिटमेंट है। उन्होंने एसआईआर को लेकर कहा, देश में संवैधानिक संस्थाएं प्रतिशोध लेने वाली संस्थाएं बन गई हैं। कोल घोटाले में पेश किए गए चालान में कांग्रेस नेताओं सहित अन्य के नाम आने के सवाल पर उन्होंने कहा, जांच के बाद सबकुछ स्पष्ट हो जाएगा।

संगठनात्मक बैठक, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा भी

प्रदेश प्रभारी सुखदेव भगत 7 से 9 अक्टूबर तक बस्तर के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे कांकेर और दंतेवाड़ा में जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक लेंगे। वहीं दंतेवाड़ा के हिरालकुड़म-बारसूर क्षेत्र में बाढ़ प्रभावित लोगों से मुलाकात कर नुकसान की जानकारी लेंगे। इस दौरे में संगठनात्मक बैठकों के साथ बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा भी करेंगे। बस्तर और बीजापुर में हाल की भारी बारिश के बाद कई इलाकों में बाढ़ से जनजीवन प्रभावित हुआ था। राहत और बचाव के लिए प्रशासन को बड़े स्तर पर अभियान चलाना पड़ा था। उनके साथ दौरे में पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत समेत अन्य पदाधिकारी भी होंगे।

6 से 7 दिनों के भीतर प्रमाण-पत्र बनकर हितग्राहियों तक पहुंचे

गांवों में 3000 से ज्यादा को मिले विवाह प्रमाणपत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी विवाह पत्र बनाना आसान हो गया है। ऑनलाइन आवेदन करने के 15 दिनों के भीतर ही विवाहितों को यह प्रमाण-पत्र मिलने लगे है। लोक सेवा केंद्र विभाग से मिले आकड़ों के अनुसार सेवा सेतु के माध्यम से अब तक जिले के ग्रामीण क्षेत्रों से 3566 आवेदन विवाह प्रमाण-पत्र के लिए किए गए हैं, जिनमें 3003 आवेदनों का निराकरण करते हुए विवाह प्रमाण-पत्र बनाकर उन्हें सौंपा जा चुका है। ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायत के सचिवों के माध्यम से आवेदकों को यह प्रमाण-पत्र वितरित किए जा रहे है। इधर शहरी क्षेत्र में पूर्व की भांति विवाह प्रमाण-पत्र नगर निगम एवं नगर परिषद के रजिस्ट्रार दफ्तरों में बनाए जा रहे है। सेवा सेतु पोर्टल में जहां विभिन्न विभागों की सेवाएं ऑनलाइन हो गई है, वहीं इसके माध्यम से अब ग्रामीण क्षेत्रों में विवाहित जोड़े को विवाह का प्रमाण पत्र बनाना भी आसान हो गया है। हरिभूमि ने सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करने वाले कुछ विवाहित महिलाओं से भी बातचीत की। इस दौरान उनके द्वारा बताया गया कि किस तरह से उन्हें आवेदन करने के 6 से 7 दिनों के भीतर उनका विवाह प्रमाण-पत्र बनकर मिल गया। इन महिलाओं ने बताया कि वैवाहिक प्रमाण-पत्र मिलने से अब वे इसका इस्तेमाल कई योजनाओं के साथ जॉइंट खाता खुलवाने, पासपोर्ट बनाने सहित अन्य काम में कर सकेंगी।



आसान हुआ काम

ग्रामीण क्षेत्रों में सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से 15 दिनों के भीतर वैवाहिक प्रमाण-पत्र बनाकर दिए जा रहे है। ऑनलाइन आवेदन पर आसानी से प्रमाण-पत्र बनने से आवेदकों को अब दफ्तरों के चक्कर काटने नहीं पड़ रहे है।

- कीर्ति शर्मा,
ई जिला प्रबंधक रायपुर

केस 1

धरसींवा के ग्राम धनेली सांकरा निवासी सुनीता वर्मा ने बताया कि पहले विवाह प्रमाण-पत्र बनाने के लिए दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ते थे, लेकिन सेवा सेतु पोर्टल में ऑनलाइन आवेदन करने के एक सप्ताह के भीतर ही उन्हें विवाह प्रमाण पत्र मिल गया।

केस 2

जनपद पंचायत खमतराई आरंग में यमुना साहू ने शादी के बाद विवाह प्रमाण-पत्र बनवाया नहीं था। विवाह प्रमाण-पत्र की आवश्यकता पड़ने पर उसने चॉइस सेंटर जाकर पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन किया था। आवेदन करने के 6 दिनों के बाद ही उसे विवाह प्रमाण-पत्र बनकर मिल गया।

खबर संक्षेप

हर्षलता मिश्रा को मिला राष्ट्रीय शिक्षा ज्योति सम्मान

कूंरा। विश्व शिक्षक दिवस (05 अक्टूबर 2026) के पावन अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार और उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों के सम्मान में एक भव्य राष्ट्रीय ऑनलाइन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस गरिमामय समारोह में देश के विभिन्न राज्यों के 170 से अधिक चयनित शिक्षकों को 'शिक्षा ज्योति सम्मान' से विभूषित किया गया। इसी क्रम में शासकीय प्राथमिक शाला कन्हेरा की कर्मठ एवं समर्पित सहायक शिक्षिका हर्षलता मिश्रा को शिक्षा के क्षेत्र में उनके अभिनव प्रयोगों, नवाचारी शिक्षण विधियों एवं उत्कृष्ट शिक्षण योगदान के लिए इस प्रतिष्ठित सम्मान से नवाजा गया है। यह सम्मान कार्यक्रम की मुख्य आयोजक 'शिक्षा ज्योति' की संस्थापक अर्चना शर्मा एवं अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार छत्तीसगढ़ के जनरल सेक्रेटरी डॉ. राघवेंद्र सिंह राठौर द्वारा संयुक्त रूप से ऑनलाइन मंच के माध्यम से प्रदान किया गया। आयोजकों ने प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए कहा कि हर्षलता मिश्रा ने ग्रामीण अंचल में शिक्षण की गुणवत्ता को बढ़ाने और विद्यार्थियों में ज्ञान व संस्कारों के संचार के लिए जो अनुकरणीय कार्य किया है, वह अत्यंत सराहनीय और प्रेरणादायी है। सहायक शिक्षिका हर्षलता मिश्रा को यह सम्मान मिलने पर विद्यालय परिवार, संकुल, क्षेत्र के शिक्षाविदों, सहकर्मियों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों में हर्ष का माहौल है।

नगपुरा में चौसर प्रतियोगिता 10 को

चंदखुरी। आरंग क्षेत्र के ग्राम नगपुरा (चंदखुरी फार्म) में जय मां चंडी क्लब के तत्वावधान में शनिवार, 10 अक्टूबर 2026 को चौसर प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता को लेकर आयोजकों द्वारा आमंत्रण जारी कर दिया गया है। आयोजन का उद्देश्य ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना और युवाओं में खेल भावना को बढ़ावा देना है।आयोजकों के अनुसार, प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली टीमों को आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। प्रथम पुरस्कार के रूप में 6001 रुपये जनपद पंचायत सदस्य आरंग रेखा कृपाल यादव द्वारा, द्वितीय पुरस्कार 5001 रुपये ग्राम पंचायत नगपुरा सरपंच शशांक वर्मा द्वारा दिया जाएगा। वहीं तृतीय पुरस्कार 3001 रुपये जय मां चंडी क्लब तथा चतुर्थ पुरस्कार 2001 रुपये उपसरपंच नगपुरा लोकनाथ साहू द्वारा प्रदान किया जाएगा। पुरस्कारों के साथ क्लब की ओर से शील्ड भी दी जाएगी। आयोजन समिति में अध्यक्ष जगता वर्मा, उपाध्यक्ष केदार साहू, सचिव गोवर्धन वर्मा, सहसचिव अवध वर्मा, कोषाध्यक्ष रामजी वर्मा तथा सलाहकार कुंजलाल वर्मा एवं संतराम साहू सहित अन्य सदस्य शामिल हैं।

चरौदा में चला स्वच्छता अभियान



आरंग। शासन के निर्देशानुसार सेवा संकल्प अभियान के तहत मंगलवार को विकासखंड के विभिन्न ग्राम पंचायतों में वृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें मुख्य रूप से तालाब किनारे, पचरी, नलकूप व जलाशयों की साफ-सफाई की गई। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत चरौदा में भी ग्राम पंचायत द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान में पंचायत प्रतिनिधियों सहित ग्राम के महिला संगठन, कृषि सखी, मेट, रोजगार सहायिका, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका, शिक्षक-शिक्षिकाएं व ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सभी ने केशरवा तालाब किनारे स्थित पचरी की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। स्वच्छता अभियान में प्रमुख रूप से पंचायत सचिव गायत्री शर्मा, रोजगार सहायक उमा साहू, महिला संगठन अध्यक्ष सकुन चंद्राकर, शिक्षक महेन्द्र कुमार पटेल, डिलेश्वर साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मानबाई तारक, गुलाब धीवर, सक्रिय महिला मेनका धीवर, मुन्ना सतनामी, प्रहलाद मानिकपुरी सहित ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

हरदीडीह में महानदी पर बना एनीकट टूटा: 180 मीटर हिस्सा बहा, रायपुर-महासमुंद का संपर्क कटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग


विकासखंड आरंग के नगर पंचायत समोदा क्षेत्र के हरदीडीह में महानदी पर करोड़ों रुपए की लागत से बनाया गया एनीकट जुलाई 2026 में पानी के अत्यधिक दबाव के बीच बीच से क्षतिग्रस्त होकर दो हिस्सों में बंट गया। एनीकट का करीब 180 मीटर हिस्सा बह जाने के बाद शेष संरचना भी कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त बताई जा रही है। कहीं दरारें दिखाई दे रही हैं तो कहीं ढांचा जर्जर और गड्ढों से प्रभावित है। हरदीडीह एनीकट का निर्माण रायपुर और महासमुंद जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में भू-जल संवर्धन, पेयजल आपूर्ति और सिंचाई व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से कराया गया था। बताया जाता है कि हरदीडीह, कागदेही सहित महासमुंद जिले के पीढ़ी और गढ़सिवनी क्षेत्र की करीब 2000 एकड़ कृषि भूमि को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने की योजना थी।

एनीकट बनने के बाद इसका उपयोग आसपास के ग्रामीणों द्वारा आवागमन के लिए भी किया जाता था। रायपुर और महासमुंद जिले के बीच आने-जाने वाले ग्रामीणों के लिए यह मार्ग काफी उपयोगी था। एनीकट के क्षतिग्रस्त होने के बाद अब ग्रामीणों को वैकल्पिक रास्तों का सहारा लेना पड़ रहा है। इससे समय और दूरी दोनों बढ़ गए हैं। जुलाई में महानदी में पानी का दबाव बढ़ने के दौरान एनीकट का बीच का हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ। इसके बाद करीब 180 मीटर हिस्सा बह जाने की बात सामने आई।

निर्माण, गुणवत्ता और अफसरों पर उठे गंभीर सवाल

तकनीकी जांच और जिम्मेदारी तय करने की मांग

लोगों की मांग है कि एनीकट के निर्माण से संबंधित स्वीकृति, तकनीकी प्राक्कलन, कार्यादेश, ठेका एजेंसी, निर्माण पूर्णता प्रमाणपत्र और गुणवत्ता परीक्षण की रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए। साथ ही किसी स्वतंत्र तकनीकी एजेंसी से एनीकट की जांच कराकर यह स्पष्ट किया जाए कि इतनी बड़ी क्षति प्राकृतिक जल दबाव के कारण हुई या निर्माण एवं रख-रखाव में किसी प्रकार की तकनीकी कमी रही। हरदीडीह में सिर्फ एक एनीकट का हिस्सा क्षतिग्रस्त नहीं हुआ है, बल्कि इसके साथ जुड़े सिंचाई, पेयजल, आवागमन और सार्वजनिक धन के उपयोग से जुड़े कई सवाल भी सामने आए हैं।



गुणवत्ता, तकनीकी मानकों और विभागीय निगरानी पर उठे सवाल

ग्रामीणों का कहना है कि शेष हिस्से में भी कई जगह दरारें और क्षतिग्रस्त हिस्से दिखाई दे रहे हैं। ऐसे में आने वाले समय में इसकी सुरक्षा और स्थायित्व को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। एनीकट के अपेक्षाकृत कम समय में क्षतिग्रस्त होने के बीच निर्माण की गुणवत्ता और रख-रखाव को लेकर सवाल उठ रहे हैं। यदि संरचना का निर्माण निर्धारित तकनीकी मानकों के अनुरूप हुआ था और समय-समय पर उचित रख-रखाव किया गया, तो पानी के दबाव में इतनी बड़ी क्षति कैसे हुई, यह जांच का विषय है। हरदीडीह एनीकट का निर्माण सरकारी फंड से हुआ है।

ग्राम चंडी में स्कूल और नर्सरी के पास धड़ल्ले से चल रहीं चेन माउंटेन मशीनें

एफसीआई की 23 एकड़ जमीन पर मुरुम उत्खनन का आरोप, उड़ती धूल से स्कूली बच्चे हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अभनपुर

ग्राम पंचायत नाहना चंडी में कृष्णा पब्लिक स्कूल के पीछे छत्तीसगढ़ शासन वाणिज्य एवं उद्योग विभाग रायपुर (एफसीआई) के लिए अधिग्रहित एवं संरक्षित करीब 23 एकड़ जमीन पर कथित रूप से मुरुम की अवैध खुदाई का मामला सामने आया है। खसरा नंबर 414/2 में चैन माउंटेन मशीन से मुरुम की खुदाई कर हाईवा वाहनों के माध्यम से परिवहन किए जाने की बात सामने आई है। गौरतलब है क्षेत्र के उल्बा जामगांव, बेलडीह, खोल्हा, ठेलकाबांधा और अन्य गाँव में श्मशान भूमि, गौठान, चारागाह, समतल एवं घास भूमि में अवैध खनन हो रही है। ग्राम चंडी द्वारा इस मामले में एनओसी दिए जाने की बात कही जा रही है। वहीं चंडी सरपंच से खनिज विभाग की एनओसी दिखाने की बात किए जाने पर वे खनिज विभाग द्वारा जारी एनओसी प्रस्तुत नहीं कर पाए।

ऐसे में मुरुम उत्खनन के लिए वैध अनुमति है या नहीं, इसे लेकर सवाल उठ रहे हैं। उत्खनन स्थल से मुरुम परिवहन के चलते मार्ग पर जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं और धूल की मोटी परत जम गई है। महज करीब 50 मीटर की दूरी पर स्थित स्कूल में सैकड़ों बच्चे पढ़ने आते हैं। भारी वाहनों की आवाजाही और उड़ती धूल से विद्यार्थियों एवं आसपास के लोगों को परेशानी हो रही है। वहीं उत्खनन क्षेत्र में स्थित नर्सरी के पेड़-पौधों को भी नुकसान पहुंचने की बात सामने आई है। भारी वाहनों की आवाजाही, धूल और खुदाई से बने गहरे गड्ढों के कारण स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता बनी हुई है। समय रहते उत्खनन और भारी वाहनों की आवाजाही पर गंभीर हादसे की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।



टीम भेजकर कराएंगे जांचः खनिज उप संचालक

मामले में खनिज प्रशासन के उप संचालक राजेश मालवे से दूरभाष पर चर्चा करने पर उन्होंने कहा कि मामला संज्ञान में आया है, मौके पर जांच टीम भेजकर विधिवत कार्रवाई कराई जाएगी।

अधिकारियों की चुप्पी और संलिप्तता पर उठे सवाल

संरक्षित सरकारी जमीन पर कथित रूप से लंबे समय से उत्खनन जारी रहने की स्थिति में संबंधित विभागों की निगरानी और कार्रवाई की भूमिका भी जांच के दायरे में आने की बात कही जा रही है। सवाल यह भी है कि इतनी संवेदनशील सरकारी जमीन पर कथित खुदाई की जानकारी खनिज एवं राजस्व अधिकारियों को दी जा रही है। फिर भी इस पर रोक नहीं लगाई जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि इसमें विभाग के लोगों की संलिप्तता है। अब मुख्य सवाल यह है कि यदि जांच में एफसीआई के लिए अधिग्रहित जमीन से बिना अनुमति मुरुम निकाले जाने की पुष्टि होती है, तो सरकारी संपत्ति को हुए नुकसान की भरपाई कौन करेगा और जिम्मेदारी किसकी तय होगी,मामले में उत्खनन की अनुमति, पंचायत एनओसी और खनिज विभाग की स्वीकृति की जांच की मांग ग्रामीणों द्वारा की गई है।

मां दुर्गा की प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे मूर्तिकार नारायण धीवर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग



शारदीय नवरात्रि की घटस्थापना में अब मात्र 4 दिन शेष बचे हैं। अंचल के ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर शहरों तक दुर्गोत्सव को लेकर भारी उत्साह देखा जा रहा है। एक तरफ जहां गांव-गांव में गठित दुर्गोत्सव समितियां भव्य पूजा मंडप बनाने के काम में जी-जान से जुटी हुई हैं, वहीं दूसरी ओर मूर्तिकारों के आहाते में मां भगवती की प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने और रंग-रोगन का काम चरम पर है। ग्राम नारा (भानसोज) के 56 वर्षीय मूर्तिकार नारायण धीवर पिछले साढ़े तीन दशकों से अपनी कला का जादू बिखेर रहे हैं। महज 20 वर्ष की आयु से प्रतिमाएं गढ़ते आ रहे नारायण धीवर इस वर्ष भी पूरी निष्ठा के साथ मां की सेवा में लीन हैं।

उन्होंने एक माह पूर्व 31 दुर्गा प्रतिमाओं के निर्माण का ऑर्डर लिया था, जिन्हें समय पर पूरा करने के लिए वे इन दिनों प्रतिमाओं के श्रृंगार और रंग-रोगन में व्यस्त हैं। मूर्तियों को आकार देने और समय सीमा के भीतर समितियों को सौंपने के लिए नारायण धीवर का पूरा परिवार भी उनके साथ मैदान में उतरा हुआ है। लगभग एक दर्जन सहयोगी कलाकारों के साथ मिलकर नारायण का परिवार अलसुबह से लेकर देर रात तक रंग-रोगन के काम में डटा रहता है। हर कोई मां के नयनों की सुंदरता और वस्त्रों की साज-सज्जा को निखारने में अपनी पूरी कला उड़ेल रहा है। प्रतिमा निर्माण में उपयोग होने वाले कच्चे माल पर भी महंगाई का असर साफ दिखाई दे रहा है। सुतली, बांस, पैरा, मिट्टी, कपड़े और विशेष पेंट्स के दामों में हुई भारी वृद्धि के कारण इस वर्ष मूर्तियों की लागत बढ़ गई है।

मूर्तिकारों के अनुसार मजबूरन इस साल मूर्तियों की कीमत पिछले वर्ष की तुलना में थोड़ी ज्यादा रखनी पड़ी है, फिर भी भक्तों की आस्था पर इसका कोई असर नहीं पड़ा है।

ग्राम नारा में नारायण धीवर और उनके सहयोगियों द्वारा तैयार की जा रही प्रतिमाओं की मांग केवल स्थानीय क्षेत्र तक सीमित नहीं है। इनकी फिनिशिंग और सुंदरता के कारण यहां निर्मित मां दुर्गा की प्रतिमाएं रायपुर शहर के तेलीबांधा और गोगांव से लेकर तुमगांव तथा धरसींवा के प्रमुख पूजा पंडालों की शोभा बढ़ाएंगी।

आंगनबाड़ी केंद्र में गोद भराई व अन्नप्राशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग



ग्राम पंचायत भोथली, विकासखंड आरंग के आंगनबाड़ी केंद्र में सेवा संकल्प कार्यक्रम के तहत गोद भराई, अन्नप्राशन, स्वस्थ्य बालिका का न्योता भोज प्रतियोगिता तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सदस्य अनुसूचित जाति सलाहकार परिषद छत्तीसगढ़ शासन बेदराम खुटे ने कहा कि सेवा संकल्प के तहत शासन की प्रत्येक योजना अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे तथा मोदी का सपना साकार करते हुए सड़क, बिजली, पानी, आवास, रोटी-कपड़ा की व्यवस्था हो, इसमें हम सभी की सहभागिता जरूरी है।

ग्राम पंचायत की मुखिया सरपंच भेषण साहू ने कहा कि आंगनबाड़ी में जितने भी छोटे-छोटे बच्चे हैं, कुपोषण दूर करने के लिए शासन द्वारा जितने भी पोषक तत्व आहार दिए जा रहे हैं, उसके लिए सभी ग्रामवासियों को अपने बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र भेजना चाहिए, ताकि बच्चे स्वस्थ, मस्त और बुद्धिमान बनें।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से बेदराम खुटे सदस्य छत्तीसगढ़ अनु. जाति सलाहकार परिषद, सरपंच भोषण साहू, उपसरपंच कृष्ण चंद खुटे, पंच नारायण साहू, पंच नरेन्द बंजारे, वरिष्ठ भाजपा नेता द्रोण चंद्राकर, टीकाराम साहू पूर्व उप सरपंच, पंच रयमुन धीवर, ताम्रज यादव, खेदू धीवर, गनेन्द्र साहू, सेक्टर पर्यवेक्षक वंदना दीक्षित, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उर्विसी, पुष्पलता बांधे, कांतिबाला सोनवानी, सहायिका बेना चंद्राकर, दीपिका बांधे, दीपमाला यादव, सक्रिय महिला के रूप में दुलेश्वरी यादव, राधा साहू, लक्ष्मी चंद्राकर, देवंतीन, अनिशा बंजारे, गंगा लोधी, सुषमा धीवर, लक्ष्मी धीवर, तीजबती, मितानिन ताराबाई लोधी, बिन्दा बाई यादव, सरिता काजल सुहानी, वारनी, सेलिना सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

प्लांट में स्थानीय को छोड़ बाहरी मजदूरों को रोजगार देने का कांग्रेस ने लगाया आरोप

सिलयारी। धरसीवा विधानसभा क्षेत्र के अडानी पावर रायखेड़ा में स्थानीय मजदूरों को रोजगार नहीं मिलने और बिहार सहित अन्य राज्यों से मजदूरों को काम पर रखे जाने के आरोपों को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिलाध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने भाजपा सरकार और क्षेत्रीय विधायक अनुज शर्मा पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि प्लांट स्थापित होने के समय 90 प्रतिशत स्थानीय लोगों को रोजगार में प्राथमिकता देने नियम है, लेकिन जमीन पर स्थानीय मजदूर रोजगार के लिए भटक रहे हैं और बाहरी मजदूरों से काम कराया जा रहा है। बंजारे ने कहा कि अडानी पावर में स्थानीय और बाहरी मजदूरों के बीच कथित मारपीट, सरपंच की गाड़ी में तोड़फोड़ तथा प्लांट परिसर के भीतर कथित रूप से शराब पहुंचने और बिक्री की शिकायतें बेहद गंभीर हैं। उन्होंने कहा कि यदि प्लांट के अंदर शराब पहुंच रही है और विवाद के दौरान लाठी-डंडे उपलब्ध हो रहे हैं तो प्लांट की सुरक्षा व्यवस्था और प्रबंधन की भूमिका की जांच होना जरूरी है। बंजारे ने कहा कि अडानी पावर रायखेड़ा की पूरी घटना की उच्चस्तरीय जांच, मजदूरों का पुलिस सत्यापन, प्लांट के अंदर कथित शराब बिक्री और सुरक्षा व्यवस्था की जांच तथा स्थानीय मजदूरों को रोजगार में प्राथमिकता सुनिश्चित की जाए।

कर्नल वेलमुरुगन ने किया महाविद्यालय का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग



बी.पी. लोधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, आरंग में 27 बटालियन एनसीसी रायपुर के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल एस. वेलमुरुगन का आगमन हुआ। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अभया आर. जोगलेकर एवं एनसीसी अधिकारी कैप्टन अविनाश सिंह ने उनका स्वागत किया। महाविद्यालय आगमन के पश्चात कमांडिंग ऑफिसर कर्नल एस. वेलमुरुगन ने एनसीसी कैडेट्स को संबोधित करते हुए शिक्षा पर विशेष जोर दिया तथा अपने अभिभावकों एवं गुरुजनों का सम्मान करने की बात कही। उन्होंने कैडेट्स से एनसीसी कैडेट होने पर गर्व महसूस करने के साथ-साथ अपनी व्यक्तिगत शिक्षा एवं अध्ययन पर विशेष ध्यान देने का आह्वान किया। इस दौरान महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अभया आर. जोगलेकर ने कैंप के दौरान होने वाली परीक्षाओं को लेकर अपनी चिंता से कमांडिंग ऑफिसर को अवगत कराया। वहीं, एनसीसी अधिकारी कैप्टन अविनाश सिंह ने महाविद्यालय के कैडेट्स के देश एवं प्रदेश की विभिन्न सेवाओं में चयनित होकर योगदान देने की जानकारी दी। कमांडिंग ऑफिसर ने एनसीसी की विभिन्न गतिविधियों से संबंधित दस्तावेजों एवं रजिस्टरों का निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने महाविद्यालय में एनसीसी के लिए उपलब्ध कक्षाओं, कार्यालय, क्वार्टर गार्ड एवं अन्य सुविधाओं का भी जायजा लिया। अपने उद्बोधन में उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे किसी भी प्रकार के सहयोग के लिए निःसंकोच होकर उनसे संपर्क करें। उन्होंने कहा कि वे सदैव उनकी सहायता के लिए उपलब्ध रहेंगे। कमांडिंग ऑफिसर ने यह भी जानकारी दी कि एसएसबी की तैयारी के लिए एडम ऑफिसर कर्नल सुभाष महतो द्वारा निःशुल्क मार्गदर्शन दिया जाता है, जिसका छात्र लाभ उठा सकते हैं।

मोखला में आंगन मिलन कार्यक्रम

आरंग। मंगलवार को मोखला में आंगन मिलन कार्यक्रम का आयोजन सामुदायिक सहभागिता के साथ किया गया, जिसका उद्देश्य विभागीय योजनाओं को हितग्राहियों तक पहुंचाना तथा माताओं की क्षमता एवं जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम में जनपद सदस्य किरण मनीष साहू, सरपंच, सचिव, जनप्रतिनिधि चंद्रिका प्रसाद चंद्राकर, रोजगार सहायक लेखराम चंद्राकर एवं बूथ प्रभारी गिरधारी चंद्राकर उपस्थित रहे। इस अवसर पर कार्यकर्ता अहिल्या चंद्राकर, सुनीता निर्मलकर, तरुणा चंद्राकर एवं अन्नपूर्णा चंद्राकर, सभी सहायिकाओं एवं मितानिनों का सम्मान किया गया।



भैंसमुड़ा आंगनबाड़ी में गोद भराई, अन्नप्राशन और पौष्टिक व्यंजन प्रदर्शनी

कूंरा। महिला बाल एवं विकास की पर्यवेक्षक कुंती साहू के मार्गदर्शन में ग्राम भैंसमुड़ा आंगनवाड़ी क्रमांक 1 में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विपिन बिहारी वर्मा, सरपंच शीतल वर्मा ,सरपंच प्रतिनिधि चित्रेश वर्मा, पंच द्रौपदी वर्मा विजयलक्ष्मी वर्मा, बूथ अध्यक्ष धनेश्वर वर्मा, कमलेश्वर निषाद ,मंडी अध्यक्ष यशवंत वर्मा, प्राथमिक शाला के शिक्षक सालिक राम सेन की विशेष उपस्थिति रही है।

गर्भवती माता का गोद भराई अन्नप्राशन

उपस्थित जन प्रतिनिधियों के द्वारा आंगनबाड़ी के बच्चों के लिए खिलौना दान किया गया।आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के द्वारा पौष्टिक व्यंजन प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। उपस्थिति महिलाओं के लिए कुर्सी दौड़ एवं मटका फोड़ का आयोजन किया गया जिसमें महिलाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उषा वर्मा, सरस्वती वर्मा, तपेश्वरी वर्मा, आंगनबाड़ी सहायिका गायत्री नेम लिखेश्वरी निषाद, सक्रिय महिला चित्र रेखा गजेंद्र एवं बड़ी संख्या में गांव की महिलाएं, बुजुर्ग और ग्रामवासी उपस्थित रहे।

5 हजार हितग्राहियों को मिला योजनाओं का लाभ

सैनिकों के त्याग से ही देश की सीमाएं सुरक्षित हैं : गुरु खुशवंत

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

विकासखंड स्तरीय सेवा संकल्प अभियान का भव्य आयोजन टाउन हॉल आरंग में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। जिला कलेक्टर रायपुर डॉ. गौरव कुमार सिंह के मार्गदर्शन, जिला पंचायत सीईओ कुमार विश्वरंजन एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) रवि सिंह के कुशल निर्देशन तथा सभी विभागों के संयुक्त समन्वय से आयोजित इस शिविर में लगभग पांच हजार हितग्राहियों को मौके पर ही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक एवं कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब उपस्थित रहे। उन्होंने जनसमूह को संबोधित करते हुए भारतीय सेना के अदम्य साहस और शौर्य को नमन किया और कहा कि हमारे सैनिकों के त्याग और समर्पण की बदौलत ही देश की सीमाएं सुरक्षित हैं।



विभिन्न विभागों द्वारा वितरित की गई सामग्री व प्रमाण-पत्र

इस अवसर पर नगर पालिका परिषद आरंग अध्यक्ष डॉ. संदीप जैन, राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त ध्रुव कुमार मिर्धा, जनपद अध्यक्ष टाकेश्वरी मुरली साहू, जिला पंचायत सदस्य तारिणी दीपक चंद्राकर सहित अनेक जनप्रतिनिधिगण रविन्द्र रिंकू चंद्राकर, पद्मिनी साहू, रेखा कृपाल यादव, नरेंद्र लोधी, सुनीता विनायक धुरंधर, पुष्कर साहू, संतोष लोधी, उमाकांत यादव, वीरेंद्र कडरा, देवनाथ साहू, गोपाल वर्मा, केके भारद्वाज, विक्रम परमार, खिलेश धुरंधर, अशोक चंद्राकर आदि की सहभागिता रही। प्रमुख रूप से राजस्व विभाग द्वारा 1979 लाभार्थियों को स्वामित्व पट्टा वितरण, 229 लाभार्थियों को आय-जाति-निवास प्रमाण-पत्र वितरण, 667 बाढ़ क्षतिपूर्ति मुआवजा वितरण। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 70 लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण चाबी वितरण, स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत 17 शौचालयों की स्वीकृति, बिहान योजना में 04 समूह को 60 लाख, 08 समूह को 4 लाख 80 हजार, उद्यमिता में 08 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई। समाज कल्याण विभाग द्वारा 06 श्रवण यंत्र, 06 छड़ी, 10 वृद्धा पेंशन, 05 राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना का लाभ दिया गया। मत्स्य विभाग द्वारा लगभग 20 हितग्राहियों को पंजीयन प्रमाण-पत्र दिया गया। श्रम विभाग द्वारा श्रमिकों के हित में 50 श्रम कार्ड, 20 मिनीमाता महतारी जतन, 20 मुख्यमंत्री सियान सहायता, 50 मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी छात्र योजना का लाभ प्रदाय किया गया।

विभिन्न योजनाओं से पात्र हितग्राही लाभान्वित

योजना एवं सांख्यिकी विभाग द्वारा लगभग 30 जन्म प्रमाण-पत्र, 21 मृत्यु प्रमाण-पत्र एवं 05 विवाह प्रमाण-पत्र से संबंधित सेवाएं प्रदान की गईं। कृषि विभाग द्वारा 52 हितग्राहियों को स्प्रेयर वितरण सहित कृषि संबंधी योजनाओं का लाभ पहुंचाया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत सीईओ राजेंद्र पांडेय, तहसीलदार बाबूलाल कुर्रे, विक्रांत राठौर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी राम संजीवन सोनवानी, विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. विजय लक्ष्मी अनंत, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी लाखेश्वर रात्रे, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक सुरेंद्र सिंह चंद्रसेन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की अनुविभागीय अधिकारी शुभ्रा बघेल,सहायक विकास विस्तार अधिकारी मानस चौधरी, श्रम निरीक्षक मुकेश पुरी गोस्वामी, परियोजना अधिकारी अनिल चंद्राकर सहित सभी विभाग के अधिकारी-कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

उल्बा व भरेगा में आंगन मिलन समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ अभनपुर



आंगनबाड़ी केंद्र उल्बा एवं भरेगा में आंगन मिलन समारोह एवं पोषण माह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों एवं पालकों को पोषण, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा बच्चों के पोषण और संतुलित आहार के महत्व की जानकारी दी गई। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से बच्चों और माताओं के पोषण एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। ऐसे आयोजनों से ग्रामीण क्षेत्र में पोषण, स्वास्थ्य और बाल विकास को लेकर जागरूकता बढ़ती है।

कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष किशोर साहू, युवा मोर्चा अध्यक्ष शशि कुमार साहू, जनपद सदस्य रानी मनोज सोनवानी, सरपंच भोजेश्वर तारक, सरपंच निलेश यदु, सुशीला सोनवानी, रेखा ठाकुर, महेश सोनवानी, कल्याणी मांडे, मनोज कुमार ढेबर, चंद्रबली, लकेश, आकाश, ब्रिजेश पाण्डेय, रूखमणि तारक, उषा, निर्तला, पर्यवेक्षक रेखा ठाकुर, आशा ढेबर, बबीता कोसले, रामकुमारी गायकवाड़, कुसुम साहू, जयंती ध्रुव, शांति गायकवाड़, चमेली भट्ट, अंजू भट्ट, बिसवंतीन घृतलहरे, किरण घृतलहरे, रोशनी, लक्ष्मी भारद्वाज सहित बच्चे, पालकगण एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप




सेवा संकल्प शिविर में नागरिकों को मिला लाभ

रायपुर। नगरनिगम जोन 1 के खमतराई पानी टंकी परिसर स्थित कार्यालय में जोन स्तरीय सेवा संकल्प शिविर लगाया गया। इस मौके पर 3 वरिष्ठ नागरिकों को निशुल्क बस यात्रा पास, प्रधानमंत्री आवास योजना के 6 हितग्राहियों को भवन अनुज्ञा स्वीकृति पत्र और 1 हितग्राही को राशनकार्ड जोन अध्यक्ष गज्जू साहू और एमआईसी सदस्य नंदकिशोर साहू ने प्रदान किए। मंगलवार को खमतराई पानी टंकी परिसर कार्यालय में सेवा संकल्प शिविर का आयोजन रखा गया, इसमें प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत मकान निर्माण करने भवन अनुज्ञा स्वीकृति पत्र 6 पात्र हितग्राहियों को मंच पर दिए गए। इसी तरह परिवहन विभाग की ओर से तीन वरिष्ठ नागरिकों को निशुल्क बस यात्रा पास दिया गया। शिविर स्थल पर जोन अध्यक्ष गज्जू साहू, एमआईसी सदस्य नंदकिशोर साहू, पार्षद अम्बिका साहू, सोहन साहू, राजेश कुमार देवांगन, एल्डरमैन बी. श्रीनिवास राव, पूर्व पार्षद गोदावरी साहू, मोहन उपारकर सहित जोन 1 के जोन कमिश्नर अंशुल शर्मा सीनियर, कार्यपालन अभियंता द्वोनी कुमार पैकरा सहित नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

निधन

कन्हैयालाल रूपरेला

रायपुर। विमल कुंज, शंकर नगर निवासी कन्हैयालाल रूपरेला (70) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 6 अक्टूबर को तेलीबांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे प्रकाश रूपरेला के भाई एवं अशोक, इंदर, जगदीश रूपरेला के पिता थे।



खेमचंद मिरघानी

रायपुर। देवेंद्र नगर निवासी खेमचंद मिरघानी का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 6 अक्टूबर को देवेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे रमेश, महेश मिरघानी के भाई और जितेंद्र, दीपिन मिरघानी के पिता थे।



सूरजबाई बाफना

रायपुर। सूरज बाई बाफना का दुखद निधन गत दिनों हो गया। उनका शांति मिलन गुरुवार को उनके बीजा स्थित निज निवास में होगा। वे पशु चिकित्सक डॉ.पदम जैन, गौतमचंद, महाबीर और नेमीचंद की माता थीं।



कन्हैयालाल अंदानी

रायपुर। प्रियदर्शिनी नगर निवासी कन्हैयालाल अंदानी (69) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 6 अक्टूबर को न्यू राजेंद्र नगर मुक्तिधाम किया गया। वे चेटूमल अंदानी के भाई और हीरा, मनीष अंदानी के पिता थे।



प्रीत देवी साहू

रायपुर। मोहबा बाजार निवासी साहू समाज की प्रमुख प्रीत देवी साहू (77) का 6 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 7 अक्टूबर को सुबह 10 बजे महादेवघाट श्मशानघाट में किया जाएगा। वे चंदूलाल साहू की पत्नी व परमेश्वर, ईश्वर, लाला, गंगा साहू की माता थीं।



40 घंटे से ज्यादा सफर वाली ट्रेनों में हर दो घंटे में होगी सफाई, 11 ट्रेनों में नई व्यवस्था की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

लंबी दूरी की ट्रेनों में यात्रियों को साफ-सफाई और बेहतर सुविधाएं देने के लिए रेलवे ने नई व्यवस्था शुरू की है। 40 घंटे से अधिक समय तक सफर तय करने वाली देश की 11 प्रमुख ट्रेनों में अब हर दो घंटे में सफाई की जाएगी। सभी जोनल रेलवे में इसी सप्ताह से इस व्यवस्था को लागू करने की तैयारी है। इसके तहत सफाईकर्मी केवल डिब्बों की सफाई तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि ट्रेन में घूमकर यात्रियों से कचरा भी एकत्र करेंगे। नई ऑन-बोर्ड हाउसकीपिंग सर्विस (ओबीएचएस) व्यवस्था के तहत जनरल और स्लीपर समेत सभी कोच में हर दो घंटे में सफाई की जाएगी। इससे लंबे सफर के दौरान डिब्बों में कचरा जमा होने की समस्या कम होने की उम्मीद है। इससे पहले डस्टबिन भर जाने पर रास्ते में अतिरिक्त सफाई व्यवस्था की सीमाएं थीं।

सफाईकर्मी करेंगे छोटी मरम्मत : रेलवे सफाईकर्मियों को छोटी-मोटी तकनीकी खराबी दूर करने का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। वहीं तय स्टेशनों पर प्लम्बर और इलेक्ट्रीशियन की विशेष टीमें तैनात रहेंगी। ट्रेन के स्टेशन पहुंचने से पहले खराबी की जानकारी संबंधित टीम को भेजी जाएगी, ताकि ट्रेन के रुकते ही नल, पानी या बिजली से जुड़ी छोटी समस्याओं को जल्द ठीक किया जा सके। लंबी यात्रा के दौरान बायो-टॉयलेट जाम न हों, इसके लिए यात्रा शुरू होने से प्रमुख स्टेशनों तक शौचालयों की नियमित जांच की जाएगी।

जनरल और स्लीपर समेत सभी कोच की होगी सफाई

फोटो से होगी सफाई की निगरानी

कोच और शौचालयों की वास्तविक स्थिति की निगरानी के लिए निर्धारित स्टेशनों पर तारीख और समय दर्ज वाली तस्वीरें ली जाएंगी। अधिकारी इन तस्वीरों के माध्यम से सफाई व्यवस्था की समीक्षा करेंगे। रेल मदद पोर्टल पर मिलने वाली यात्रियों की शिकायतों को ओबीएचएस पोर्टल से जोड़ा गया है। जोनल स्तर पर अधिकारी हर सप्ताह शिकायतों की समीक्षा करेंगे। सफाई एजेंसियों के भुगतान और अधिकारियों के प्रदर्शन को शिकायतों के निपटारे से जोड़ने की व्यवस्था भी की गई है।



इन 11 ट्रेनों में शुरू हुआ ट्रायल

नई व्यवस्था का ट्रायल 11 लंबी दूरी की ट्रेनों में शुरू किया गया है। इनमें विवेक एक्सप्रेस (डिब्रूगढ़-कन्याकुमारी), अवध असम एक्सप्रेस (डिब्रूगढ़-लालगढ़), आरकेएमपी-अगरतला एक्सप्रेस, अहमदाबाद-सहरसा एक्सप्रेस, दानापुर-एसएमवीबी बेंगलुरु एक्सप्रेस, पुणे-एसओयू एक्सप्रेस, आम्रपाली एक्सप्रेस, झेलम एक्सप्रेस, राजगीर-एलटीटी मुंबई एक्सप्रेस, हावड़ा-यशवंतपुर एक्सप्रेस और अमृतसर-सहरसा गरीब रथ एक्सप्रेस शामिल हैं। इनमें प्रयागराज छिवकी होकर गुजरने वाली राजगीर-एलटीटी और आरकेएमपी-अगरतला एक्सप्रेस के यात्रियों को भी नई सफाई व्यवस्था का लाभ मिलेगा।

नेहा बोरा पर आपत्तिजनक टिप्पणी के खिलाफ महिला आयोग में शिकायत



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय समन्वयक प्रीति उपाध्याय शुक्ला ने मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के सदस्य मोहम्मद फैज खान द्वारा नेहा बोरा के संबंध में की गई आपत्तिजनक एवं लैंगिक टिप्पणियों को लेकर छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में कहा गया है कि सार्वजनिक वीडियो में फैज खान द्वारा नेहा बोरा के राजनीतिक विचारों का विरोध करते हुए उनके महिला होने और व्यक्तिगत गरिमा को निशाना बनाने वाली टिप्पणियां की गईं। शिकायत में मुस्लिम राष्ट्रीय मंच तथा उसके आरएसएस से सार्वजनिक रूप से जुड़े होने का भी उल्लेख किया गया है। उन्होंने महिला आयोग से वीडियो का तत्काल संज्ञान लेकर निष्पक्ष जांच, डिजिटल साक्ष्यों को सुरक्षित रखने तथा आरोप सही पाए जाने पर कानून के अनुसार आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। बालोद विधायक एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष संगीता सिन्हा ने कहा कि राजनीतिक मतभेद लोकतंत्र का हिस्सा हैं, लेकिन किसी महिला को उसके विचारों के लिए लैंगिक एवं अपमानजनक टिप्पणियों का निशाना बनाना स्वीकार्य नहीं है। शिकायत देने गए डेलीगेशन में कांग्रेस नेत्री नीलिमा मिश्रा, प्रगति वाजपेयी एवं सबा अली शामिल रहीं।

उत्तर के मौसम में बदलाव, मध्य में असर नहीं

रायपुर। मानसून की विदाई के दौर में एक बार फिर राज्य के उत्तरी हिस्से के मौसम में बदलाव होने की उम्मीद है। दक्षिण-पूर्व उत्तरप्रदेश के ऊपर ने चक्रीय चक्रवाती घेरा के प्रभाव सरगुजा और बिलासपुर संभाग के कुछ स्थानों में हल्की वर्षा हो सकती है। राजधानी रायपुर समेत अन्य इलाकों में इसका प्रभाव कम रहने की उम्मीद है। पिछले चौबीस घंटे में बलरामपुर, मुंगेली और बिलासपुर के कुछेक इलाकों में बारिश हुई। राजनांदगांव का अधिकतम तापमान 35.5 और रायपुर का 34.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

ग्राहकों के लिए स्मार्ट सुलभ शौचालय भी जरूरी

लाखेनगर से रायपुरा ब्रिज तक जर्जर खंबे बदलने और नालियों की सफाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर दक्षिण विधानसभा के अंतर्गत मंगलवार को अश्वनी नगर स्थित महाराष्ट्रियन तेली समाज भवन में लगे विधानसभा स्तरीय सेवा सेतु शिविर में महादेवघाट व्यापारी कल्याण संघ के पदाधिकारियों ने सांसद बृजमोहन अग्रवाल और निगम आयुक्त संबित मिश्रा को ज्ञापन सौंपकर लाखेनगर से रायपुरा ब्रिज तक जर्जर हो चुके बिजली खंबों को तत्काल बदलकर नया पोल लगाने और सड़क किनारे के दोनों ओर के नालियों की नियमित सफाई कराने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा। व्यापारी संघ की ओर से मांग की गई कि निगम जोन 5 के इंजीनियर नागेश्वर रामटेके और प्रेम मानिकपुरी को हटाया जाए।

- महादेवघाट व्यापारी कल्याण संघ अध्यक्ष के साथ दुर्व्यवहार करने वाले निगम कर्मियों को हटाने की मांग

व्यापारी संघ का आरोप है कि इन दोनो ने व्यापारी संघ के अध्यक्ष से दुर्व्यवहार किया। महादेवघाट व्यापारी कल्याण संघ के अध्यक्ष विमल बाफना, महासचिव राम चौरसिया ने त्योहारी सीजन को देखते हुए दुकानों के सामने चूने की मार्किंग कर व्यापारियों को दुकान की तय सीमा रेखांकित करने पर जोर दिया। कुछ स्थानों पर पेवर के पेंडिंग काम को पूरा कराने और लाखेनगर से रायपुर ब्रिज तक स्मार्ट बाजार योजना के तहत सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने की मांग की। साथ ही महिला व पुरुष ग्राहकों के लिए स्मार्ट सुलभ शौचालय की मांग की गई।



बृजमोहन ने लिया जायजा

राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के माध्यम से 900 से अधिक हितग्राहियों को आय प्रमाणपत्र, 71 को जाति प्रमाणपत्र और 146 आवेदकों को निवास प्रमाणपत्र से संबंधित लाभ मिला। शिविर में 6,331 हितग्राही विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हुए। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने शिविर में लगाए गए विभिन्न स्टालों का अवलोकन किया। उन्होंने हितग्राहियों से संवाद कर उन्हें मिल रहे योजनाओं के लाभ की जानकारी ली। श्री अग्रवाल ने कहा कि जनकल्याण कारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। शिविर में जोन 4, 5, 6 के अंतर्गत आने वाले 17 वार्डों के नागरिकों ने शासकीय विभागों के स्टाल का निरीक्षण कर अधिकारियों से योजनाओं की जानकारी ली।

ये हुए शामिल

सेवा सेतु शिविर स्थल में निगम आयुक्त संबित मिश्रा, एमआईसी सदस्य सरिता दुबे, अमर गिदवानी, जोन 5 अध्यक्ष अंबर अग्रवाल, जोन 4 के जोन अध्यक्ष मुरली शर्मा, जोन 6 के जोन अध्यक्ष बद्री प्रसाद गुप्ता, पार्षद स्वप्निल मिश्रा, दुर्गा साहू, जयश्री नायक, अजय साहू, एल्डरमैन रामकिंकर सिंह, जोन 5 कमिश्नर खीरसागर नायक सहित रायपुर नगर निगम एवं विभिन्न शासकीय विभागों के अन्य संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के अलावा हितग्राहियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के विधानसभा स्तरीय सेवा सेतु शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत मकान निर्माण से संबंधित भवन अनुज्ञा स्वीकृति पत्र हितग्राहियों को प्रदान किए। शिविर की व्यवस्था का प्रत्यक्ष निरीक्षण रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी ने किया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा शिशुओं का अन्नप्राशन किया गया।

एसआईआर पर कांग्रेस का अभियान तेज, 10 से 20 अक्टूबर तक मार्च-बाइक रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

दिल्ली में हुई एआईसीसी बैठक में शामिल होकर लौटे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि बैठक में एसआईआर और चुनाव प्रक्रिया को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली को लेकर लगातार सवाल उठा रही है। अभियान के दूसरे चरण में 10 से 20 अक्टूबर तक मार्च और बाइक रैली निकाली जाएगी तथा एसडीएम कार्यालयों का घेराव किया जाएगा। 25 अक्टूबर से गांवों में 'वोट चोरी' के खिलाफ चौपाल लगाई जाएगी, जबकि नवंबर में 'वोट बचाओ-देश बचाओ' कार्यक्रम आयोजित होंगे।

- 25 अक्टूबर से गांवों में 'वोट चोरी' के खिलाफ चौपाल

एसिड अटैक पर सरकार को घेरा

बालोद में एसिड अटैक की घटना को लेकर श्री बैज ने भाजपा सरकार और गृह विभाग पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में अपराध की स्थिति चिंताजनक हो गई है, यहां बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। पुलिसकर्मी की बेटी पर हमले का उल्लेख करते हुए उन्होंने गृहमंत्री से घटना की जिम्मेदारी लेने की मांग की। श्री बैज ने आरोप लगाया कि गृहमंत्री गृह विभाग संभालने में असफल हैं और उन्हें पद छोड़ देना चाहिए।

घोटालों और चुनाव प्रक्रिया पर निशाना

कोल घोटाले की अनुपूरक चार्जशीट पर श्री बैज ने कहा कि कोल, शराब और महादेव सट्टा मामलों में एजेंसियों की जांच और चार्जशीट की कार्रवाई चल रही है। इन मामलों की जांच अन्य केंद्रीय एजेंसियां भी कर सकती हैं।

लाखों की जमीन करोड़ों में बेचने का फार्मूला बताएं केदार : कांग्रेस में आपसी विवाद के आरोपों पर उन्होंने कहा कि पार्टी में कोई 'सिर फुटौव्वल' नहीं है, बल्कि भाजपा संगठन में विवाद चल रहा है। वहीं मंत्री केदार कश्यप से जुड़े जमीन विवाद पर श्री बैज ने तंज कसते हुए कहा कि उन्हें पहले 20 लाख की जमीन को 20 करोड़ में बेचने का फॉर्मूला बताना चाहिए। मामला आठ दिन से चल रहा है, लेकिन केदार कश्यप अब तक इस पर कुछ नहीं बोल रहे हैं।

पेज 11 के शेष ...

डीडीनगर में बौराए ...

हैं। वहीं राह चलते मवेशियों के अचानक सामने आने से भी दुर्घटना का अंदेशा बढ़ गया है।

काऊकैचर दस्ता पस्त, वन विभाग से ली मदद: मंगलवार को नगर निगम जोन-5 क्षेत्र के पं. दीनदयाल उपाध्याय वार्ड स्थित डीडीनगर में एक काले सांड ने अनियंत्रित होकर कंचनगंगा फेस-2, सेक्टर-2 एवं बंजारी नगर क्षेत्र में जमकर उत्पात मचाया। इसके चलते दर्जनभर से ज्यादा नागरिक घायल हो गए तथा क्षेत्र में भय की स्थिति निर्मित हो गई। सूचना मिलने पर जोन-5 की टीम काऊकैचर लेकर सांड को पकड़ने पहुंची, पर सांड फंदा छुड़ाकर भागता रहा, प्रयास सफल नहीं होने पर वार्ड पार्षद आशु चंद्रवंशी और रहवासियों ने वन विभाग से संपर्क किया। इसके बाद वन विभाग-जंगल सफारी की टीम और भाठागांव पशु चिकित्सा के डॉ. दिनेश पटेल के सहयोग से ट्रैंक्यूलाइजर के माध्यम से बेहोशी का इंजेक्शन देकर सांड को सुरक्षित रूप से काबू किया गया। उपचार के लिए सांड को जोन 5 के अधिकारियों को सौंप दिया गया। वहीं इस घटना में क्षेत्र के दर्जनभर से ज्यादा नागरिकों को चोटें आई हैं। इनमें से कुछ लोगों को उपचार के दौरान हाथों में प्लास्टर चढ़ाने के बाद घर पर आराम करने भेजा गया। वहीं इनमें पूर्व महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष कल्पना पटेल भी घायल हुईं, जिन्हें उपचार के लिए बालाजी हास्पिटल में भर्ती कराया गया है। ***सब्जी मंडियों में कचरे का ढेर बचा-खुचा खाना भी मवेशियों के जमावड़े का कारण:*** शहर के मुख्य बाजारों, सब्जी मंडियों और सड़क किनारे फैले कचरों के ढेर से आसानी से बचा-खुचा खाना और सब्जियां मिल जाती हैं, इस वजह से सांड और अन्य मवेशी मुख्य मार्गों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में ही जमे रहते हैं।

मवेशियों के सड़क और चौक-चौराहे पर जमावड़ा होने का एक बड़ा कारण पशुपालकों का गैर जिम्मेदाराना रवैया रहा है। कई पशुपालक गायों का दूध निकालने के बाद मवेशी दिनभर या रात में सड़कों पर खुले छोड़ देते हैं। नर मवेशियों का दुग्ध उत्पादन में कोई उपयोग न होने के कारण उन्हें स्थायी रूप से सड़कों पर ही लावारिस छोड़ने की प्रवृति भी इसका एक बड़ा कारण है। नगर निगम द्वारा वसूला जाने वाला जुर्माना इतना कम या अप्रभावी होता है कि पशुपालकों में इसका कोई डर ही नहीं रहता। बार-बार सड़कों पर मवेशियों को छोड़ने वालों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई या एफआईआर का कड़ाई से पालन न होना भी एक बड़ी वजह है।

दस जोन में दस ...

उपलब्ध हैं, जो कि शिकायत मिलने पर स्पॉट पर जाकर संबंधित मवेशियों को पकड़कर गोठान और कांजी हाउस में छोड़ते हैं, लेकिन धरातल पर इसकी स्थिति इसके उलट है। सड़क पर मवेशियों की संख्या घटने के बजाय बढ़ती जा रही है। पशुपालक अपने मवेशियों को खुली सड़क पर छोड़ने से बाज नहीं आ रहे।

नए साल में ई-बसों ...

दरअसल केंद्र सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ के 4 प्रमुख शहर रायपुर, दुर्ग, भिलाई, बिलासपुर और कोरबा में सुगम आवागमन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पर्यावरण हितैषी 240 पीएम ई-बसें लाई जा रही हैं। बस डिपो और इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए 267 करोड़ 40 लाख रुपए की मंजूरी दी गई है। इसमें रायपुर शहर के लिए 100 ई-बसों के हिसाब से आधुनिक डिपो निर्माण और संचालन के लिए अनुमानित 100 करोड़ की राशि दी है। पीपीपी मोड पर ई-बसों का संचालन होना है।

2 हेक्टेयर भूमि पर ...

बढ़ाकर निर्धारित समयसीमा में ई-बस डिपो का कार्य पूरा करने के निर्देश दिए, ताकि शहर की आम जनता को पीएम ई-बस की सुविधा का लाभ जल्द से जल्द मिल सके। ऐसा नहीं किए जाने पर अनुबंधित एजेंसी पर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए।

आयुक्त ने बिजली कंपनी सीएसपीडीएसएल के समन्वय से डिपो परिसर में हाईटेंशन लाइन बिछाने और हाईपावर चार्जिंग स्टेशन का कार्य पूरा करने की हिदायत दी। ई-बस डिपो में बसों की धुलाई के लिए आटो वॉशिंग प्लांट लगेगा। बस चालकों और स्टॉफ के लिए विश्रामगृह जैसी मूलभूत सुविधा भी इसमें शामिल रहेगी। वहीं ई-बस चार्जिंग के लिए हाई कैपिसिटी फास्ट चार्जर लगाए जाएंगे। जरवाय में बस डिपो से लगे परिसर में प्रस्तावित प्रशासनिक भवन की छतों पर सोलर पैनर लगाएं जाएंगे, जिससे उत्पन्न होने वाली हरित ऊर्जा से डिपो परिसर की लाइट और आफिस का बिजली खर्च निकल जाएगा।

संपत्ति कर बकाया,...

नायक के निर्देश पर जोन सहायक राजस्व अधिकारी प्रमोद जाधव, राजस्व निरीक्षक खगेंद्र सोनी मनीष भोई, सहायक राजस्व निरीक्षक विपिन सोनी, देवेन्द्र नेताम, रवि सोनी, मयंक यादव, मनीष खुंटे की उपस्थिति में संबंधित व्यावसायिक संपत्तियों को तत्काल ताला लगाकर सीलबंद कर दिया गया।

कार की टक्कर से ...

इतनी तेज थी कि खड़ी कार उन दोनों महिलाओं से जा टकराई, जिससे उनके घुटने, पैर में गंभीर चोटें आई हैं। घटना के बाद आरोपी कार चालक वाहन को वहीं छोड़कर फरार हो गया था। इधर पुलिस घटना की सूचना मिलते ही तत्काल मौके पर पहुंचकर घायल महिलाओं को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गई, जहां प्रारंभिक इलाज कराने के बाद चिकित्सक को दोनों को आंबेडकर अस्पताल रेफर कर दिया।

डोंगरगढ़ जाने वालों ...

किया जा रहा है। वहीं रायपुर-डोंगरगढ़-रायपुर मेमू को गोंदिया तक विस्तार दिया जा रहा है। साथ ही डोंगरगढ़-दुर्ग-डोंगरगढ़ मेमू स्पेशल भी चलाई जाएगी। इन सेवाओं के कारण नवरात्रि मेले के दौरान डोंगरगढ़ पहुंचने और दर्शन के बाद लौटने के लिए यात्रियों को अतिरिक्त विकल्प मिलेंगे।

समयसीमा बैठक में विभिन्न विभागों के कामकाज की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने मंगलवार को कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रॉस सभाकक्ष में समयसीमा की बैठक लेकर विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों, शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं तथा आगामी महत्वपूर्ण कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को सभी लंबित प्रकरणों का निर्धारित समयसीमा में निराकरण करने तथा शासन की योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए अविवादित खाता विभाजन, विवादित एवं अविवादित नामांतरण के दर्ज प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने किसान पंजीयन एवं पीजी पोर्टल पर लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए समय-सीमा में उनका निराकरण सुनिश्चित करने कहा, साथ ही आरबीसी 6(4) के सभी लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता के साथ जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने लिया ईवीएम वेयरहाउस का जायजा

रायपुर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के परिपालन में मंगलवार को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह ने कलेक्टोरेट परिसर स्थित ईवीएम एवं वीवीपीएटी वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान राजनीतिक दल के प्रतिनिधि राज देवांगन एवं अनिल राय चूड़ा उपस्थित रहे। वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था, सीलिंग, सीसीटीवी निगरानी एवं अन्य व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर एडीएम उमाशंकर बंदे, अपर कलेक्टर कीर्तिमान सिंह राठौर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ठाकुर सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

बिजनेस साइट

बैंक ऑफ इंडिया में हिंदी माह का समापन



रायपुर। बैंक ऑफ इंडिया, रायपुर अंचल में हिंदी माह-2026 का समापन समारोह उत्साह के साथ हुआ। माह के दौरान अंचल की विभिन्न शाखाओं एवं आंचलिक कार्यालय में राजभाषा प्रश्नोत्तरी, बैंकिंग शब्दावली, निबंध और हिंदी ई-मेल सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इनमें बैंक के स्टाफ सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पुरस्कार वितरण समारोह में आंचलिक प्रबंधक विनय नागराज उपकारी और सहायक महाप्रबंधक सोनू कुमार उपस्थित रहे। आंचलिक प्रबंधक ने हिंदी की महत्ता और आर्थिक क्षेत्र में हिंदी के बढ़ते प्रभाव पर प्रकाश डाला। वहीं, सहायक महाप्रबंधक ने भारत सरकार के राजभाषा संबंधी लक्ष्यों की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन राजभाषा अधिकारी करन सिंह ने किया। इस अवसर पर विजेताओं को प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। आंचलिक प्रबंधक के नेतृत्व में कर्मचारियों ने राजभाषा संकल्प लिया और कार्यस्थल पर हिंदी के अधिकतम प्रयोग की प्रतिबद्धता जताई।

आम सूचना

वाके मौजा ग्राम खमतराई, प.ह.नं-00038 रा.नि. रायपुर एक तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि जिसका खसरा नं- 218/208, रकबा 900 वर्गफुट भूमि के संबंध में

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता भूमि स्वामी निशीद परमार पिता-स्व. वासुदेव जाति-सामान्य पता-विजय सोप की गली, फाफाडीह, रायपुर छ.ग. के आधिपत्य की भूमि जो कि वाके मौजा ग्राम खमतराई, प.ह.नं- 00038, यतियतन लाल वार्ड नं- 04, गंगा नगर के अंतर्गत रा.नि.मं. रायपुर-1 तहसील व जिला रायपुर छ.ग. स्थित भूमि जिसका खसरा नं- 218/208, रकबा 900 वर्गफुट परिवर्तित आवासीय भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा तय कर विक्रय इकरारनामा का निष्पादन कर टोकन राशि अदा कर चुका है, जिसका मात्र बैनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः उपरोक्त संव्यवहार के संबंध में जिस किसी व्यक्ति संस्था निकाय, शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्था, साहुकार, बैंक आदि को किसी भी प्रकार से कोई उजर दावा आपत्ति हो तो 07 दिनों के भीतर अपनी आपत्ति मय दस्तावेज सहित मेरे ऑफिस में प्रस्तुत करें। म्याद बाद किया गया दावा आपत्ति शून्य माना जावेगा तथा मेरे पक्षकार को बंधनकारी नही रहेगा तथा मेरा पक्षकार उक्त भूमि का बैनामा पंजीयन करवा लेगा। सो सूचना जाने।

रायपुर छ.ग. दिनांक- .....

भवदीय
उर्वरशी अग्रवाल, मनीष अग्रवाल
अधिवक्तागण
पता- रूम नं-101, सिविल कोर्ट, रायपुर छ.ग.
मो.नं-9202220814

आम-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री सोमेन भौमिक पिता श्री एन.एन. भौमिक, निवासी- डी/19, सेक्टर-03, देवेन्द्र नगर, वार्ड नं. 22, रायपुर, तह. व जिला-रायपुर (छ.ग.) ने विक्रेता श्री बोध राम चंद्रा, पिता श्री ननकी दाऊ चंद्रा, निवासी-वार्ड नं. 27, प्रगति नगर, हनुमान मंदिर के पीछे, मोवा, रायपुर, तह. व जिला-रायपुर (छ.ग.) के परिवर्तित भूमि वाके मौजा-ग्राम-गनौद, प.ह.नं. 27, रा.नि.मं. पलौद, तहसील-मंदिर हसौद, जिला-रायपुर छ.ग. में स्थित परिवर्तित भूमि खसरा नंबर 356/7 का भाग रकबा 3000 वर्गफुट भूमि को क्रय किए जाने का पक्का सौदा कर व्याना राशि अदा कर दिया गया है एवं इकरारनामा का निष्पादन किया है तथा बैनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः जिस किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय, शासकीय, अर्द्धशासकीय को उपरोक्त सौदे पर किसी भी तरह की हक, उजर, दावा, आपत्ति हो वह इस आमसूचना प्रकाशन के 7 दिनों के अंदर अपने आपत्ति लिखित रूप से मय दस्तावेज मेरे नीचे लिखे पते पर मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकता है। उक्त अवधि समाप्ति उपरांत कोई भी दावा आपत्ति मान्य नहीं होगी तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी तथा विधि अनुसार शून्य करणीय मानी जावेगी। अतः सूचना जाने।

रायपुर छ.ग.
दिनांक- 05/10/2026

भवदीय
सुरेश साहू (अधिवक्ता)
बी-9/5, डेबर सिटी, भाठागांव, रायपुर, तह. व जिला-रायपुर (छ.ग.)
मो. 81035-06139



सीपीआर के बाद भी हार्ट की क्षमता 15 फीसदी, मरणासन्न अवस्था वाले मरीज को पुनर्जीवित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सीपीआर देने के बाद भी हार्ट की क्षमता केवल 15 फीसदी होने और मरणासन्न अवस्था में पहुंचे मरीज को पुनर्जीवित कर लिया गया। कार्डियक अरेस्ट के बाद बेहोशी की हालत में अस्पताल पहुंचे 73 साल के मरीज की तीनों कोरोनरी धमनी में ब्लाकेज था। जटिल ऑपरेशन से पहले मरीज को 23 दिन आईसीयू में रहने के दौरान किडनी फेल्योर की समस्या को सुलझाते हुए उसे ठीक कर लिया गया।

खास खबर

आंबेडकर अस्पताल के हार्ट, चेस्ट एंड वैस्लुकलर सर्जरी विभाग की टीम ने एक बार फिर अत्यंत जटिल एवं चुनौतीपूर्ण कार्डियक सर्जरी में सफलता हासिल की है। 73 वर्षीय मरीज जिसे घर पर अचानक बेहोश होने के बाद कार्डियक अरेस्ट की स्थिति में अस्पताल लाया गया था। उस समय उसकी हृदय गति रुक चुकी थी। आपातकालीन विभाग की टीम ने तत्काल कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन एवं डीसी शॉक और डिफिब्रिलेशन देकर मरीज को हृदय की धड़कन वापस लाकर मरीज को वेंटिलेटर पर रखा गया और विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी में उपचार शुरू किया गया। मरीज की स्थिति बेहद गंभीर थी, जांच में उसकी हृदय की पंपिंग क्षमता केवल 15 प्रतिशत पाई गई। उसकी तीनों प्रमुख कोरोनरी धमनियों में ब्लॉकेज तथा एओर्टिक वाल्व में गंभीर सिकुड़न था। स्थिति में सुधार होने पर वेंटिलेटर हटाया गया और इसके बाद उसे कार्डियक सर्जरी विभाग में स्थानांतरित किया गया। ऑपरेशन से पहले मरीज को लगभग 23 दिनों तक कार्डियक सर्जरी आईसीयू में रखकर उसकी स्थिति को स्थिर करने का प्रयास किया गया। इस दौरान उसे एक्यूट किडनी इंजरी की समस्या भी हुई। स्वास्थ्य की स्थिति को देखते हुए प्रारंभिक अवस्था में मरीज ऑपरेशन के लिए उपयुक्त नहीं था। धीरे-धीरे स्वास्थ्य में सुधार होने के बाद विशेषज्ञों की टीम ने उसे ऑपरेशन के लिए तैयार किया। इस जटिल सर्जरी को विभागाध्यक्ष एवं हार्ट सर्जन डॉ. कृष्णकांत साहू, कार्डियक एनेस्थीसिया डॉ. संकल्प दीवान, पर्फ्युजनिस्ट अंकिता श्रीवास्तव, दिगेश्वर, पीजी डाक्टर पल्लवी यादव सहित अन्य लोगों को पूरा किया।

73 साल का मरीज, तीनों कोरोनरी धमनी में था ब्लाकेज, आया था कार्डियक

एक ही सर्जरी से पूरी समस्या हल

सीटीवीएस विभागाध्यक्ष एवं मुख्य सर्जन डॉ. कृष्णकांत साहू ने बताया कि मरीज की स्थिति को देखते हुए उसका कोरोनरी धमनी बाईपास ग्राफ्टिंग किया गया। हृदय की बंद कोरोनरी धमनियों में वेन एवं आर्टरी कंड्यूट का उपयोग करते हुए बाईपास बनाया गया। इसके बाद गंभीर रूप से संकुचित एओर्टिक वाल्व को हटाकर टाइटेनियम से निर्मित बायलीफलेट मैकेनिकल एओर्टिक वाल्व प्रत्यारोपित किया गया। 73 साल का मरीज, हाल ही में कार्डियक अरेस्ट, हृदय की पंपिंग क्षमता केवल 15-20 प्रतिशत, तीनों कोरोनरी धमनियों में ब्लॉकेज था और साथ ही गंभीर एओर्टिक स्टेनोसिस जैसी गंभीर चुनौती थी।



परिजनों ने जताया विश्वास

मरीज के परिजनों को उसकी गंभीर स्थिति तथा ऑपरेशन से जुड़े संभावित जोखिमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्हें यह भी बताया गया कि मरीज का ऑपरेशन थिएटर से निकल पाना भी मुश्किल है। जोखिम के बारे में जानने के बाद भी परिवार वालों ने सरकारी अस्पताल के डाक्टरों की टीम पर विश्वास जताया और सर्जरी के लिए सहमति दी। इस बारे में मेडिकल कालेज के डीन डॉ. विवेक चौधरी और चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर ने कहा कि समय-समय पर किए जाने वाले ऐसे जटिल एवं चुनौतीपूर्ण ऑपरेशन के कारण लोगों का विश्वास संस्थान के प्रति बढ़ता जा रहा है।

खबर संक्षेप

राज्यपाल डेका ने बाल कल्याण परिषद को भेंट दी ई-रिक्शा



रायपुर। राज्यपाल रमेन डेका ने लोकभवन में मंगलवार को छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद द्वारा संचालित मानसिक दिव्यांग बाल गृह एवं विशेष विद्यालय शिक्षा का मंदिर में पढ़ने वाले बच्चों के आवागमन की सुविधा के लिए ई-रिक्शा प्रदान किया। ई-रिक्शा की चाबी सौंपने के साथ ही श्री डेका ने हरी झंडी दिखाकर ई-रिक्शा को लोकभवन से रवाना किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद के महासचिव चंद्रेश शाह, उपाध्यक्ष डॉ. कमल वर्मा, कोषाध्यक्ष इंदिरा जैन, संयुक्त सचिव प्रकाश अग्रवाल एवं राजेंद्र कुमार निगम एवं इंद्रसेन वर्मा उपस्थित रहे।

सीएमएचओ डॉ. मिथिलेश ने नन्हे-मुन्नों के बीच मनाया जन्मदिन



रायपुर। बच्चों की खिलखिलाहट और खुशियों के बीच रायपुर जिला शहर के सीएमएचओ डॉ. मिथिलेश चौधरी ने मंगलवार को अपना जन्मदिन कुशालपुर सेक्टर अंतर्गत गांधी नगर-2 आंगनबाड़ी केंद्र में नन्हे-मुन्ने बच्चों के साथ मनाया। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ. चौधरी का बच्चों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने आत्मीय स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने बच्चों के साथ केक काटकर अपना जन्मदिन मनाया। कार्यक्रम का सबसे खास आकर्षण बच्चों को दिए गए उपहार रहे। डॉ. चौधरी ने लगभग 50 बच्चों को ड्राइंग बुक, खिलौने, कलर पेंसिल एवं अन्य उपहार प्रदान किए। कार्यक्रम में सीपीएम अनुराग गुप्ता, अशोक सिंह, स्वतंत्र राहंगडाले तथा चंगोराभाठा पीएचसी की पर्यवेक्षक लालिमा साहू, एनएम सहित कुशालपुर सेक्टर पर्यवेक्षक करुणा साव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ललिता देवांगन, निक्की ठाकुर, शशि देवांगन, भारती गिरपुंजे एवं कमला साव तथा सहायिकाएं संगीता शर्मा, रेखा प्रजापति, गायत्री साहू, इंद्रा साहू, हीरा निर्मलकर एवं सीमा देवांगन की भी कार्यक्रम में सहभागिता रही।

आकांक्षा लायंस ने मनाया विश्व सेरेब्रल पाल्सी दिवस



रायपुर। आकांक्षा लायंस इंस्टीट्यूट ऑफ लर्निंग एंड एम्पॉवरमेंट बिरगांव में मंगलवार को विश्व सेरेब्रल पाल्सी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर आकांक्षा लायंस एम्पॉवरमेंट बिरगांव में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जागरूकता के लिए संस्था के विशेष शिक्षकों एवं विशेष विद्यार्थियों बच्चों द्वारा पोस्टरों के माध्यम से सेरेब्रल पाल्सी के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई, जिसमें इसके लक्षण, आवश्यक सहयोग, शिक्षा, थेरेपी, पुनर्वास एवं समावेशन के महत्व को बताया गया। पोस्टरों के माध्यम से समाज में सेरेब्रल पाल्सी के प्रति सकारात्मक सोच, संवेदनशीलता और स्वीकार्यता बढ़ाने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर संस्था के समस्त स्टाफ की सक्रिय सहभागिता रही।

मुंबई-रायपुर के लिए मिलेगा चौथा विकल्प, सुबह 10 बजे पूरा होगा दिल्ली का सफर

दुर्गा पूजा नजदीक, कोलकाता फ्लाइट की डिमांड तेज त्योहारी सीजन में दिल्ली-मुंबई के लिए बढ़ेगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

दुर्गा पूजा के नजदीक आने के बाद कोलकाता जाने वाली फ्लाइट की डिमांड बढ़ गई है। यहां से नियमित रूप से संचालित तीनों विमानों का फेयर 12 से 14 हजार के बीच पहुंच गया है। त्योहारी सीजन में रायपुर से कुछ नए शहरों की फ्लाइट के साथ दिल्ली-मुंबई की फ्लाइट की संख्या भी बढ़ने की उम्मीद है। मुंबई रायपुर के बीच इंडिगो चौथी उड़ान शुरू कर सकता है, वहीं एयर इंडिया की मदद से रायपुर से दिल्ली के बीच की यात्रा सुबह 10 बजे पूरी हो जाएगी।

हरिभूमि सरोकार

दुर्गा पूजा के साथ त्योहारी सीजन की शुरुआत हो जाती है और इस अवधि में सफर करने वालों की संख्या बढ़ जाती है। अच्छे ट्रैफिक को ध्यान में रखते हुए विमानन कंपनियां नए सेक्टरों में उड़ान प्रारंभ करती हैं और डिमांड को ध्यान में रखते हुए पुराने शहरों के बीच विमानों की संख्या में भी इजाफा करती है। 11 अक्टूबर से दुर्गा पूजा की शुरुआत होगी, जिसे ध्यान में रखते हुए रायपुर-कोलकाता के बीच संचालित होने वाली सीधी फ्लाइट में यात्रियों की संख्या बढ़ने लगी और इसका सीधा असर फेयर पर नजर आ रहा है। सामान्य दिनों में यहां का टिकट आठ से नौ हजार में मिल जाता है, जो अभी बढ़कर 12 से 14 हजार तक पहुंच गया है। दुर्गा उत्सव के दौरान इसमें और बढ़ोतरी होने की संभावना है। वहीं कोलकाता से वापसी का फेयर अभी अपनी सामान्य स्थिति में है।



- फ्लाइट की आवाजाही का अंतिम विंटर शेड्यूल 24 अक्टूबर के आसपास होगा जारी

त्योहारी सीजन के दौरान रायपुर से संचालित होने वाले विमानों की संख्या में वृद्धि होने की संभावना भी बनी हुई है। यहां से मुंबई (नवी मुंबई) के लिए संचालित होने वाली प्लाइट की संख्या बढ़ाने की संभावना है। संभवतः रात के शेड्यूल में इसका संचालन किया जा सकता है। वर्तमान में दोनों शहरों के बीच (नवी मुंबई) मिलाकर चार फ्लाइट चलती है, जिसकी संख्या में 25 अक्टूबर से बढ़ोतरी होने की संभावना है। इसी तरह विंटर शेड्यूल में होने वाले बदलाव के बाद एयर इंडिया रायपुर के यात्रियों को सुबह 10 बजे दिल्ली पहुंचा देगा। अभी उसकी पहली उड़ान 11.10 बजे पूरी होती है। ठंड के दौरान कुछ अन्य शहरों के फ्लाइट शेड्यूल में भी बदलाव होने की उम्मीद है। फ्लाइट की आवाजाही का अंतिम विंटर शेड्यूल 24 अक्टूबर के आसपास जारी होगा।

फेयर पहले ही बढ़ा हुआ

ट्रैवल्स कंपनी के संचालक रमन जादवानी ने बताया कि विमानों का फेयर फ्यूल के दामों में हुई बढ़ोतरी के बाद वैसे ही बढ़ा हुआ है। अभी त्योहारी सीजन को लेकर पूछपरख तो हो रही है, मगर टिकट बुकिंग का दौर नवरात्रि के सीजन से बढ़ने की संभावना है। त्योहार के बाद शीतकालीन अवकाश के दौरान भी लोग बड़ी संख्या में सैर-सपाटे के लिए निकलते हैं, इसलिए दिसंबर-जनवरी तक डिमांड तेज रहने की संभावना है।

शिक्षकों की विशेष टीईटी और लंबित पदोन्नति पर फेडरेशन का राज्य सरकार को अल्टीमेटम



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के संयोजक कमल वर्मा के नेतृत्व में इंद्रावती भवन नवा रायपुर में विभिन्न शैक्षिक संगठनों की बैठक हुई। इस दौरान शिक्षकों की टीईटी परीक्षा, लंबित पदोन्नति, वीएसके एप के आधार पर वेतन कटौती और सेवानिवृत्त कर्मचारियों के पेंशन प्रकरणों सहित कई मुद्दों पर चर्चा हुई।

- आज शिक्षा सचिव को सौंपेंगे ज्ञापन, मांगें नहीं मानीं तो मंत्रालय-संचालनालय घेरेंगे

फेडरेशन ने कहा, सुप्रीम कोर्ट के 29 मई 2026 के संशोधित टीईटी फैसले के करीब पांच माह बाद भी शासन ने विशेष टीईटी परीक्षा को लेकर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया है। इससे बड़ी संख्या में शिक्षक असमंजस में हैं और उनकी पदोन्नति प्रभावित हो रही है। संगठनों ने शीघ्र विशेष टीईटी आयोजित कर परीक्षा की तारीख, समय-सारिणी और पाठ्यक्रम जारी करने की मांग की। बैठक में व्याख्याता, प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला, शिक्षक और प्रधान पाठक प्राथमिक शाला के लंबित पदोन्नति प्रकरणों का जल्द निराकरण करने की मांग भी उठी। टीईटी अनिवार्य पदों पर सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के अधीन वर्ष 2028 तक टीईटी उत्तीर्ण करने की बाध्यता रखते हुए सशर्त पदोन्नति देने की मांग की गई।

वीएसके एप से वेतन कटौती का विरोध

संगठनों ने वीएसके एप में दर्ज उपस्थिति के आधार पर सीधे वेतन कटौती के निर्देश का विरोध किया। उनका कहना है कि एप में अनुपस्थिति दिखने पर कार्रवाई से पहले संबंधित संस्था प्रमुख से वास्तविक स्थिति का प्रमाणीकरण कराया जाना चाहिए। सेवानिवृत्त कर्मचारियों के पेंशन प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए विशेष पेंशन शिविर लगाने की मांग भी की गई।

मांगें नहीं मानीं तो घेराव

फेडरेशन ने तय किया कि 8 अक्टूबर को कमल वर्मा के नेतृत्व में शिक्षा सचिव और संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय को ज्ञापन सौंपा जाएगा। फेडरेशन ने चेतावनी दी कि टीईटी, पदोन्नति और अन्य मांगों पर जल्द सकारात्मक निर्णय नहीं होने पर आंदोलन तेज किया जाएगा, साथ ही मंत्रालय एवं संचालनालय का घेराव किया जाएगा।

प्रेमिका की 4 साल की बच्ची का अपहरण नागपुर में पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर के कबीरनगर क्षेत्र से एक 4 साल की बच्ची का अपहरण कर नागपुर महाराष्ट्र लेकर जा रहे आरोपी को रायपुर की वेस्ट जोन पुलिस ने मौदा पुलिस नागपुर ग्रामीण की मदद से टोल प्लाजा के पास पकड़ा। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, अपहरण करने वाला आरोपी बच्ची की मां का प्रेमी निकला। महिला ने जब प्रेम संबंध में रहने से इंकार किया तो इस बात पर गुस्से में आकर उसे सबक सिखाने के इरादे वह उसकी बच्ची का अपहरण कर लिया था, लेकिन पुलिस ने इसकी सूचना मिलते ही कुछ घंटे के भीतर ही आरोपी को पकड़ने में सफलता पाई और बच्ची को सुरक्षित उसके परिजनों के सुपुर्द किया।

- महिला द्वारा प्रेम संबंध निभाने से इंकार करने पर प्रेमी बच्ची को ले गया

वेस्ट जोन के सहायक पुलिस आयुक्त ईशु अग्रवाल ने बताया कि अमृत पाल सिंह मूल निवासी अमृतसर पिथ्थी, थाना अमृतसर पंजाब तथा वर्तमान में हीरापुर गुरुद्वारा के पास ने कबीरनगर में रहने वाली एक महिला की 4 साल की बच्ची का 5 अक्टूबर को अपहरण कर लिया। उसके अपहरण की सूचना महिला ने थाने में दी। इसके बाद तत्काल इस मामले में कार्यवाही करते हुए आरोपी की पतासाजी शुरू कर दी।

बच्ची की मां का प्रेमी निकला आरोपी

पुलिस की पूछताछ में पता चला कि आरोपी अमृतपाल बच्ची की मां का प्रेमी है। अमृतऔर बच्ची की मां के बीच पूर्व में प्रेम प्रसंग था, लेकिन महिला अब आरोपी से किसी भी प्रकार का संबंध रखना नहीं चाहती थी। इस बात को लेकर अमृत गुस्से में आ गया तथा उसकी बच्ची को जबरदस्ती उठाकर ले गया। कार्रवाई में मौदा पुलिस, साकोली पुलिस महाराष्ट्र एवं सउनि सुशील शुक्ला, पीएसआई अजय सोनी, प्रधान आरक्षक संजय सिंह, आरक्षक सुरजीत सिंह सेंगर, आरक्षक ज्ञानचंद साहू एवं क्राइम यूनिट से सहायक उपनिरीक्षक श्री परिहार एवं राकेश पांडेय शामिल रहे।

अद्विका ने प्रथम इंडो-नेपाल अंतर्राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में जीते दो स्वर्ण पदक

रायपुर। प्रथम इंडो-नेपाल अंतर्राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में युवा कराटे खिलाड़ी अद्विका नथानी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण पदक जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया। भिलाई में आयोजित इस अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अद्विका ने 40 किलोग्राम वर्ग में हिस्सा लिया और काटा तथा कुमिते, दोनों वर्गों में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। अद्विका ने प्रतियोगिता के दौरान बेहतरीन तकनीक, आत्मविश्वास और दमदार प्रदर्शन का परिचय दिया। दोनों वर्गों में स्वर्ण पदक हासिल कर उन्होंने अपनी खेल प्रतिभा और निरंतर मेहनत को साबित किया। अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में दो स्वर्ण पदक जीतना उनकी उल्लेखनीय उपलब्धि मानी जा रही है। अद्विका, अनुराग नथानी और रुचा नथानी की पुत्री हैं। अद्विका के कोच रेंशी तुलसी राम शाहा ने उनकी सफलता पर खुशी जताई है।



खाद्य विभाग का सर्वर डाउन, इसलिए आयुष्मान कार्ड बनाने में व्यवधान, भर्ती मरीज परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खाद्य विभाग का सर्वर डाउन होने की वजह से सप्ताहभर से राज्य में नया आयुष्मान कार्ड बनाने का काम ठप पड़ गया है। ऐसे में अस्पतालों में भर्ती उन मरीजों की परेशानी बढ़ गई है, जिनका नया कार्ड बनना है। कार्ड ब्लॉक नहीं होने की वजह उनका इलाज अटक रहा है अथवा उन्हें अपने पैसे खर्च करने पड़ रहे हैं। पुराने कार्डधारियों अथवा वयवंदना कार्ड के हितग्राहियों को दिक्कत नहीं हो रही है।

- पुराने और वयवंदना कार्ड के हितग्राहियों को दिक्कत नहीं, नए मरीज फंस रहे

पांच लाख और पचास हजार वाले आयुष्मान कार्ड को राशनकार्ड के आधार पर बनाया जाता है। खाद्य विभाग का सर्वर एक सप्ताह से डाउन है, जिसके कारण स्वास्थ्य विभाग का यह काम ठप पड़ गया है। सूत्रों के मुताबिक, खाद्य विभाग का ऑनलाइन कार्य हैदराबाद की एनआईसी के माध्यम से पूरा होता है। उनके सिस्टम में हर माह के प्रथम सप्ताह में राशनकार्डधारियों को आवंटित राशन की एंट्री की जाती है। इस काम की वजह से खाद्य विभाग का सर्वर स्लो हो जाता है। इस बार सिस्टम कुछ ज्यादा ही स्लो हो गया है, जिसकी वजह से मरीजों को निशुल्क स्वास्थ्य सुविधा देने के लिए उपलब्ध कराने आयुष्मान कार्ड का निर्माण ठप पड़ गया है। इससे उन मरीजों को ज्यादा दिक्कत हो रही है, जो इस कार्ड के भरोसे निजी अस्पतालों में इलाज के लिए पहुंचे हैं और आईपीडी के बाद भी उनका कार्ड ब्लाक नहीं हो रहा है। सरकारी अस्पतालों में इलाज तो शुरू हो जा रहा है, मगर प्रायवेट अस्पतालों में उन्हें पैसे खर्च करने पड़ रहे हैं।



अस्पतालों में बन जाता है कार्ड

वैसे तो आयुष्मान कार्ड पूर्व में ही बनवा लेना चाहिए, ताकि आपात स्थिति में किसी तरह की दिक्कत न हो। आपात स्थिति में अस्पताल पहुंचने वाले वे मरीज, जिनका कार्ड नहीं बना है, उन्हें आईपीडी के दौरान वार्ड में भी कार्ड बनाने की सुविधा दी जाती है। ऐसे मरीजों को अभी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

नहीं सुधर रहे निजी अस्पताल

आयुष्मान के मरीजों के इलाज के लिए पंजीकृत होने के बाद विभिन्न तरह के बहाने बनाने से निजी अस्पताल बाज नहीं आ रहे। खासकर बड़े अस्पताल बीमारी का तनाव झेल रहे परिजनों के सामने कई तरह के तर्क रखकर निशुल्क इलाज से बचना चाह रहे हैं। ऐसे ही मामलों और अन्य गड़बड़ियों की वजह से राज्य के 17 अस्पतालों पर अभी कार्रवाई की तलवार लटक रही है।

छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने की अनुशंसा

स्कूलों में लगेंगे शुगर बोर्ड, बच्चे जानेंगे-समोसे, कोल्ड्रिंक्स में कितनी कैलोरी?

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ के सभी शासकीय, निजी, और आवासीय स्कूलों, आश्रम शालाओं और छात्रावासों में अनिवार्य रूप से 'शुगर और कैलोरी बोर्ड' लगाए जाएंगे। छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने बच्चों में बढ़ते मोटापे, कुपोषण और कम उम्र में मधुमेह (डायबिटीज) के खतरों को देखते हुए यह महत्वपूर्ण अनुशंसा की है। प्रदेश के शासकीय व निजी विद्यालयों सहित आवासीय स्कूलों में भी इस तरह के बोर्ड लगाए जाएंगे। इसके जरिए बच्चों को स्वस्थ और अस्वास्थ्यकर खाद्य पदार्थों की पहचान कराई जाएगी। बोर्ड पर खाने-पीने की लोकप्रिय चीजों (जैसे पैकेटबंद जंक फूड, कोल्ड ड्रिंक्स) में मौजूद शक्कर, नमक और कैलोरी की मात्रा को सरल तरीके से प्रदर्शित किया जाएगा।

खास खबर

बच्चों की जीवनशैली में सुधार लाने के लिए अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी तय की जाएगी। शिक्षक-पालक बैठकों में संतुलित आहार पर नियमित चर्चा होगी। बच्चों के बेहतर पोषण पर ध्यान देने वाले जागरूक पालकों को 'पैरेंट्स ऑफ द मंथ' के रूप में प्रोत्साहित करने की अनुशंसा की गई है। आयोग ने शिक्षा व संबंधित विभागों को इस दिशा में तत्काल आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया है।

- बच्चों में बढ़ते मोटापे और मधुमेह को देखते हुए निर्णय



ट्रैफिक लाइट सिस्टम का प्रयोग

प्रस्तावित योजना के तहत स्कूलों में लगाए जाने वाले शुगर और कैलोरी बोर्ड सरल एवं दृश्य माध्यम में तैयार किए जाएंगे। इन बोर्डों पर विभिन्न खाद्य पदार्थों में मौजूद शर्करा, नमक और कैलोरी की मात्रा स्पष्ट रूप से दर्शाई जाएगी। बच्चों को आसानी से समझाने के लिए बोर्ड पर ट्रैफिक लाइट सिस्टम अर्थात लाल, पीला व हरा रंग का उपयोग होगा। लाल रंग अधिक शर्करा या वसायुक्त नुकसानदेह जंक फूड को दर्शाएगा, पीला रंग सीमित सेवन की चेतावनी देगा और हरा रंग पौष्टिक आहार की पहचान कराएगा।

आवासीय विद्यालयों पर फोकस

यह व्यवस्था सामान्य विद्यालयों के साथ आश्रम शालाओं, छात्रावासों, पोटा केबिन, प्रयास और एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में भी लागू होगी। इन सभी संस्थानों की भोजन सारणी के समीप बोर्ड लगाए जाएंगे और स्थानीय पोषक आहार को प्राथमिकता दी जाएगी। इसके अतिरिक्त स्कूलों में जंक फूड की बिक्री नियंत्रित करने, ईट राइट क्लब का गठन करने, विद्यार्थियों को स्वास्थ्य एंबेसडर बनाने तथा दैनिक प्रार्थना सभाओं में पोषण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने का सुझाव दिया गया है।

हरिभूमि

रायपुर, बुधवार 7 अक्टूबर 2026

लाइव

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937



शहर में गरबा नाइट्स की तैयारी के लिए जरूरी एक्सेसरीज का बाजार सज गया है। गरबा नाइट्स में अपने ट्रेडिशनल चनिया-चोली लुक को और भी खास बनाने के लिए बाजार नए और ट्रेंडी एक्सेसरीज से पूरी तरह सज चुके हैं। इस साल पारंपरिक गहनों के साथ-साथ मॉडर्न और आरामदायक फैशन का अनोखा फ्यूजन देखने को मिल रहा है। इस सीजन डांडिया और गरबा रास में सबसे अलग दिखने की चाहत में लोग बाजार में आए इन नए एक्सेसरीज को अपनी शॉपिंग लिस्ट में शामिल कर रहे हैं।

राजस्थानी और गुजराती फैशन स्टाइल के अनोखे फ्यूजन संग चौकड़ी-छकड़ी पर डांडिया की मचेगी धूम

रास गरबा की तैयारी के लिए जरूरी एसेसरीज का बाजार सजा, खरीदारों की उमड़ रही भीड़

रायपुर। डांडिया स्टिक्स, गरबा ड्रेसेस, ज्वेलरी, शूज, चश्मे जैसे फैशनेबल एक्सेसरीज की खूब डिमांड हो रही है। गरबा नाइट्स के लिए प्रतिभागी एक ओर गरबा डांस क्लास में चौकड़ी-छकड़ी, पोपट और घोड़ारास स्टेप्स सीख रहे हैं। वहीं दूसरी ओर डांडिया नाइट्स में सबसे खास दिखने गरबा की एक्सेसरीज खरीदने में जुटे हुए हैं। इस लिस्ट में सबसे पहली चीज ट्रेंडी और नए हेयर एक्सेसरीज है। बाजार में इस बार बालों को सजाने के लिए कस्टमाइज्ड और फैब्रिक बेस्ड एक्सेसरीज का जबरदस्त क्रेज है। ऊन, मल्टीकलर धागों, कौड़ियों और पॉम-पॉम से सजी रेडीमेड चोटियां और हेयर एक्सटेंशन काफी पसंद किए जा रहे हैं। वहीं गुजराती मिरर वर्क और पारंपरिक कढ़ाई वाले बड़े-बड़े बो क्लिप्स आजकल ट्रेंड में हैं। साथ ही कौड़ी शेल्स, गोटा पत्ती और गुजराती लेस से सजे खूबसूरत क्लचर्स और रबर बैंड भी उपलब्ध हैं।



इस बार डिजिटल प्रिंट और केड़िया आउटफिट का क्रेज

पुरानी बस्ती स्थित फैंसी ड्रेस हाउसेस में गरबा ड्रेसेस, ट्रेडिशनल ज्वेलरी, डांडिया स्टिक्स जैसी एक्सेसरीज सज गए हैं। पुरानी बस्ती स्थित फैंसी ड्रेस हाउस के संचालक जितेंद्र सुशांक अग्रवाल ने बताया कि गर्ल्स के लिए गरबा आउटफिट में इस बार डिजिटल प्रिंट और केड़िया आउटफिट, चनिया-चोली या कुर्ते के साथ हैवी ऑक्सीडाइज्ड नेकलेस, चोकर और झुमके आए हैं, जो सबसे ज्यादा डिमांड में रहते हैं। राजस्थानी और गुजराती स्टाइल के बाजूबंद, हैवी डिजाइन वाले मांग टीके भी उपलब्ध है। इसके साथ ही गोटा-पत्ती, शीशे और घुंघरू से सजी हुई रंग-बिरंगी डांडिया स्टिक्स की डिमांड में रहती है। पुरुष के लिए कुर्ते-पायजामे या केडियू के साथ बांधनी प्रिंट का साफा या पगड़ी खास है।

चनिया चोली पर ज्वेलरी में खास घुंघरू वाले बाजूबंद

पुरानी बस्ती स्थिति आर्टिफिशियल ज्वेलरी शॉप के संचालिका माधवी शर्मा ने बताया कि गरबा बिना भारी गहनों के अधूरा है, लेकिन इस बार डिजाइन में थोड़ा बदलाव है। सिर्फ सिल्वर की जगह अब ऑक्सीडाइज्ड ज्वेलरी में चटक रंगों के मीनाकारी काम, रंग-बिरंगे बीड्स और धागों का इस्तेमाल किया जा रहा है। चनिया चोली पर पहनने के लिए हैवी कॉइन कमरबंध और घुंघरू वाले बाजूबंद बाजार की रौनक बढ़ा रहे हैं। वहीं बड़े साइज की गुजराती पैटर्न वाली रिंग्स और कलाई से उंगलियों तक जाने वाले हाथफूलों की भारी डिमांड है। इसी में रात के समय गरबा ग्राउंड पर कूल और फंकी लुक के लिए पारंपरिक कपड़ों के साथ फैंसी चश्मे पहनने का युवाओं में काफी क्रेज है।



डांस में कंफर्टेबल के लिए एथनिक स्नीकर्स और पोटली बैग

संतोषी नगर रोड स्थित फुटवेयर एंड स्टाइलिस एक्सेसरीज शॉप के संचालक मनीष कुकरेजा ने बताया कि डांडिया नाइट्स में लगातार डांस करने के लिए कंफर्टेबल स्टाइल को तरजीह दी जा रही है। इसके लिए हैंड-पेंटेड आर्टवियर शूज इस सीजन का सबसे बड़ा ट्रेंड है। हैंड-पेंटेड और एलईडी लाइट्स वाले एथनिक स्नीकर्स या शूज हैं। ये पारंपरिक घाघरा-चोली के नीचे पहनने में बेहद आरामदायक और स्टाइलिश लगते हैं। साथ ही डांस करते समय मोबाइल और जरूरी सामान संभालने के लिए मिरर वर्क वाले गुजराती लटकन डोरी वाले मोबाइल पाउच, पोटली बैग और पारंपरिक बैकपैक्स खरीदे जा रहे हैं।

लाइव इवेंट

समाज की कड़वी सच्चाइयों को बयां करेगा मराठी नाटक 'सेलिब्रेशन'



संवेदनशील तरीके से सामने लाने का प्रयास

रायपुर। बदलते सामाजिक परिवेश में परिवार और रिश्तों के बीच बढ़ती दूरियों तथा कमजोर होते पारिवारिक संबंधों की कड़वी सच्चाइयों को मराठी नाटक 'सेलिब्रेशन' के माध्यम से मंच पर प्रस्तुत किया जाएगा। महाराष्ट्र मंडल के संत ज्ञानेश्वर सभागृह स्थित कुमुदिनी वरवंडकर स्मृति रंगमंच पर 4 नवंबर को शाम 7 बजे इस दो अंकी नाटक का मंचन होगा।

प्रशांत दळवी लिखित और प्रसन्न निमोणकर निर्देशित इस नाटक की इन दिनों जोरदार रिहर्सल चल रही है। नाटक के संवाद मौजूदा सामाजिक परिस्थितियों में परिवार और समाज में बदलते रिश्तों को सामने रखते हैं। नाटक में युवा कलाकार की यह चिंता भी उभरती है कि आने वाली पीढ़ी में बच्चों को दुलारने और उनके साथ अपनापन बांटने वाले चाचा-चाची, बुआ-फूफा, मामा-मामी और मौसी-मौसा जैसे रिश्ते कहीं कम न हो जाएं।

वरिष्ठ रंगसाधक अनिल श्रीराम काळेले के मार्गदर्शन में युवा कलाकार प्रांजल बक्षी और अथर्व महावादी पहली बार रंगमंच पर अभिनय करते नजर आएंगे। परिवार के मुखिया भाई की भूमिका निर्देशक प्रसन्न निमोणकर निभाएंगे, जबकि उनकी पत्नी आई की भूमिका प्रिया बक्षी करेंगी। परिवार के अन्य सदस्यों की भूमिकाओं में पवन ओगले (बाळ), गौरी क्षीरसागर (सुजाता), गणेश जाधव पाटील (दीपक), कीर्ति हिशीकर (वीणा) और सुधांशु नाफड़े (वीजू) नजर आएंगे। घर से भागी इकलौती बेटी मंजू की भूमिका कुंतल काळेले और उनके गैर-मराठी पति एवं काउंसलर अभिषेक गुप्ता की भूमिका रविंद्र ठेंगड़ी निभाएंगे। नाटक के माध्यम से परिवार के भीतर बदलते रिश्तों, भावनात्मक दूरी और सामाजिक परिस्थितियों को संवेदनशील तरीके से सामने लाने का प्रयास किया गया है।

एलईडी लाइट्स व वाले घुंघरुओं से सजे डांडिया स्टिक्स

शंकर नगर चौक पर गरबा स्पेशल एक्सेसरी शॉप के जयेश अग्रवाल ने बताया कि बाजार में चमकती हुई एलईडी लाइट्स वाली डांडिया स्टिक्स की डिमांड हो रही है, जो रात के गरबा कार्यक्रमों में बहुत आकर्षक लगती हैं। सामान्य लकड़ी की डांडिया के बजाय गोटा-पत्ती, रंग-बिरंगे सिल्क धागों और छोटे-छोटे घुंघरुओं से सजी डांडिया स्टिक्स 30-50 से शुरू होकर बेहतरीन वैरायटी में मिल रही हैं। हालांकि एलईडी लाइट्स वाली स्टिक्स की कीमत 200 रुपए बिक रही है।

सिटी इवेंट

बच्चों को पर्यावरण को देखने और समझने किया प्रेरित



साइंस सेंटर में विद्यालयीन शिक्षकों के लिए कहानीकार कार्यशाला का आयोजन

रायपुर। साइंस सेंटर में विद्यालयीन शिक्षकों के लिए कहानीकार कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दो दिवसीय कार्यशाला में आईआईएसईआर पुणे के केयर प्रोजेक्ट समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़, यूनिसेफ एवं साइंस सेंटर के संयुक्त सहयोग से आ यो जि त किया गया। इस कहानीकार कार्यशाला का सब्जेक्ट आर्ट एज स्टोरी, स्टोरी एज नॉलेज, नॉलेज ऐज एक्शन का आयोजन 6 एवं 7 अक्टूबर तक किया जा रहा है।

कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों को कला, कहानी, स्थानीय ज्ञान तथा पर्यावरण एवं जलवायु से जुड़े अनुभवों को शिक्षण प्रक्रिया से जोड़ने के रचनात्मक तरीकों से परिचित कराना है। कार्यशाला में स्टोरी टेलिंग एवं आर्ट के माध्यम से विद्यार्थियों में अवलोकन, जिज्ञासा, स्वतंत्र सोच, रचनात्मकता तथा पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता विकसित करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। कहानियों के माध्यम से बच्चों को अपने पर्यावरण को देखने और समझने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यशाला के उद्घाटन अवसर पर पी. क वि श क र महानिदेशक छत्तीसगढ़ साइंस सेंटर ने शिक्षकों को प्रेरित करते हुए कहा कि कहानियों के माध्यम से विद्यार्थियों को अपने आसपास के पर्यावरण एवं प्रकृति का स्वयं अवलोकन करने, अपने अनुभवों को समझने तथा पर्यावरण से जुड़े विषयों पर अपनी स्वतंत्र सोच और दृष्टिकोण विकसित करने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए।

क्लाइमेट टैब्लॉइड फॉर चिल्ड्रेन 'जुगनू' का विमोचन

इस अवसर पर भारत के पहले द्विभाषी क्लाइमेट टैब्लॉइड फॉर चिल्ड्रेन 'जुगनू' का विमोचन भी किया गया। 'जुगनू' बच्चों के लिए तैयार किया गया भारत का पहला द्विभाषी क्लाइमेट टैब्लॉइड है, जो आईआईएसईआर पुणे के केयर प्रोजेक्ट की एक्शन रिसर्च से विकसित किया गया है। जुगनू का शुभारंभ के अवसर पर छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से आए शासकीय विद्यालयों के शिक्षक भी उपस्थित रहे। 'जुगनू' की पब्लिशर डॉ. शालिनी शर्मा ने बताया कि जुगनू के माध्यम से आगे चलकर देशभर के विद्यालयीन शिक्षकों और बच्चों की कहानियों एवं रचनात्मक सामग्री को मंच प्रदान किया जाएगा।

अहिंसा का अर्थ शारीरिक या मानसिक कष्ट न देना और सबसे प्रेम करना

रायपुर। डॉ. राधाबाई नवीन कन्या महाविद्यालय में गांधी की जीवन गाथा एवं उनके विचारों पर आधारित वृत्तचित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। महाविद्यालय में यह आयोजन प्राचार्य डॉ विनोद कुमार जोशी की अध्यक्षता में अजीज प्रेमजी फाउंडेशन द्वारा गांधी जयंती पर किया गया। कार्यक्रम में गांधी की जीवन गाथा एवं उनके विचारों पर आधारित प्रेरणादायक वृत्तचित्र दिखाया गया। इसके पश्चात गांधी जी से संबंधित रोचक प्रश्न पुछे गए जैसे गांधी जी ने दांडी यात्रा कब निकाली, गांधी जी कानून की डिग्री कहां से ली, गांधी जी के गुरु का नाम, गांधी जी द्वारा संपादित समाचार पत्र-पत्रिकाएं आदि। कार्यक्रम में आयोजित प्रश्नोत्तरी में सही जवाब देने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। छात्राओं को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि महात्मा गांधी का जीवन दर्शन सत्य, अहिंसा और मानवता की भलाई पर आधारित एक संपूर्ण विचार है। सत्य ही ईश्वर है और ईश्वर ही सत्य है, यह गांधी जी का मूल मंत्र था। उनके अनुसार, जीवन के हर क्षेत्र में मन, वचन और कर्म से सत्य का पालन करना चाहिए। अहिंसा का अर्थ किसी को शारीरिक या मानसिक कष्ट न देना और सबसे प्रेम करना है।



छात्राओं ने ली स्वच्छता की शपथ

इस अवसर पर छात्राओं को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. रूपा सल्होत्रा विभागाध्यक्ष गणित विभाग द्वारा किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में राष्ट्रीय सेवा समिति के सदस्य डॉ. निधि गुप्ता एवं डॉ. श्वेता बोहरा एवं अजीज प्रेमजी फाउंडेशन की बीनू शुक्ला का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

खाटू श्याम मंदिर में दो दिवसीय ट्रेड फेयर 8 से



रायपुर। महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से समर्पण सखी जैन महिला मंडल, रायपुर की ओर से 'स्वाभिमान से स्वावलंबन की ओर एक कदम' दो दिवसीय ट्रेड फेयर का आयोजन किया जा रहा है। मेला 8 और 9 अक्टूबर को समता कॉलोनी स्थित खाटू श्याम मंदिर में लगेगा। मेले का समय दोपहर 12 बजे से रात 9 बजे तक रहेगा।

अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस और नारी सशक्तिकरण को समर्पित इस आयोजन की खास बात यह है कि मेले से होने वाली 100 प्रतिशत कमाई मनोहर वृद्धाश्रम के निर्माण के लिए समर्पित की जाएगी। आयोजन के माध्यम से महिला उद्यमियों को अपने उत्पादों और हुनर को लोगों तक पहुंचाने का मंच देने के साथ सामाजिक सेवा का संदेश भी दिया जाएगा। दीपावली को देखते हुए मेले में खरीदारी के लिए विभिन्न प्रकार के उत्पाद उपलब्ध होंगे। इनमें होममेड फूड और व्यंजन, ज्वेलरी, डिजाइनर साड़ियां, फैंसी चनिया-चोली, कुर्तियां, आर्ट एंड क्राफ्ट, होम डेकोर, कपड़े और होम एप्लायंसेस शामिल हैं। अलग-अलग आयु वर्ग और परिवारों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए स्टॉल लगाए जाएंगे।


कार्नर न्यूज

त्योहारी सीजन में शहरवासियों का आकर्षण का केंद्र बना हस्तशिल कला प्रदर्शनी एक्सपो

कश्मीरी-बनारसी व एमपी की सिग्नेचर प्रिंट सूट और साड़ियां महिलाओं को लुभा रहीं



रायपुर। साईनगर ऑफिस कॉलोनी गेट नंबर-1 के पास लगा हैंडलुम हैडीक्राफ्ट एक्सपो त्योहारी सीजन में शहरवासियों का आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। इस एक्सपों में देश भर के अलग-अलग राज्यों की भारतीय हस्तशिल कला की प्रदर्शनी लगाई गई है। एक्सपों में कश्मीर, बनारस, एमपी-खंडवा और लद्दाख की सिगनेचर प्रिंट वाली सूट और साड़ियां विशेषकर महिलाओं को लुभा रही है। एक्सपो के आयोजक सुफियान अली ने बताया कि वह पिछले 17 सालों से लगातार रायपुरियंस के लिए नायाब कारीगरों से तराशी हुई भारतीय हस्तशिल कला की प्रदर्शनी लगा रहे हैं। वहीं हैंडलुम एक्सपो में कश्मीर से पहुंचे बुनकर आदिल ने बताया कि हैंडमेड कानी पश्मीना साड़ियां कश्मीर की पारंपरिक और बेहद कलात्मक बुनाई का उत्कृष्ट उदाहरण हैं, जो अपनी बारीक कारीगरी और शाही लुक के लिए जानी जाती हैं। इसमें पारंपरिक 'कानी' तकनीक का उपयोग होता है, जिसमें हाथ से लकड़ी की तीलियों की मदद से धागे पिरोकर जटिल डिजाइन बनाए जाते हैं। असली और शुद्ध पश्मीना ऊन या पश्मीना सिल्क ब्लेंड का उपयोग होता है, जो बहुत मुलायम, हल्की और गर्म होती है। डिजाइन की बात करें तो इनमें आमतौर पर कश्मीरी पेसली कलगा, चिनार की पत्तियां, फ्लोरल और जामवार पारंपरिक आकृतियां उकेरे गए हैं। इसे तैयार करने में 150 दिनों की कड़ी मेहनत लगती है। साड़ी की खास अवसरों जैसे शादियों, त्योहारों और शाही समारोहों में चार चांद लगाने के लिए एकदम परफेक्ट होता है।



टेराकोटा आर्ट और शहरानपुर की फर्नीचर भी

मुंगेली जिले से पहुंचे तुलसी राम साहू ने बताया कि टेराकोट आर्ट में शिव जी और बुद्ध भगवान के रूप वाली होम डेकोरेशन की कलाकृतियां खास है। वहीं बच्चों के लिए चिड़िया सिटी भी तैयार किया गया है, जो पानी और बिना पानी के साथ बचाने पर अलग-अलग चिड़ियों की अवाज निकलती है। एक्सपों में सराहनपुर से पहुंचे कारीगर अजीम मलिक ने बताया कि रायपुरियंस के लिए हार्ट शेप वाली साल की लकड़ियों से तैयार महाराजा सोफा लेकर आए हैं।

पीढ़ियों से कर रहे बनारसी साड़ी बुनकारी का काम

एक्सपों में बनारस से पहुंचे बुनकर मोहम्मद अकरम ने बताया कि उनका बनारसी साड़ी बुनकारी का काम पीढ़ियों से चला आ रहा है। इस पारंपरिक कारोबार को मैं आगे बढ़ा रहा हूं। इस बार फेस्टिवल सीजन में हैंडलुम हैंडीक्राफ्ट एक्सपों में रायपुरियंस के लिए मसरू, मसलीन सिल्क से बनी जरी वर्क की साड़ियों का कलेक्शन लेकर पहुंचे हैं। हमारे पास 1000 से अधिकतम 6000 रुपए तक की बनारसी साड़ियां उपलब्ध हैं। मसरू, मसलीन सिल्क से बनी जरी वर्क और प्लेन सिंपल साड़ियों की खूब डिमांड हो रही है।

नए जनरेशन के लिए हैंडमेड पक्के पेंटिंग वर्क की शूट और साड़ियां खास

मध्यप्रदेश के खंडवा जिले से पहुंचे कारीगर नितिश सिंह ने बताया कि उनके स्टॉल में छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश की पारपंरिक जनजातिय आर्ट वर्क प्रिंट की साड़ियों और शूट का कलेक्शन है। इसमें सबसे खास हैंडमेड पेंटिंग की पक्का वर्क वाली शूट और साड़ियां है, जो नए जनरेशन की पसंद को देखते हुए बुनकारी में नया प्रयोग किया गया है। इन साड़ियों व शूट कपड़ों की कीमत 1500 से 5000 रुपए तक है।

धर्म लाइव

साहित्य और संवेदनाओं से सजी पितर पाख की एक शाम पूर्वजों के नाम



रायपुर। शिवार्पण साहित्य संस्था एवं छत्तीसगढ़ महिला मंच द्वारा 'पितर पाख' का आयोजन किया गया। मंगलवार वृंदावन सभागार सिविल लाइन में पितृपक्ष के अवसर पर पूर्वजों के स्मरण, साहित्य और सामाजिक सरोकारों को समर्पित आयोजन किया गया। दो सत्रों में आयोजित इस समारोह का पहला सत्र उद्घाटन एवं सम्मान समारोह और दूसरा सत्र काव्य पाठ को समर्पित रहा। आयोजन में साहित्य, समाजसेवा, वनवासी कल्याण और मानवीय संवेदनाओं से जुड़े व्यक्तित्वों का सम्मान किया गया। पहले सत्र के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी के अध्यक्ष शशांक शर्मा और दूसरे सत्र के मुख्यअतिथि छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के अध्यक्ष प्रभात मिश्र रहे। द्वितीय सत्र की शुरुआत केवल कृष्ण द्वारा निर्मित एवं निर्देशित एआई-आधारित लघु फिल्म 'सुकून' के प्रदर्शन से हुई। अस्पताल में जीवन के लिए संघर्ष कर रहे एक बीमार व्यक्ति और उसकी सेवा में लगी पत्नी के मनोभावों को केंद्र में रखकर बनाई गई।

समारोह में इन विभूतियों का हुआ सम्मान

इस अवसर पर वनवासी कल्याण आश्रम के वरिष्ठ सदस्य कृष्ण कुमार वैष्णव को वनवासी कल्याण एवं समाजसेवा के क्षेत्र में प्रतिभा मनोहर सम्मान से सम्मानित किया गया। कवयित्री सुषमा प्रेम पटेल को कविता लेखन एवं साहित्य सेवा के लिए शिवकुमार शर्मा 'दुःखी' स्मृति साहित्य सम्मान प्रदान किया गया। दोनों सम्मानित प्रतिभाओं को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह, शॉल, श्रीफल एवं पौधे भेंट किए गए।समारोह में माधुरी कर, राममनी यादव, अनामिका, ऋषि साव, मंजूषा अग्रवाल, पल्लवी झा रूमा, यशवंत चतुर्वेदी, डॉ. रत्ना पाण्डेय, नीलिमा मिश्रा, डॉ. अंजलि वैद्य, कृष्ण कुमार सिन्हा, रूनाली चक्रवर्ती एवं डॉ. सीमा निगम को भी सम्मानित किया गया।

समाज लाइव

तेलुगु महासंघम ने समाज की एकजुटता पर दिया जोर



रायपुर। छत्तीसगढ़ तेलुगु महासंघम की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे समाज के प्रतिनिधियों ने तेलुगु समाज की उन्नति, सामाजिक विकास और आपसी एकजुटता को लेकर व्यापक विचार-विमर्श किया। वक्ताओं ने समाज के लोगों के सुख-दुख में एक-दूसरे के साथ खड़े रहने और जरूरत के समय सामूहिक रूप से सहयोग करने पर विशेष जोर दिया। बैठक में कहा गया कि छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों में तेलुगु समाज के अनेक संघ, संगठन, गांव संघ और सामाजिक समूह सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। इन सभी संगठनों और समाज के विभिन्न वर्गों को एक साझा मंच पर लाकर समाजहित में समन्वित रूप से कार्य करने की आवश्यकता है। वक्ताओं ने कहा कि संगठन, विचारधारा या सामाजिक पृष्ठभूमि अलग हो सकती है, लेकिन तेलुगु समाज के हित की बात आने पर सभी को एकजुट होकर आगे बढ़ना चाहिए। प्रतिनिधियों ने कहा कि आपसी समन्वय और सहयोग से समाज की समस्याओं को प्रभावी ढंग से सामने रखा जा सकेगा। साथ ही शिक्षा, रोजगार, सामाजिक विकास तथा जरूरतमंद परिवारों की सहायता के लिए सामूहिक प्रयासों को गति मिलेगी। नई पीढ़ी को बेहतर अवसर उपलब्ध कराने और युवाओं को समाज की गतिविधियों से जोड़ने पर भी जोर दिया गया।वक्ताओं ने कहा कि किसी भी सामाजिक संगठन की वास्तविक शक्ति केवल सदस्यों की संख्या में नहीं, बल्कि उनकी एकजुटता, सहभागिता और समाज के प्रति जिम्मेदारी में होती है।

सिटी इवेंट

तेलीबांधा में आरपीएफ बैंड की देशभक्ति धुनें आज गूंजेंगी



रायपुर। रेलवे सुरक्षा बल, आरपीएफ के 42वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में रायपुर में विभिन्न प्रमुख स्थानों पर आरपीएफ के ब्रास एवं पाइप बैंड की संगीतमय प्रस्तुतियां दी जा रही हैं। इसी कड़ी में 7 अक्टूबर को तेलीबांधा (मरीन ड्राइव) में विशेष संगीतमय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। आरपीएफ बैंड की प्रस्तुति शाम 4:30 से 5:30 बजे तक होगी। इस दौरान ब्रास एवं पाइप बैंड द्वारा लोकप्रिय और देशभक्ति गीतों की मधुर धुनें प्रस्तुत की जाएंगी। रेलवे सुरक्षा बल की ओर से शहरवासियों और संगीत प्रेमियों को कार्यक्रम में शामिल होकर प्रस्तुति का आनंद लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। इससे पहले 6 अक्टूबर को भाठागांव बस स्टैंड में शाम 4:30 से 5:30 बजे तक आरपीएफ बैंड ने संगीतमय प्रस्तुति दी। बैंड ने लोकप्रिय एवं देशभक्ति गीतों की धुनें पेश कीं, जिसका वहां मौजूद नागरिकों और यात्रियों ने आनंद लिया।

पाइप बैंड की प्रस्तुतियां आयोजित की जा रही

आरपीएफ के 42वें स्थापना दिवस के अवसर पर 1 से 8 अक्टूबर तक रायपुर के विभिन्न प्रमुख स्थानों पर ब्रास एवं पाइप बैंड की प्रस्तुतियां आयोजित की जा रही हैं। इसका उद्देश्य स्थापना दिवस के अवसर पर नागरिकों के बीच आरपीएफ की उपस्थिति और सेवा भावना को संगीतमय कार्यक्रम के माध्यम से साझा करना है।

● एआई का अधिक उपयोग दिमागी क्षमता को कर रहा कमजोर, क्रिएविटी के लिए इस्तेमाल सही

युवाओं में बढ़ी चैट जीपीटी पर निर्भरता, पढ़ाई से इमोशन तक ले रहे मदद, लेकिन घट रही सोचने की क्षमता

रायपुर। एआई अब सबके जिंदगी का हिस्सा हो गया हैं और खासकर जेन-जी के लिए। अब के यूथ प्रॉब्लम के सुलझाने के साथ अपने इमोशन पर भी काम करते हैं। कोई दिक्कत हुई तो एआई टूल्स का इस्तेमाल करते हैं। कोई कोर्स के बारे में जानकारी प्राप्त करना व अपने वार्क के लिए टु-डू लिस्ट बनाने मे भी इसकी मदद ली जा रही हैं। इसके सकारात्मक व नकरात्मक दोनों प्रभाव हैं, लेकिन एक्सपर्ट के माने तो सही प्रॉम्ट देने पर ये आपको कोई हानि नही करता हैं। इस विषय पर हारिभूमि की बात शहर के छात्रों से हुई, जिन्होंने एआई ने उनके काम, करियर के फैसलों में भूमिका निभाई हैं। डिमोटिवेट होने पर विद्यार्थी को सहीं सलाह भी देता हैं।

एआई की मदद से 2 साल से लिख रही नॉवेल

कंप्यूटर सांइस की विद्यार्थी विजय सिंहघानिया ने बताया कि स्टीड में बहुत काम आता हैं और मैं बैनर व पोस्टर को डिजाइन करती हूं तो उसके लिए ज्यादा फायदेमंद है। हाल ही में एक बिजनेस कॉम्पिटिशन में भाग ली, जिसमें श्रुविन नाम से वेबसाइड बनाया। जिसमें छोटे हस्तशिल्प के कारीगर हैं, उनको डाइरेक्ट डील मिलें, कोई तीसरा लेनदेन की बात न करें। क्योंकि आर्ट वाले सामान ऑनलाइन में महंगे होते हैं और लोग उसे पसंद करते हैं खरीदना। इसी सोच को लेकर वो आइडिया आया। इसके लिए चैट जीपीटी का व अन्य टूल्स को इस्तेमाल किया और इस आइडिया को सबने पंसद किया। साथ ही मैं एआई की मदद से अपना नॉवेल 2 साल से लिख रही हूं जो ब्रेन कंप्यूटर पर आधारित हैं। मैं अक्सर पढ़ाई के लिए ही इस्तेमाल करती हूं।



इमोशनल समय में परिवार के साथ रहें, एजुकेशन के लिए इस्तेमाल करें एआई

मनोवैज्ञानिक सालहकार ने इस विषय पर कहा कि आजकल कुछ नए केस आए, जिसमें बच्चें अपने इमोशन एआई को बताते हैं और सलाह लेते हैं। उनका कहना हैं कि एआई की मदद लें, लेकिन पूरा अधिकार न दें। बच्चें यहां तक अपनी जन्म की पत्र को देकर कुंडली बनाते हैं जो सही नहीं होता हैं। एआई की मदद आप अपनी क्रिएविटी को बढ़ाने में करना चाहिए। हमेशा रिफरेंस के जैसा लेकर चले। इस्तेमाल करने समय डेटा वाले काम खुद से ही करें, क्योंकि एआई पैटर्न पर काम करता हैं और पहले से ही मोबाइल में बहुत डेटा मौजूद रहता हैं। अपने इमोशनल समय में परिवार के साथ डील करें और एजुकेशन के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं।



छोटे बच्चों को पढ़ाती, एआई की मदद से उनके लिए नोट्स तैयार करती

स्टूडेंट खुशी बागवानी ने बताया कि मैं छोटे बच्चों को पढ़ाती हूं, जिससे उनके लिए एआई की मदद से नोट्स को तैयार करती हूं। साथ ही उनके टेस्ट के लिए इसकी मदद लेती हूं। मैं इसके साथ पोस्टर डिजाइन करती हूं, जैसे कैंनव में कैप्शन लिखना, कलर का इस्तेमाल, फांट व पोस्टर के साथ अन्य कामों के लिए एआई की मदद लेती हूं। इससे घरवाले भी खुश रहते हैं और दोनों कामों के लिए सर्पोट करते हैं। एआई का सही प्रॉम आपके कामों को आसान करता हैं।



एआई से सेल्फ डाउट व इमोशन को लेकर बात पॉजिटिव रिजल्ट आया

स्टूडेंट जनावी देशमुख ने बताया की क्लास में टॉपिक न समझने पर घर में एआई की मदद से उसको समझाती और सिलेबस को कंप्लीट करती हूं। सिलेबस से हटकर जानने की जिज्ञास में एआई बहुत करती हैं। एक टाइम आया था जब परिवार के लोग सरकारी जॉब के तैयारी के लिए कहा तो मैं थोडा परेशान हो गई, क्योंकि मुझे आईटी में काम करना था। तब एआई की मदद से अपने फिल्ड में ही कई सरकारी नौकरी की तालाश की। सेल्फ डाउट व इमोशन को लेकर बात की और पॉजिटिव रिजल्ट आया।



लोभ से उत्पन्न होते हैं अनेक कषाय इससे आत्मा को बचाने का करें पुरुषार्थ

रायपुर। विवेकानंद नगर स्थित श्री ज्ञानवल्लभ उपाश्रय में जारी सर्वमंगलमय वर्षावास की प्रवचनमाला में मंगलवार को मुनिश्री संवेगरत्न सागर जी म.सा. ने लोभ कषाय से सावधान रहने का संदेश दिया। आचार्य वीरभद्राचार्य रचित 'आतुर प्रत्याख्यान' ग्रंथ के माध्यम से उन्होंने लोभ ध्यान के स्वरूप और उससे उत्पन्न होने वाले अन्य कषायों की व्याख्या की।

मुनिश्री ने कहा कि मानव भव प्राप्त करने के बाद भी जीव उस गर्त को भरने में लगा है, जो कभी भरता ही नहीं। अधिक पाने की लालसा ही लोभ कषाय है। लोभ ध्यान अन्य ध्यानों और कषायों की उत्पत्ति का कारण बनता है। जहां लोभ है, वहां अन्य कषायों की कतार है। मुनिश्री ने कहा कि किसी पदार्थ की प्राप्ति की इच्छा लोभ ध्यान से उत्पन्न होती है। उसकी प्राप्ति के लिए जीव माया में प्रवृत्त होता है। अधिक प्राप्ति की अभिलाषा मोह को जन्म देती है और प्राप्त पदार्थ को बनाए रखने के लिए मान का ध्यान आता है। इच्छानुसार स्थिति न रहने पर क्रोध उत्पन्न होता है। इस प्रकार एक लोभ कषाय जीव को अनेक कषायों में उलझा देता है।



लोभ ध्यान अत्यंत शीघ्र विकसित होने वाला है

मुनिश्री ने कहा कि लोभ ध्यान के साथ द्वेष आदि भाव भी उत्पन्न होते हैं। संसार में जीव अनंत भवों से धर्मश्रवण करता आया है, फिर भी लोभ कषाय में उलझा रहता है। लोभ जीव को विषय-पदार्थों की ओर आकर्षित कर आत्मस्वरूप से दूर करता है।मुनिश्री ने कहा कि लोभ ध्यान अत्यंत शीघ्र विकसित होने वाला है। इससे सावधान रहकर लोभ से आत्मा का संरक्षण करना चाहिए। बाह्य पदार्थों की प्राप्ति के बजाय आत्मकल्याण की दिशा में पुरुषार्थ करना है।

बच्चों की परवरिश में संवाद और भावनात्मक जुड़ाव जरूरी

रायपुर। रोटरी क्लब ऑफ रायपुर कॉस्मो डिवॉस की ओर से रिवरडेल वर्ल्ड स्कूल, कोटा के सहयोग से 'परवरिश' विषय पर विशेष पैरेंटिंग सत्र आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रसिद्ध पैरेंटिंग कोच और वक्ता सुशांत कालरा मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। सत्र में रोटरी क्लब ऑफ रायपुर कॉस्मो डिवॉस के सदस्यों और उनके जीवनसाथियों के साथ रोटरी क्लब ऑफ रायपुर कॉस्मोपॉलिटन के सदस्यों ने भी बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम में बच्चों के बेहतर पालन-पोषण और उनके सर्वांगीण विकास से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा की गई। पैरेंटिंग विशेषज्ञ सुशांत कालरा ने सकारात्मक पैरेंटिंग, सार्थक संवाद और बच्चों को जिम्मेदार, आत्मनिर्भर एवं आत्मविश्वासी बनाने के तरीकों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बच्चों के विकास में माता-पिता की भूमिका केवल उनकी जरूरतें पूरी करने तक सीमित नहीं है। अभिभावकों को बच्चों के साथ गुणवत्तापूर्ण समय बिताना चाहिए, उनकी बातों को ध्यान से सुनना चाहिए और उनके साथ भावनात्मक रूप से जुड़ना चाहिए। उन्होंने रोजमर्रा की बातचीत और व्यवहार में छोटे-छोटे सकारात्मक बदलावों के जरिए बच्चों के साथ बेहतर संबंध बनाने के व्यावहारिक तरीके भी बताए।



सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित किया

सत्र के दौरान अभिभावकों ने पैरेंटिंग से जुड़े विभिन्न पहलुओं को समझा और बच्चों के व्यवहार, संवाद तथा भावनात्मक जरूरतों को लेकर उपयोगी सुझाव प्राप्त किए। सुशांत कालरा के व्यावहारिक दृष्टिकोण ने प्रतिभागियों को अपनी पैरेंटिंग शैली पर विचार करने और उसमें सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का आयोजन रिवरडेल वर्ल्ड स्कूल परिसर में किया गया। आयोजन में स्कूल के कार्यकारी निदेशक सौरभ अग्रवाल और आकांक्षा गोयल का विशेष सहयोग रहा। ज्ञानवर्धक सत्र के बाद दोपहर के भोज का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित सदस्यों ने आपस में विचार साझा किए। आयोजकों के अनुसार, यह सत्र अभिभावकों को बच्चों की परवरिश को नए दृष्टिकोण से समझने में उपयोगी रहा।

कार्नर न्यूज

उद्यान का नाम पंकज शर्मा के नाम पर करने की घोषणा

अल्पायु में रचा पत्रकारिता का अमर इतिहास पंकज शर्मा की प्रतिमा का हुआ अनावरण

रायपुर। वरिष्ठ पत्रकार स्व. पंकज शर्मा की जयंती पर मंगलवार को उनकी प्रतिमा का अनावरण किया गया। समारोह में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक सुनील सोनी, मोतीलाल साहू और अनुज शर्मा सहित पत्रकारिता एवं सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोग मौजूद रहे। आयोजन पंकज गार्डन में हुआ।

समारोह को संबोधित करते हुए हरिभूमि-आईएनएच न्यूज के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने कहा कि यह अद्भुत क्षण है। यह महज प्रतिमा का अनावरण नहीं है, बल्कि अपने बुजुर्गों और उनके योगदान को याद करने का अवसर है। उन्होंने कहा कि अक्सर यह शिकायत रहती है कि हमें अपने बुजुर्गों की याद नहीं रहती, लेकिन शर्मा परिवार साधुवाद का हकदार है, जिसने इतने वर्षों बाद भी पंकज शर्मा की स्मृति को जीवंत रखने के लिए यह आयोजन किया।



स्कूल का नाम रखने की मांग पर भी पहल



विधायक अनुज शर्मा की मांग पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि उद्यान का नाम बदलकर पत्रकार पंकज शर्मा उद्यान रखने के प्रस्ताव को एमआईसी से मंजूरी मिल गई है। उन्होंने पत्रकार पंकज शर्मा के नाम पर स्कूल का नाम रखने की मांग पर भी पहल करने की बात कही। समारोह में स्व. पंकज शर्मा के पत्रकारिता जीवन और उनके योगदान को याद किया गया। आयोजन समिति के अनुसार, उनकी स्मृति को स्थायी रूप देने के उद्देश्य से प्रतिमा स्थापित की गई है।

वैश्विक पहचान के अद्भुत हस्ताक्षर थे पंकज शर्मा

सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, स्व. पंकज शर्मा जी अद्भुत बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे और वैचारिक रूप से वे अपने युग के अग्रणी विचारकों में से एक थे। रायपुर से निकलकर वैश्विक मंचों तक अपनी पहचान बनाने वाले पंकज जी ने पत्रकारिता को केवल एक व्यवसाय नहीं, बल्कि समाज को दिशा देने का माध्यम माना। भूटान यात्रा के दौरान उनका अचानक इस तरह चले जाना न केवल उनके परिवार के लिए, बल्कि समूचे पत्रकारिता और बौद्धिक जगत के लिए एक कभी न भरने वाला शून्य छोड़ गया। सार्वजनिक संवाद, निष्पक्ष लेखन और गहन तार्किक सोच के क्षेत्र में उनका योगदान इतिहास में हमेशा स्वर्ण अक्षरों में दर्ज रहेगा।

उनका कर्म और योगदान समय से बहुत आगे था

धरसींवा के विधायक पद्मश्री अनुज शर्मा ने कहा, पंकज जी छत्तीसगढ़ के एक ऐसे तेजस्वी सपूत थे, जिन्होंने अपनी असाधारण योग्यता और कर्तव्यनिष्ठा के बल पर रायपुर का नाम राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय पटल पर भी रोशन किया। वे भले ही महज 33 वर्ष की अल्पायु में हमें छोड़कर चले गए, लेकिन उनका कर्म इतना विशाल था कि समय भी उनके कृतित्व के सामने छोटा पड़ गया।

सिटी स्पोर्ट्स

राष्ट्रीय पिक्लबॉल चैंपियनशिप में रिधान और विशाल को स्वर्ण



रायपुर। कोच्ची में आयोजित 10वीं राष्ट्रीय पिक्लबॉल चैंपियनशिप 2026 में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अंडर-12 बॉयज सिंगल्स के फाइनल में रिधान गोयनका ने तमिलनाडु के गणित योगमनी को 15-6 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। अंडर-12 बॉयज डबल्स में रिधान गोयनका और अथर्व पांडे की जोड़ी ने मप्र की उत्कर्ष-हर्ष की जोड़ी को 15-5 से शिकस्त देकर कांस्य पदक हासिल किया। अंडर-19 बॉयज सिंगल्स के खिताबी मुकाबले में विशाल निषाद ने केरलम के गिलाश को 15-3 से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया, जबकि ओपन महिला डबल्स में उर्वशी और दिनेश्वरी की जोड़ी ने कांस्य पदक प्राप्त किया। अंडर-16 वर्ग में अयान (सिंगल्स) तथा अयान व देवाशीष (डबल्स) ने कड़े संघर्ष के बाद कांस्य पदक मुकाबलों तक जगह बनाई। राज्य महासचिव रूपेंद्र सिंह चौहान, कार्यकारी अध्यक्ष सुमित कटारिया, कांक्रीट टीएमटी के अमित जिंदल और कारपोरेट कनेक्ट के संदीप शर्मा ने सभी विजेता व प्रतिभागी खिलाड़ियों को बधाई दी।

सीके नायडू ट्रॉफी के लिए अंडर-23 छत्तीसगढ़ टीम घोषित, वरुण कप्तान



रायपुर। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ (सीएससीएस) ने बीसीसीआई की सीके नायडू ट्रॉफी अंडर-23 (सत्र 2026-27) के शुरुआती 3 मैचों के लिए 16 सदस्यीय टीम घोषित कर दी है। रायपुर में चयन समिति की बैठक के बाद टीम की कमान रायपुर के वरुण सिंह भुई को सौंपी गई है, जबकि राजनांदगांव के बी. बालाजी राव विकेटकीपर होंगे। घोषित टीम में विभिन्न जिलों के प्रतिभावान खिलाड़ियों को शामिल किया गया है, जिनमें रायपुर से कप्तान वरुण सिंह भुई के अलावा अनुराग साहू, आशीष कुमार डहरिया, दर्शील भट्ट, शाश्वत शारदा और शोभित शर्मा; भिलाई से अमरीश कुमार सिंह, दिवाकर ताम्रकार और साहिल रजत शरीफ; बिलासपुर से अंकित कुमार और जितेश धर्मेंद्र कुमार; बी.एस.पी. से मनराज सिंह ढिल्लों और प्रथम जाचक; राजनांदगांव से बी. बालाजी राव; धमतरी से नवदीप समाले तथा नारायणपुर से यश कुमार वरदा को जगह मिली है। टीम के मैचों का शेड्यूल भी जारी कर दिया गया है, जिसके अनुसार छत्तीसगढ़ की टीम अपने अभियान की शुरुआत 12 से 15 अक्टूबर 2026 तक जम्मू में जम्मू-कश्मीर के खिलाफ खेले जाने वाले प्रथम राउंड के मुकाबले से करेगी। इसके पश्चात टीम का दूसरा मुकाबला 19 से 22 अक्टूबर 2026 तक भिलाई में गुजरात के खिलाफ और तीसरा मुकाबला 03 से 06 नवंबर 2026 तक भिलाई में ही मध्य प्रदेश के खिलाफ आयोजित होगा। आगे के चरणों में टीम 18 से 21 जनवरी 2027 तक रायपुर में चंडीगढ़ के खिलाफ, 25 से 28 जनवरी 2027 तक न्यू चंडीगढ़ में पंजाब के खिलाफ तथा 02 से 05 फरवरी 2027 तक दिल्ली में दिल्ली के खिलाफ मैदान पर उतरेगी।

ताइक्वांडो में खिलाड़ियों ने जीते स्वर्ण व कांस्य पदक



भिलाई। इंदौर में 2 से 4 अक्टूबर तक आयोजित 43वीं राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में इंडियन ताइक्वांडो क्लब भिलाई चरोदा के खिलाड़ियों ने प्रदेश का नाम रोशन किया। दुर्ग जिले से गए 6 प्रतिभागियों में कुशिमता साहू ने प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक तथा साँची चौहान ने कांस्य पदक जीता। वहीं जतिन नायक, टी. प्रणय कुमार, पुष्पेंद्र कुमार देवांगन और एक्टिव ताइक्वांडो क्लब के शौर्य वर्मा ने सराहनीय खेल दिखाया। टीम को सहायक कोच अनिल नायक के संरक्षण में भेजा गया था। क्लब के सचिव व मुख्य कोच अनिल कुमार देवांगन, राज्य ताइक्वांडो संघ के कोषाध्यक्ष, टेक्निकल डायरेक्टर व जिला सचिव राकेश पुरी गोस्वामी, बिलासपुर से मुख्य कोच राज कुमार शर्मा तथा महासचिव रामपुरी गोस्वामी ने मार्गदर्शन व बधाई दी। इसके अलावा सांसद विजय बघेल, विधायक ललित चंद्राकर, विधायक प्रतिनिधि सतीश साहू, कार्यकारी अध्यक्ष मोहनपुरी गोस्वामी, पार्षद दीप्ति आशीष वर्मा, डामेंद्र परगनिहा, ओम चंद्राकर, उजागर सिंह, अरुण सिंह, भागीरथी निर्मलकर, अशोक यादव, पूनम चौहान, पूर्णिमा साहू, छत्रपाल साहू एवं सीनियर खिलाड़ियों (हर्ष कुमार शिववंशी, सुजल दास, श्रेया दास, सोनिया सोनी, काव्या यादव, बी अक्षया, शिवानी, हर्षिता कुमारी, शौर्य सींग चौहान, यथार्थ वर्मा, रोशन ताम्रकार, रविंद्र यादव, अविनाश प्रताप सिंह, उत्तम कुमार बौद्ध, चंद्र कुमार साहू, भुवनेश्वरी ठाकुर, मृत्युंजय प्रधान, यीशु यादव, राजेश वर्मा, धंसी चंद्राकर, तरुण) ने विजेताओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

डिजिटल युग और युवाओं की बदलती दिनचर्या के चलते तेजी से बढ़ रही 'ड्राई आइज' की समस्या

स्मार्टफोन, लैपटॉप के ज्यादा इस्तेमाल और अनियंत्रित लाइफस्टाइल से बढ़ रहा आंखों के सूखेपन का खतरा

हाल के वर्षों में डिजिटल तकनीकों पर बढ़ती निर्भरता, स्मार्टफोन और कंप्यूटर स्क्रीन के अत्यधिक इस्तेमाल के कारण युवाओं में आंखों से जुड़ी कई गंभीर और जटिल समस्याओं का निदान किया जा रहा है। इन्हीं में से एक बेहद तेजी से पनपने वाली स्थिति है—'आंखों का सूखापन' यानी 'ड्राई आई सिंड्रोम'। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, करीब एक-दो दशक पहले तक ड्राई आइज की समस्या को बढ़ती उम्र (बुढ़ापे) के साथ होने वाली परेशानी माना जाता था। हालांकि, डिजिटल स्क्रीन के लंबे इस्तेमाल, गलत खान-पान और अनियंत्रित जीवनशैली के चलते अब बहुत ही कम उम्र के युवा और छोटे बच्चे भी इस बीमारी की चपेट में आ रहे हैं।



आखिर क्या है 'ड्राई आई सिंड्रोम'?

आंखों का सूखापन (ड्राई आइज) एक ऐसी चिकित्सकीय स्थिति है, जिसमें हमारी आंखों के अश्रु ग्रंथियां आंखों को पर्याप्त मात्रा में नमी (मॉइस्चर) प्रदान करने में असमर्थ हो जाती हैं। यह समस्या दो मुख्य कारणों से होती है: आंखों में पर्याप्त मात्रा में आंसू न बनना। बनने वाले आंसुओं की गुणवत्ता खराब होना (जिससे वे जल्दी वाष्पित यानी उड़ जाते हैं)।

आंसू केवल रोने के लिए नहीं होते, बल्कि यह हमारी आंखों की ऊपरी परत को चिकना रखने, धूल-मिट्टी को साफ करने और किसी भी प्रकार के बैक्टीरियल या वायरल संक्रमण से बचाने का काम करते हैं। जब आंखों में पर्याप्त आंसू नहीं बनते, तो आंखों की सतह सुरक्षा कवच खो देती है, जिससे संक्रमण का खतरा कई गुना बढ़ जाता है।

ड्राई आइज के प्रमुख लक्षण

वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. डी. एम. भावनानी बताते हैं कि जिस तरह से हमारी आधुनिक लाइफस्टाइल के कारण आंखों की परेशानियां लगातार बढ़ रही हैं, उसे देखते हुए सभी उम्र के लोगों को साल में कम से कम एक बार अपनी आंखों की व्यापक जांच जरूर करानी चाहिए। ड्राई आइज होने पर शरीर कई शुरुआती संकेत देता है, जिन्हें पहचानकर सही समय पर इलाज शुरू करना बहुत जरूरी है:



आंखों में जलन और चुभन: ऐसा महसूस होना मानो आंख में रेत या कंकड़ चला गया हो। प्रकाश के प्रति संवेदनशीलता: तेज धूप या स्क्रीन की रोशनी में देखने में असुविधा होना।

आंखों का लगातार लाल रहना: नमी की कमी के कारण आंखों में सूजन और लालिमा आना। कॉन्टैक्ट लेंस पहनने में परेशानी: लेंस लगाने पर आंखों में बहुत अधिक सूखापन और दर्द महसूस होना। रात में ड्राइविंग में असुविधा: नाइट ड्राइविंग के समय सामने से आने वाली गाड़ियों की हेडलाइट से आंखें चौंधियाना।आंखों से बार-बार पानी आना: यह थोड़ा अजीब लग सकता है, लेकिन जब आंखों में बहुत अधिक जलन और सूखापन होता है, तो मस्तिष्क शरीर को आपातकालीन आंसू पैदा करने का संकेत देता है, जिससे अचानक पानी बहने लगता है। धुंधला दिखाई देना: विशेषकर लंबे समय तक पढ़ने या स्क्रीन देखने के बाद दृष्टि का धुंधला हो जाना।

आंखों में सूखापन क्यों होता है?



डॉ. डी. एम. भावनानी के अनुसार, हमारे आंसू केवल पानी नहीं होते, बल्कि आंसू की फिल्म में मुख्य रूप से तीन परतें होती हैं: फैटी ऑयल लेयर (तेल की परत): जो आंसुओं को जल्दी सूखने से रोकती है। जलीय द्रव लेयर (पानी की परत): जो आंखों को साफ और नम रखती है। म्यूकस लेयर (श्लेष्मा की परत): जो आंसुओं को आंख की सतह पर समान रूप से फैलने में मदद करती है। यदि इन तीनों में से किसी भी एक परत का संतुलन बिगड़ता है, तो ड्राई आइज की समस्या उत्पन्न हो जाती है।

ड्राई आइज के अन्य मुख्य कारण:

लगातार डिजिटल स्क्रीन का इस्तेमाल: कंप्यूटर, लैपटॉप या फोन देखते समय हम सामान्य से 50% कम बार पलकें झपकाते हैं, जिससे आंसू जल्दी सूख जाते हैं।

दुर्ग क्रिकेट अकादमी में आधुनिक बॉलिंग मशीन की सुविधा, बल्लेबाजों की निखरेगी प्रतिभा

दुर्ग। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ (सीएससीएस) की दुर्ग जिला इकाई के जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा खिलाड़ियों को आधुनिक एवं उच्चस्तरीय प्रशिक्षण सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। पं. रविशंकर शुक्ल स्टेडियम स्थित क्रिकेट अकादमी में आधुनिक ऑटोमैटिक बॉलिंग मशीन सहित अत्याधुनिक ट्रेनिंग उपकरणों को शामिल किया गया है।

इससे दुर्ग सहित छत्तीसगढ़ के सीनियर एवं जूनियर खिलाड़ियों को अपनी तकनीक और खेल कौशल निखारने का अवसर मिलेगा। अकादमी में ऑटोमैटिक बॉलिंग मशीन, ऑटोमैटिक फीडर, ब्लूटूथ तकनीक के माध्यम से स्पीड एवं स्विंग कंट्रोल तथा विभिन्न फिटनेस उपकरणों की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इन आधुनिक संसाधनों का उपयोग सीनियर, अंडर-19, अंडर-16, अंडर-14 एवं कैंप में शामिल खिलाड़ियों के प्रशिक्षण के लिए किया जाएगा। इससे खिलाड़ियों को बैटिंग तकनीक, रिएक्शन टाइम, शॉट सिलेक्शन और समग्र खेल कौशल में सुधार करने में मदद मिलेगी।

आधुनिक बॉलिंग मशीन सुविधा का उद्घाटन एक समारोह में जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय अग्रवाल ने मशीन में गेंद डालकर किया। इस अवसर पर श्री अग्रवाल ने कहा कि अकादमी का उद्देश्य छत्तीसगढ़ के प्रतिभाशाली क्रिकेट खिलाड़ियों को राज्य के भीतर ही उच्चस्तरीय प्रशिक्षण सुविधाएं उपलब्ध कराना है। आधुनिक संसाधनों के माध्यम से खिलाड़ियों को प्रोफेशनल स्तर की तैयारी का अवसर मिलेगा और उन्हें बेहतर प्रशिक्षण के लिए दूसरे राज्यों का रुख नहीं करना पड़ेगा। उपाध्यक्ष संजीव श्रीवास्तव ने कहा कि दुर्ग क्रिकेट अकादमी कई वर्षों से प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की पहचान कर उन्हें प्रशिक्षण देने तथा राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने के लिए तैयार करने का कार्य कर रही



है। आधुनिक ट्रेनिंग उपकरणों की उपलब्धता इसी प्रयास को और मजबूती प्रदान करेगी। सचिव प्रमोद पारख ने कहा कि नई सुविधाओं का मुख्य उद्देश्य खिलाड़ियों को आधुनिक प्रशिक्षण उपलब्ध कराना है, ताकि उनकी नियमित प्रैक्टिस में किसी प्रकार की बाधा न आए और वे उच्चस्तरीय क्रिकेट के लिए बेहतर तरीके से तैयार हो सकें। सह सचिव आशीष सूर्यवंशी ने कहा कि अकादमी में अनुशासन, लगन और निष्ठा के साथ प्रशिक्षण पर जोर दिया जाता है।

खिलाड़ियों के निरंतर अभ्यास, फिटनेस और तकनीकी विकास को प्राथमिकता दी जा रही है। कोषाध्यक्ष सुरेश साहू ने इस प्रोजेक्ट को सफल बनाने में सहयोग देने के लिए सीएससीएस रायपुर, जनप्रतिनिधियों, अतिथियों, अभिभावकों, कोचों, खिलाड़ियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी के सहयोग से अकादमी में खिलाड़ियों को आधुनिक प्रशिक्षण सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम संभव हो सका है।

जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ के 50 खिलाड़ी

रायपुर। एथलेटिक्स फेडरेशन आफ इंडिया के तत्वाधान में 41 वी जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन 23 से 27 अक्टूबर तक तमिलनाडू (चेन्नई) के जे एन एथलेटिक्स



स्टेडियम में किया जाएगा। प्रतियोगिता के लिए छत्तीसगढ़ से 50 खिलाड़ियों का चयन किया गया है। छत्तीसगढ़ प्रदेश की टीम 20 अक्टूबर को चेन्नई के लिए रवाना होगी । छत्तीसगढ़ ऐथलेटिक्स संघ के अनुसार हाल ही में आयोजित वेस्ट जोन जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में प्रदर्शन और पदक के आधार पर खिलाड़ियों को चयन प्रक्रिया में प्राथमिकता दी गई है। चयनित खिलाड़ियों में चयनित खिलाड़ियों में अंडर 20 पुरुष वर्ग में तिलक बार्सेल, टी होमेश्वरी राव , देवानन्द साहू , बी नागेश , अभिषेक कुमार जाड़े , आदित्य वर्मा , गजेंद्र ठाकुर , हर्ष निषाद , आलोक कुमार सागर, प्रांजल यादव , दिनकर वर्मा , श्याम जी दुबे , बाबू बेरा , बिरजूराम, अंडर 18 पुरुष वर्ग में मोहनीश कुमार साहू ,कृष्ण पाल सिंह, मद्दारम पोडियामी, पोषण लाल ,लक्ष्मन सोढ़ी, अनिकेत पड्डा ,योगेंद्र सिंह अनुराग एक्का, सुमित कुमार साहू ,मुकुंद वर्मा ,सिद्धार्थ नागेश ,शौर्य अग्रवाल , संदीप पोर्ते, अंडर 16 बालक में बीरेंद्र ध्रुव , शिवराज दुग्गा,अंडर 14 बालक में रोहित वेंडजा, मनकुराम मुरामी, नीतीश कुमार मिडीयाम किरण पटेल , बालिका 16 वर्मा में किच्चै बिमला, दंतेश्वरी निषाद, संतोषी बन्दरी, मान्यता साहू ,अंजलि करम।महिला अंडर 18 वर्ष किरण ध्रुव , अदिति कुमार सा , अरशिन खान, रानू भोगामी , सुशीला खुरामी, पूनम मखान सिंह , महिला अंडर 20 वर्ष में दर्शनिक मिश्रा, नन्दनी साहू,तानिया केवट,कुमारी शीतल, सोनिका राजवाड़े शामिल हैं।



दोनों वर्गों में तमिलनाडु,आंध्र व पुडुचेरी फाइनल में पहुंचे

भिलाई। बीएसपी बॉल बैडमिंटन क्लब एवं छत्तीसगढ़ बॉल बैडमिंटन एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तथा बॉल बैडमिंटन फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा प्रमोटेड 45वीं सब जूनियर राष्ट्रीय बॉल बैडमिंटन चैंपियनशिप 2026-27 का भव्य आयोजन बीएसपी बॉल बैडमिंटन स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, सेक्टर-4, भिलाई में जारी है।

- बीएसपी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स सेक्टर-4 में जारी है 45वीं सब जूनियर राष्ट्रीय बॉल बैडमिंटन चैंपियनशिप

3 से 7 अक्टूबर 2026 तक आयोजित इस पांच दिवसीय राष्ट्रीय प्रतियोगिता के तीसरे दिन बालक एवं बालिका दोनों वर्गों में कई बेहद रोमांचक और संघर्षपूर्ण मुकाबले खेले गए। बालक वर्ग के मुकाबलों में छत्तीसगढ़ ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए तेलंगाना को 35-23, 35-26 से पराजित किया, वहीं बिहार ने केरल को 35-26, 35-30 से मात दी।



अन्य मैचों में तमिलनाडु ने मेजबान छत्तीसगढ़ को 35-16, 35-21 से, आंध्र प्रदेश ने बिहार को 35-27, 35-23 से, पुडुचेरी ने केरल को 35-25, 35-32 से तथा कर्नाटक ने तेलंगाना को 35-23, 35-19 से हराया। इसके बाद खेले गए बालक वर्ग के पहले सेमीफाइनल मुकाबले में तमिलनाडु ने एकतरफा प्रदर्शन करते हुए कर्नाटक को 35-10, 35-28 से शिकस्त दी, जबकि दूसरे सेमीफाइनल में आंध्र प्रदेश ने कड़े मुकाबले में पुडुचेरी को 35-24, 26-25 से हराकर फाइनल का टिकट हासिल किया।

उधर बालिका वर्ग के लीग एवं प्लेसिंग मैचों में भी खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। बालिका वर्ग में तमिलनाडु ने छत्तीसगढ़ को 35-09, 35-12 से, तेलंगाना ने पुडुचेरी को 35-24, 35-29 से, महाराष्ट्र ने कर्नाटक को 35-15, 35-26 से और आंध्र प्रदेश ने केरल को 35-30, 35-28 से पराजित किया। प्लेसिंग मुकाबलों के तहत छत्तीसगढ़ और आंध्र प्रदेश के बीच हुआ मैच 35-20, 35-20 से तथा तेलंगाना और कर्नाटक के बीच का मैच 35-25, 36-34 से रोमांचक मोड़ पर समाप्त हुआ। इसके पश्चात बालिका वर्ग के पहले सेमीफाइनल में तमिलनाडु ने केरल को 35-30, 35-11 से करारी मात दी, वहीं दूसरे सेमीफाइनल में पुडुचेरी ने शानदार वापसी करते हुए महाराष्ट्र को हराकर खिताबी मुकाबले में अपनी जगह पक्की की।

इस प्रकार बालक वर्ग में तमिलनाडु एवं आंध्र प्रदेश तथा बालिका वर्ग में तमिलनाडु एवं पुडुचेरी की टीमों ने फाइनल में अपना स्थान सुनिश्चित कर लिया है। फाइनल में पहुँचने वाली सभी टीमों को बॉल बैडमिंटन फेडरेशन ऑफ इंडिया के समस्त पदाधिकारियों ने ढेरों बधाइयाँ और शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं। प्रतियोगिता के बहुप्रतीक्षित एवं रोमांचक फाइनल मुकाबले 07 अक्टूबर को सुबह 8:00 बजे से सेक्टर-4 स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स मैदान पर खेले जाएंगे।



बौद्धिक बिसात पर युवा खिलाड़ियों ने दिखाया हुनर जनवरी में राष्ट्रीय मुकाबले के लिए तैयार हुई टीम

भिलाई। छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय (सीएसवीटीयू), भिलाई के तत्वावधान में उदय प्रसाद उदय शासकीय पॉलीटेक्निक, दुर्ग में इंटीग्रेटेड स्टेट लेवल शतरंज प्रतियोगिता 2026-27 का आयोजन संपन्न हुआ।

इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रदेश के 29 विभिन्न पॉलीटेक्निक एवं इंजीनियरिंग महाविद्यालयों से कुल 215 प्रतिभागियों ने पंजीयन कराया, जिसमें 134 बालक और 81 बालिका खिलाड़ी शामिल रहे। टीम इवेंट राउंड के तहत पुरुष वर्ग में 22 तथा महिला वर्ग में 12 टीमों ने हिस्सा लेकर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ आमंत्रित अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसके पश्चात शासकीय पॉलीटेक्निक दुर्ग के आयोजन सचिव व खेल अधिकारी सोमेश यादव ने विभिन्न संस्थानों से पधारे खिलाड़ियों, टीम प्रबंधकों, कोचों एवं अधिकारियों का आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर शासकीय पॉलीटेक्निक दुर्ग के प्राचार्य प्रकाश कुमार पांडेय ने खिलाड़ियों का



उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में खेलों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है और शतरंज जैसा बौद्धिक खेल विद्यार्थियों में एकाग्रता, तार्किक सोच, धैर्य तथा त्वरित व सटीक निर्णय लेने की क्षमता विकसित करता है।

मुकाबले के प्रथम चरण में आयोजित टीम प्रतियोगिता में चार मुख्य खिलाड़ियों और एक आरक्षित खिलाड़ी के आधार पर मैच खेले गए, जहां प्रत्येक राउंड में टीमों को उनके अर्जित अंकों के आधार पर स्थान प्रदान किया गया। स्पर्धा में बालक वर्ग में कुल पांच चरण और बालिका वर्ग में चार चरण खेले गए। पुरुष वर्ग में बेहतरीन रणनीति का प्रदर्शन करते हुए सीजीआईटी बिलासपुर की टीम प्रथम स्थान प्राप्त कर विजेता बनी, जिसमें मोहित कुमार मौर्य, अर्पित कुमार सिंह, शुभम कुमार गिधौरे एवं ज्ञानेंद्र सिंह ने उत्कृष्ट खेल दिखाया। वहीं बीआईटी दुर्ग की टीम उपविजेता रही, जिसका प्रतिनिधित्व मोक्षित मृणाल सेन, अंकुश पटेल, ओम देवांगन, आयुष तिवारी एवं अंकित कुमार साहू ने किया।



फिल्म इवेंट

हॉलीवुड

फेसबुक व्हिसलब्लोअर पर आधारित बहुचर्चित फिल्म 'द सोशल रेकनिंग' प्रदर्शन के लिए तैयार



चर्चित और वैचारिक रूप से झकझोर देने वाली फिल्मों में से एक 'द सोशल रेकनिंग' सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए पूरी तरह तैयार है। यह फिल्म दुनिया के सबसे बड़े सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स में से एक, फेसबुक की चर्चित व्हिसलब्लोअर फ्रांसिस हौगेन के जीवन और उनके द्वारा किए गए ऐतिहासिक खुलासों की सच्ची घटना पर आधारित है। फिल्म में फ्रांसिस हौगेन का मुख्य किरदार हॉलीवुड की प्रतिभाशाली अभिनेत्री मिकी मैडिसन निभा रही हैं, वहीं वॉल स्ट्रीट जर्नल के साहसी पत्रकार का किरदार अभिनेता जेरेमी एलेन व्हाइट द्वारा निभाया गया है।

यह लीगल ड्रामा फिल्म मुख्य रूप से उन संघर्षों और घटनाओं को पर्दे पर उतारती है, जब एक साधारण कर्मचारी ने तकनीक क्षेत्र की दिग्गज और शक्तिशाली कंपनी की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाने का साहस किया। फिल्म में विस्तार से दिखाया गया है कि कैसे फ्रांसिस हौगेन ने कंपनी के भीतर जारी अनैतिक गतिविधियों, उपयोगकर्ताओं की गोपनीयता के उल्लंघन और एल्गोरिदम के दुष्परिणामों से जुड़े अत्यंत संवेदनशील आंतरिक दस्तावेजों को एकत्र किया और वॉल स्ट्रीट जर्नल के पत्रकार के साथ मिलकर उन्हें दुनिया के सामने उजागर किया। इन दस्तावेजों के सार्वजनिक होने के बाद वैश्विक स्तर पर सोशल मीडिया कंपनियों की जवाबदेही और उनके समाज पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभावों को लेकर एक नई बहस छिड़ गई थी। फिल्म जगत के जाने-माने समीक्षकों और हॉलीवुड क्रिटिक्स के बीच 'द सोशल रेकनिंग' को लेकर जबर्दस्त चर्चा देखने को मिल रही है।

टॉलीवुड

'येझु कडल येझु मलाई' की रिलीज, दर्शकों का मिल रहा शानदार रिस्पॉन्स



मलयालम सिनेमा के दिग्गज और लोकप्रिय अभिनेता निविन पॉली की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'येझु कडल येझु मलाई' आखिरकार 1 अक्टूबर को सिनेमाघरों में प्रदर्शित हो चुकी है। तमिल और मलयालम भाषा में एक साथ बनी इस फैंटेसी-रोमांटिक ड्रामा फिल्म को लेकर प्रशंसकों और फिल्म प्रेमियों के बीच जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। 'येझु कडल येझु मलाई' का हिंदी अनुवाद ₹सात समुद्र, सात पर्वत₹ होता है, जो फिल्म के विशाल कैनवास और इसकी गहरी प्रेम कहानी की ओर इशारा करता है। यह फिल्म अमर प्रेम, पौराणिक मान्यताओं और आधुनिक संवेदनाओं के ताने-बाने पर बुनी गई है। इसमें एक ऐसे व्यक्ति की कहानी दिखाई गई है जो समय और सीमाओं से परे अपने सच्चे प्यार की तलाश में सदियों का सफर तय करता है। फिल्म में निविन पॉली के साथ तमिल सिनेमा की बेहतरीन अभिनेत्री अंजलि मुख्य भूमिका में हैं, जबकि अभिनेता सूरी एक बेहद अहम और प्रभावी किरदार निभा रहे हैं। पर्दे पर निविन पॉली और अंजलि की केमिस्ट्री तथा सूरी का सशक्त अभिनय दर्शकों को बांधकर रखता है। सिनेमाघरों में रिलीज होने से पहले ही 'येझु कडल येझु मलाई' ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारी प्रशंसा हासिल कर ली थी। इस फिल्म का वर्ल्ड प्रीमियर प्रतिष्ठित रॉटरडैम अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के 'बिग स्क्रीन कॉम्पिटिशन' वर्ग में हुआ था। इसके अलावा फिल्म को विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर समीक्षकों द्वारा खूब सराहा गया, जहां इसके निर्देशन, सिनेमैटोग्राफी और संगीत की जमकर तारीफ हुई। फिल्म का निर्देशन राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक राम ने किया है, जो 'थंगा मींगल' और 'पेर अनबु' जैसी लीक से हटकर और भावुक फिल्में बनाने के लिए जाने जाते हैं।

भोजपुरी

काजल की कार पर पथराव के बाद अब सोशल मीडिया पर सुरक्षा को लेकर जताई जा रही चिंता



भोजपुरी सिनेमा की बहुचर्चित और लोकप्रिय अभिनेत्री काजल राघवानी से जुड़ी एक बेहद दुखद और चिंताजनक घटना पिछले महीने सामने आई थी, जिसने मनोरंजन जगत और उनके प्रशंसकों के बीच तहलका मचा दिया था। हालांकि इस घटना को लेकर अब भी उनके प्रशंसकों में रोष है। सोशल मीडिया पर सुरक्षा को लेकर प्रशंसक गहरी चिंता जता रहे हैं।

बिहार के नालंदा जिला मुख्यालय बिहार शरीफ में एक नए ज्वेलरी शोरूम का भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया था, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में काजल राघवानी को आमंत्रित किया गया था। अपने पसंदीदा कलाकार की एक झलक पाने के लिए मौके पर हजारों प्रशंसकों की भारी भीड़ जमा हो गई। हालांकि, कार्यक्रम के दौरान स्थिति उस समय अचानक बिगड़ गई जब अनियंत्रित भीड़ के बीच मौजूद कुछ असामाजिक तत्वों ने उनकी कार को निशाना बनाते हुए पथराव कर दिया।

घटना के समय मौके पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई थी, लेकिन काजल राघवानी की लोकप्रियता के चलते उमड़ी अप्रत्याशित भीड़ को संभाल पाना सुरक्षाकर्मियों के लिए बेहद चुनौतीपूर्ण साबित हुआ। देखते ही देखते भीड़ पूरी तरह बेकाबू हो गई और शोरूम के बाहर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। इसी दौरान उपद्रवियों द्वारा किए गए पथराव में अभिनेत्री की कार के शीशे पूरी तरह चकनाचूर हो गए।

नज़ाकत ऐसी भी



लंदन फैशन वीक 2026 की एक खास बात बरबेरी का बहुप्रतीक्षित रनवे प्रेजेंटेशन था। इस मशहूर ब्रिटिश ब्रांड ने एक ऐसा कलेक्शन पेश किया जो उसकी आउटरवियर विरासत का सम्मान करता था, साथ ही इसमें बेहतर सिल्हूट और आधुनिक नज़ाकत भी शामिल थी। शानदार ट्रेंच कोट, बेहतरीन टेक्सचर और सटीक टेलरिंग ने रनवे पर आधुनिक लंदन स्टाइल की झलक दिखाई। सुपरमॉडल रोज़ी हंटिंगटन-व्हाइटली और रोमियो बेकहम ने इस शो में वॉक किया, जिससे प्रेजेंटेशन में स्टार पावर और हर पीढ़ी को पसंद आने वाला आकर्षण जुड़ गया। उनकी मौजूदगी ने बरबेरी की विरासत को मौजूदा सांस्कृतिक प्रभाव के साथ जोड़ने की क्षमता को और मज़बूत किया।

-

हीट स्टाइलिंग से बेजान और डैमेज हो चुके हैं बालों की ऐसे लौटेगी चमक

हम सभा चाहत ह ाक हमार बाल लब, घन, ासल्का आर चमकदार नजर आएं। इसके लिए हम आए दिन कई तरह के महंगे हेयर ट्रीटमेंट करवाते हैं और पार्लर के चक्कर काटते हैं। वहीं, बालों को मनचाहा और आकर्षक लुक देने के लिए हम नियमित रूप से स्ट्रेटनर, कर्लर और ब्लो ड्रायर जैसे हीट स्टाइलिंग टूल्स का सहारा लेते हैं। हालांकि, लगातार और अत्यधिक गर्मी के संपर्क में आने से बालों की प्राकृतिक नमी खत्म हो जाती है, जिससे बाल बेजान, सूखे, कमजोर और डैमेज होने लगते हैं। यदि आपके बाल भी हीट स्टाइलिंग के कारण अपनी चमक खो चुके हैं और तेजी से झड़ने या टूटने लगे हैं, तो चिंता करने की जरूरत नहीं है। सही हेयर केयर रूटीन और कुछ आसान टिप्स अपनाकर आप अपने बालों को दोबारा स्वस्थ और खूबसूरत बना सकती हैं:



स्टाइलिंग से पहले 'हीट प्रोटेक्टेंट स्प्रे' का इस्तेमाल जरूर करें

बालों में किसी भी प्रकार के हीटिंग टूल का इस्तेमाल करने से पहले हीट प्रोटेक्टिंग स्प्रे लगाना बेहद जरूरी है। यह स्प्रे बालों पर एक सुरक्षात्मक परत (प्रोटेक्टिव लेयर) बना देता है, जो हीटिंग टूल्स की तेज गर्मी को सीधे बालों के रेशों तक पहुंचने से रोकता है। इससे बाल जलने से बचते हैं, स्प्लिट एंड्स (दोमुंहे बाल) की समस्या नहीं होती और बालों का प्राकृतिक मॉइस्चर लॉक रहता है।

एलोवेरा जेल से दें गहराई से पोषण

लगातार हेयर स्टाइलिंग के बाद बालों के टेक्सचर में रूखापन आने लगता है और वे डैमेज होने लगते हैं। बालों की इस क्षति को ठीक करने के लिए प्राकृतिक एलोवेरा जेल एक बेहतरीन उपाय है। आप एलोवेरा के ताजे पौधे से पत्तियों को काटकर सीधे उसका जेल निकाल सकती हैं। इसे स्कैल्प से लेकर बालों की पूरी लंबाई (लेंथ) तक अच्छी तरह लगाएं। एलोवेरा में मौजूद एमीनो एसिड और विटामिन्स बालों को गहराई से हाइड्रेट कर उनका रूखापन दूर करते हैं।

हर वॉश के बाद कंडीशनर और हेयर सीरम का प्रयोग

बालों को शैम्पू से धोने के बाद कभी भी कंडीशनर का स्टेप न छोड़ें। कंडीशनर आपके बालों को सही मात्रा में नमी प्रदान करता है और उन्हें उलझने से बचाता है। इसके अलावा, बाल हल्के सुखाने के बाद अपनी आवश्यकतानुसार हेयर सीरम का इस्तेमाल जरूर करें।

मेंस फैशन में जरूर होने चाहिए कुछ खास ग्रूमिंग प्रोडक्ट्स



सब-हेडिंगः ऑफिस के बाद पार्टी, डेट या मीटिंग में दिखना चाहते हैं तरोताजा? ये आसान ग्रूमिंग किट बनाएगी आपका काम आसान

आमतौर पर महिलाओं के हैंडबैग में आपको तरह-तरह के ब्यूटी प्रोडक्ट्स और स्किनकेयर आइटम्स आसानी से मिल जाते हैं, लेकिन आपने शायद ही कभी किसी पुरुष को देखा हो जो नियमित रूप से अपने बैग में ग्रूमिंग किट लेकर चलता हो। अक्सर पुरुष अपनी त्वचा की देखभाल और ग्रूमिंग को नजरअंदाज कर देते हैं, जबकि सच यह है कि ग्रूमिंग प्रोडक्ट्स जितने महिलाओं के लिए जरूरी हैं, पुरुषों की पर्सनैलिटी और त्वचा के स्वास्थ्य के लिए भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं। अगर आपको ऑफिस खत्म होने के बाद अचानक किसी पार्टी, दोस्तों के साथ गेट-टुगेदर, किसी खास डेट या फिर क्लाइंट मीटिंग में जाना हो, तो यह छोटी-सी ग्रूमिंग किट आपके बेहद काम आएगी। भले ही आप पूरा दिन एयर-कंडीशंड ऑफिस में बैठते हों और धूप या प्रदूषण के संपर्क में कम आते हों, फिर भी दिन ढलते-ढलते धूल, पसीने और ऑयल के कारण आपका चेहरा बेजान, तैलीय और थका हुआ नजर आने लगता है। चूंकि आप ऑफिस में दोबारा नहा नहीं सकते, इसलिए सबसे समझदारी भरा तरीका यही है कि आप अपने डेस्क के ड्रॉवर या बैग में एक छोटी-सी 'मेंस ग्रूमिंग किट' हमेशा साथ रखें। आइए जानते हैं कि पुरुषों के डेली ग्रूमिंग किट में कौन-कौन से प्रोडक्ट्स जरूर शामिल होने चाहिए:





जेंटल फेस वॉश

आपकी ऑफिस स्किनकेयर किट में एक अच्छा और माइल्ड फेस वॉश सबसे पहला और जरूरी प्रोडक्ट है। दिनभर कंप्यूटर स्क्रीन के सामने बैठने और काम के तनाव से चेहरे पर ऑयल जम जाता है। शाम को घर से बाहर निकलने या किसी से मिलने से पहले एक बार माइल्ड फेस वॉश से चेहरा धो लें। ऐसा फेस वॉश चुनें जो आपकी स्किन टाइप (ऑइली, ड्राई या कॉम्बिनेशन) के अनुकूल हो और जो त्वचा को बिना ड्राई किए अतिरिक्त तेल और गंदगी को तुरंत हटा दे।

एक्ने से लेकर टैनिंग की समस्या से निजात पाने के लिए एक्सपर्ट के बताए गए ये नुस्खे

स्किन को स्पॉटलेस बनाए रखने में काफी मेहनत लगती है। कभी चेहरे पर एक्ने हो जाते हैं या टैनिंग की समस्या के कारण चेहरा भद्दा नजर आता है। त्वचा संबंधी समस्याओं को कम करने के लिए आप घरेलू नुस्खे आजमा सकती हैं।

टैनिंग से छुटकारा कैसे पाएं?

धूप के अधिक एक्सपोजर के कारण टैनिंग की समस्या हो जाती है। टैनिंग के कारण चेहरे भद्दा नजर आता है। टैनिंग से छुटकारा पाने के लिए आप टमाटर का इस्तेमाल कर सकती हैं। टमाटर में लाइकोपीन पाया जाता है, जिसमें एंटी-ऑक्सीडेंट गुण पाए जाते हैं। टमाटर में बेटाकेरोटिन, विटामिन सी और ई भी होते हैं। टमाटर को धोकर दो टुकड़ों को में काट लें। अब टमाटर को पूरे चेहरे पर लगाएं। करीब 10-15 मिनट बाद ठंडे पानी से चेहरा धो लें।

टैनिंग रिमूव करने के लिए चेहरे पर नींबू का इस्तेमाल न करें। नींबू के कारण चेहरे पर इरिटेशन हो सकती है। नींबू फोटो सेंसिटिविटी को बढ़ाता है। ऐसे में अगर आप धूप में जाएंगी,



तो चेहरा जल्दी काला पड़ सकता है। नींबू प्रकाश संवेदनशीलता को भी बढ़ाता है और सूरज के संपर्क में आने पर त्वचा के काले पड़ने की संभावना अधिक हो जाती है।

ऑयली स्किन पर क्या लगाएं?

ऑयली स्किन पर मुल्तानी मिट्टी और बेंटोनाइट क्ले का उपयोग किया जाता है। 4 चम्मच मुल्तानी मिट्टी में गुलाब जल मिलाएं। इस पेस्ट का इस्तेमाल चेहरे पर करें और 15 मिनट बाद फेस वॉश कर लें। बेसन का इस्तेमाल ज्यादा ऑयली स्किन पर किया जा सकता है, लेकिन नॉर्मल और ड्राई और सेंसिटिव त्वचा के लिए बेसन का उपयोग करने से बचें।

साड़ी में दिखना चाहती हैं कर्वी, तो फॉलो करें कुछ जरूरी टिप्स

फेस्टिवल सीजन हो या फिर शादी का सीजन साड़ी पहनना हर लड़की को पसंद होता है। किसी को हैवी डिजाइन वाली साड़ी पहनना पसंद होता है तो किसी को लाइट या फिर प्लेन साड़ी ज्यादा पसंद होती है। आप भी अपने हिसाब से पसंद करके साड़ी वियर करती होगी। लेकिन कई बार ऐसा होती है कि साड़ी पहनने के बाद अच्छी नहीं लगती क्योंकि उसमें हमारी फिगर कर्वी नहीं लगती। इसके लिए आपको कई सारी ऐसी टिप्स है जिन्हें फॉलो करना चाहिए। तभी आप अच्छे तरीके से साड़ी वियर कर पाएगी।

साड़ी के फेब्रिक का रखें ध्यान

जब भी आप साड़ी खरीदें तो उसके फेब्रिक का खास ध्यान रखें। ऐसा इसलिए क्योंकि पतले होने पर अगर आप मोटे फेब्रिक की साड़ी पहनेंगी तो आप मोटी नजर आएगी। साथ ही साड़ी सही तरीके से बांध नहीं पाएंगी। इसी के साथ कर्वी फिगर भी नहीं शो हो पाएगी। इसलिए जब भी अपने लिए साड़ी खरीदें तो फेब्रिक का खास ध्यान रखें। इससे आपका लुक परफेक्ट लगेगा साथ ही हर कोई आपकी तारीफ करेगा।



साड़ी के साथ खरीदें सही पेटिकोट

जब भी हम साड़ी खरीदने जाते हैं तो पेटिकोट और ब्लाउज का खास ध्यान रखते हैं, ताकि साड़ी पहनें तो वो सबसे अच्छी लगे। इसके लिए हम मैचिंग पेटिकोट (सिल्क साड़ी डिजाइन) खरीदते हैं लेकिन आपको जरूरत है सही साइज का पेटिकोट खरीदने की। ऐसा इसलिए क्योंकि इसे पहनेंगी तभी साड़ी में आपका लुक परफेक्ट लगेगा। इसके लिए आजकल साड़ी ड्रेप वियर वाले पेटिकोट आते हैं। जिनमें साड़ी आसानी से बंध जाती है साथ ही इसमें शेप भी काफी अच्छी आती है।

कार्नर न्यूज नवरात्रि, दशहरा, दीपावली, देवउठनी एकादशी और शहनाइयों के इस रंगीन सीजन में बांधनी प्रिंट का सदाबहार ट्रेंड

पितृपक्ष के बाद शुरू होगा उत्सवों का दौर, नवरात्रि से लेकर शादियों के सीजन तक बांधनी सूट से पाएं परफेक्ट फेस्टिव लुक

पितृपक्ष (श्राद्ध पक्ष) की समाप्ति के बाद चारों तरफ भक्ति, उल्लास और उत्सवों की सुखद आहट शुरू हो जाएगी। (आश्विन) नवदुर्गा उत्सव (नवरात्रि) की शुरुआत 11 अक्टूबर रविवार को घटस्थापना (कलश स्थापना) के साथ हो रही है और इसका समापन 20 अक्टूबर मंगलवार को विजयादशमी (दशहरा) के साथ होगा। जिसके बाद करवाचौथ, धनतेरस, रौशनी का त्योहार दीपावली और फिर देवउठनी एकादशी का आगमन होगा। देवउठनी एकादशी के साथ ही मांगलिक कार्यों की शुरुआत होगी और शहनाइयों व शादियों का लंबा सीजन शुरू हो जाएगा।

त्यौहारों और शादियों के इस लंबे और रौनक भरे माहौल में हर महिला सबसे खास, खूबसूरत और पारंपरिक लुक पाना चाहती है। कोई इंडो-वेस्टर्न आउटफिट चुनती है तो कोई पारंपरिक एथनिक वेयर। अगर आप इस पूरे फेस्टिव और वेडिंग सीजन में कुछ नया, क्लासी और एवरग्रीन ट्राई करना चाहती हैं, तो 'बांधनी प्रिंट' के आउटफिट्स सबसे बेहतरीन विकल्प हैं। बांधनी



प्रिंट न केवल भारत की सांस्कृतिक धरोहर का हिस्सा है, बल्कि इसका चमकीला और जीवंत रंग-रूप हर त्यौहार और शादी-ब्याह के माहौल में चार चांद लगा देता है। बाजार में इन दिनों बांधनी सूट के ढेरों नए और आकर्षक डिजाइन्स मौजूद हैं। आइए जानें कि नवरात्रि के डांडिया नाइट से लेकर दीपावली की पूजा और शादियों के फंक्शंस तक आप बांधनी सूट को किस-किस तरह से स्टाइल कर सकती हैं:

अनारकली बांधनी कुर्ता सेट (नवरात्रि और गरबा रास के लिए बेस्ट)

यदि आपकी हाइट लंबी है या आप थोड़ा रॉयल लुक चाहती हैं, तो अनारकली बांधनी सूट आपके लिए एकदम सही चुनाव है। इसमें पूरे कुर्ते पर खूबसूरत बांधनी प्रिंट होता है और नेकलाइन (गले) पर बारीक गोटा-पट्टी, जरी या सीक्वेंस का काम इसे और भी खास बनाता है। स्टाइलिंग टिपः नवरात्रि और गरबा के मौके पर आप फ्रंट-स्लिट (सामने से कट वाली) अनारकली कुर्ती पहन सकती हैं। इसके साथ प्लेन बॉटम और मैचिंग दुपट्टा लें। अपने इस लुक को ऑक्सीडाइज्ड सिल्वर ज्वेलरी (भारी झुमके और कड़े) के साथ कंप्लीट करें।

हेवी सलवार पैंट स्टाइल बांधनी सेट(दीपावली पूजा और धनतेरस के लिए)

आजकल पारंपरिक सलवार सूट में कई नए फ्यूजन डिजाइन्स देखने को मिल रहे हैं। सलवार पैंट स्टाइल कुर्ता सेट इस फेस्टिव सीजन का सबसे हॉट ट्रेंड बना हुआ है। इसमें कुर्ती पर प्रिंटेड बांधनी डिजाइन होता है।



पितृपक्ष के बाद शुरू होगा उत्सवों का दौर, नवरात्रि से लेकर शादियों के सीजन तक बांधनी सूट से पाएं परफेक्ट फेस्टिव लुक